दैनिक
नवप्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

RNI NO.CHHIN/2012/41806 रायपुर, रविवार 5 दिसंबर 2021, कृष्ण पक्ष अमावस्या, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-288 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

उत्तर प्रदेश को अपने कार्यकाल में प्रश्न प्रदेश बनाने वाले टीपू अपनी पंचर सायकल को तेजी से दौड़ाने की जी तोड़ कोशिश कर रहे है। नित नए शिगूफे छोड़ रहे है। पहले चिलमजीवी सरकार को उखाड़ फेंकने का दावा करने वाले टीपू अब अपने गठबंधन को गुलदस्ता बता रहे है और एक रंग वाली भाजपा को सत्ता से बेदखल करने का दम भर रहे है। बसपा और कांग्रेस जैसी पार्टियों को किसी गिनती में न रखने वाले अखिलेश का यह अतिआत्मविश्वास उनको भारी पड़ सकता है। वह भूल गए है कि मरा हुआ हाथी भी सवा लाख का होता है।

सूर्योदय

उदय : 7.03 प्रात:

अस्त : 5:19 संध्या

जनसंख्या

विश्व : 7,911,093,500

भारत : 1,399,667,980

बाजार

सेंसेक्स : 57,696.46

निफ्टी : 17,196.70

गोल्ड : 46,900 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 61,600 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.64 प्रति नग

दिवस

विश्व मृदा दिवस: मिट्टी की गुणवत्ता को बेहतर बनाने और मिट्टी के संसाधनों के सतत प्रबंधन के लिए दुनियाभर में हर साल 5 दिसंबर को विश्व मृदा दिवस मनाया जाता है। यूएन की खाद्य एजेंसी के मुताबिक, हमारे भोजन का 95 प्रतिशत हिस्सा मिट्टी से ही आता है। पहली बार इस दिवस को पूरे विश्व में 05 दिसंबर 2014 को मनाया गया था। इस दिवस को मनाने का उदेश्य किसानो के साथ आम लोगों को मिट्टी की महत्ता के बारे में जागरूक करना है। इस दिवस को खाद्य व कृषि संगठन द्वारा मनाया जाता है।

केंद्र के साथ बात करने किसान मोर्चा ने बनाई 5 सदस्यीय कमेटी

7 को फिर होगी एसकेएम की बैठक

नई दिल्ली। किसान आंदोलन के भविष्य की राह तय करने को सिंघु बॉर्डर पर शनिवार को हुई संयुक्त किसान मोर्चा (SKM) की बैठक के बाद किसान नेता राकेश टिकैत ने कहा कि भारत सरकार से बात करने के लिए 5 सदस्यीय कमेटी बनाई गई है। सरकार से बात करने के लिए यह अधिकृत बॉडी होगी। इस कमेटी में बलबीर सिंह राजेवाल, शिव कुमार कक्का, गुरनाम सिंह चढ़ूनी, युद्धवीर सिंह और अशोक धवले शामिल होंगे।

टिकैत ने कहा कि संयुक्त किसान मोर्चा की अगली बैठक 7 दिसंबर को दोबारा से सिंघु बॉर्डर पर 11 से 12 बजे होगी। सिंघु बॉर्डर पिछले वर्ष नवंबर से शुरू हुए किसान आंदोलन का अहम केंद्र रहा है। यह कमेटी सरकार से एमएसपी, मृतक किसानों को मुआवजा समेत सभी मामलों पर बातचीत करेगी। हालांकि, केंद्र सरकार ने अब आधिकारिक तौर पर तीनों विवादस्पद कृषि कानूनों को वापस ले लिया है।

किसान नेता दर्शन पाल सिंह ने कहा कि सभी किसान संगठनों के नेताओं ने कहा कि जब तक किसानों के ■ शेष पृष्ठ 6 पर

राकेश टिकैत को मिलेगा इंटरनेशनल सम्मान

21वीं सदी के आइकन पुरस्कार के लिए चुना गया नाम

गाजियाबाद। किसान आंदोलन के सबसे बड़े चेहरे के रूप में उभरे भारतीय किसान यूनियन (बीकेयू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत का नाम लंदन की स्क्वायर वाटरमेलन कंपनी द्वारा सालाना दिए जाने वाले '21 सेंचुरी आइकन अवॉर्ड' के लिए अंतिम सूची में शामिल किया गया है।

बीकेयू उत्तर प्रदेश के उपाध्यक्ष राजबीर सिंह ने बताया कि पुरस्कार 10 दिसंबर को दिया जाएगा। टिकैत ने बताया कि मैं पुरस्कार लेने के लिए लंदन नहीं जा रहा हूं, क्योंकि मैं प्रदर्शन में व्यस्त हूं। उन्होंने कहा कि वह तब पुरस्कार स्वीकार करेंगे जब किसानों की मांगों को मान लिया जाएगा। बता दें कि, किसान आंदोलन के करीब एक साल बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में तीनों ■ शेष पृष्ठ 6 पर

देश में मिला ओमीक्रोन का तीसरा केस

जिम्बॉम्बे से गुजरात लौटे शख्स में पाया गया कोरोना नया वैरिएंट

अहमदाबाद (ए.)। देश में कोविड-19 के नए वैरिएंट ओमीक्रोन का तीसरा केस सामने आया है। गुजरात के जामनगर में एक शख्स में कोरोना के ओमीक्रोन वैरिएंट की पुष्टि हुई है। यह शख्स जिम्बॉब्वे से लौटा है। शख्स के सैंपल पुणे भेजे गए हैं। इससे पहले कर्नाटक में ओमीक्रोन के दो केस सामने आ चुके हैं। नए कोविड-19 वैरिएंट को लेकर सरकार ने सतर्कता बरतनी शुरू कर दी है।

ओमीक्रोन वैरिएंट के खतरे को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने छह राज्यों को चिट्ठी लिखकर चिंता जताई है। इन छह राज्यों में केरल, जम्मू कश्मीर, तमिलनाडु, कर्नाटक, ओडिशा और मिजोरम शामिल हैं।

कर्नाटक में मिले थे 2 केस

इससे पहले कर्नाटक में 66 साल और 46 साल के शख्स में ओमीक्रोन संक्रमण पाया गया है। ओमीक्रोन से संक्रमित पहला व्यक्ति दक्षिण अफ्रीका से आया था। यह यात्री ठीक होने के बाद भारत से लौट चुका है। उसके संपर्क में आने वाले सभी लोगों का कोरोना टेस्ट नेगेटिव आया है।

संक्रमितों में गंभीर लक्षण नहीं

स्वास्थ्य मंत्रालय के संयुक्त सचिव लव अग्रवाल ने बताया कि कोरोना के ओमीक्रोन वेरिएंट के अभी तक कोई गंभीर लक्षण रिकॉर्ड नहीं किए गए हैं। अग्रवाल ने कहा कि कोविड के नए वेरिएंट ओमीक्रोन के बारे में बहुत से फैक्ट साइंस के जरिये सामने आने वाले हैं। भविष्य में जो भी निर्णय लिए जाए वे सभी निर्णय वैज्ञानिक तथ्यों के सामने आने के बाद ही लिए जाने चाहिए।

वहीं दूसरे रोगी की कोई ट्रैवल हिस्ट्री नहीं है। उसके संपर्क में आने वाले 5 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। हालांकि, राहत की बात है कि दोनों रोगियों में कोरोना के हल्के लक्षण थे। अब दोनों लोग ठीक हो चुके हैं।

ओमिकॉन के बीच थोड़ी राहत, देश में कोरोना के एक्टिव मामले 1 लाख से कम

नई दिल्ली (ए.)। पूरी दुनिया में ओमिकॉन की दहशत के बीच देश में कोविड-19 के 8,603 नए मामले सामने आए हैं, जिसके बाद कुल संक्रमितों की संख्या बढ़कर 3,46,24,360 हो गई। वहीं उपचाराधीन मरीजों की संख्या घटकर 99,974 रह गई। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से सुबह आठ बजे जारी लेटेस्ट आंकड़ों के अनुसार, शनिवार को 415 लोगों की कोरोना वायरस से मौत की पुष्टि हुई, जिसके बाद मृतकों की संख्या बढ़कर 4,70,530 हो गई। पिछले 160 दिन से कोविड-19 के 50,000 से कम दैनिक मामले आ रहे हैं।

देश में अब 99,974 मरीजों का उपचार चल रहा है, यह कुल मामलों का 0.29 फीसदी है, जो कि मार्च, 2020 के बाद से सबसे कम है। देश में स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर 98.35 फीसदी है। मंत्रालय के अनुसार, पिछले 24 घंटे में उपचाराधीन मरीजों की संख्या में दो मामलों की कमी हुई है। दैनिक संक्रमण दर 0.69 फीसदी है। पिछले 61 दिनों से यह दो फीसदी से कम है। मंत्रालय ने बताया कि साप्ताहिक संक्रमण दर 0.81 फीसदी दर्ज की गई। पिछले 20 दिनों से यह एक फीसदी से कम है।

आईपीएल : अहमदाबाद टीम की खरीद प्रक्रिया की होगी जांच

■ AGM में बड़ा फैसला

नई दिल्ली। आईपीएल में अगले साल दो नई टीमें जुड़ने जा रही हैं, इनमें से अहमदाबाद टीम को लेकर काफी विवाद हुआ था. इस टीम को सीवीसी कैपिटल ने 5625 करोड़ रुपये में खरीदा था, लेकिन कंपनी को लेकर कई बातें सामने आई थीं. अब बीसीसीआई ने अहम फैसला लेते हुए एक पैनल का गठन किया है, जो कि इस पूरे मामले की जांच करेगा.

कोलकाता में बीसीसीआई की एजीएम बैठक के बाद बोर्ड सचिव जय शाह ने समाचार एजेंसी पीटीआई को बताया कि सीवीसी कैपिटल के मामले में हमने एक पैनल का गठन किया है, जो अहमदाबाद टीम खरीद के मामले में जांच करेगा.

सीवीसी कैपिटल पर आरोप था कि उसका कई सट्टे वाली कंपनियों के साथ संबंध है, जो भारत से बाहर है. इसी को लेकर लंबा विवाद हुआ था, ऐसे में अब बीसीसीआई इस मामले की जांच कर रही है. बता दें कि हाल ही में बीसीसीआई ने दो नई टीमों का ऐलान किया था, आईपीएल में इस बार अहमदाबाद और लखनऊ की टीम शामिल होंगी।

यूपी चुनाव: सपा और कांग्रेस में बढ़ी तल्खी

ममता बनर्जी के मोर्चे का अखिलेश ने किया 'स्वागत'

नई दिल्ली(ए.)। समाजवादी पार्टी के नेता अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि वह तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व वाले वैकल्पिक राजनीतिक मोर्चे में शामिल होने के लिए तैयार हो सकते हैं। अखिलेश यादव इन दिनों 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में भाजपा को चुनौती देने के लिए एक मंच बनाने में व्यस्त हैं। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सत्तारूढ़ पार्टी का सफाया हो जाएगा, जैसे कि बंगाल के चुनावों में ममता बनर्जी ने उनका सफाया कर दिया था।

अखिलेश यादव ने झांसी में संवाददाताओं से कहा, मैं उनका स्वागत करता हूं। जिस तरह से उन्होंने बंगाल में भाजपा का सफाया कर दिया, उत्तर प्रदेश के लोग भाजपा का सफाया कर देंगे। अखिलेश ने कहा, जब समय सही होगा हम इसके बारे में बात करेंगे।

प्रियंका गांधी वाड्रा पर उनके कटाक्ष के लिए पलटवार करते हुए कहा अखिलेश यादव ने कहा, जनता उन्हें मना कर देगी। आगामी चुनाव में उन्हें जीरो सीटें मिलेंगी। आपको बता दें कि प्रियंका ने हाल ही में कहा था कि यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री ने भी कांग्रेस को बट्टा लगाया है।

गुरुवार को, पश्चिमी यूपी के मुरादाबाद में एक रैली में, प्रियंका गांधी ने विरोध प्रदर्शन के दौरान अखिलेश यादव की लखीमपुर से अनुपस्थिति पर सवाल उठाया था।

टल गया खतरा! चक्रवात 'जवाद' के कमजोर पड़ने के आसार

ओडिशा और आंध्र प्रदेश के लिए राहत

नई दिल्ली (ए.)। चक्रवाती तूफान 'जवाद' शनिवार दोपहर तक ओडिशा-आंध्र प्रदेश तट पहुंचने से पहले गहरे दबाव में तब्दील होकर कमजोर पड़ सकता है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पिछले एक साल में 'गुलाब' और 'यास' की मार झेल चुके इन पूर्वी तटीय राज्यों को इससे राहत मिलने की उम्मीद है। भारत मौसम विज्ञान विभाग की ओर से कहा गया, इसके धीरे-धीरे कमजोर पड़ने और अगले 12 घंटे में उत्तर की ओर बढ़ने की उम्मीद है ■ शेष पृष्ठ 6 पर

'मेड इन अमेठी' एके-203 राइफल से दुश्मनों के दांत खट्टे करेंगे जवान

मोदी सरकार ने दी निर्माण को मंजूरी

नई दिल्ली(ए.)। केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार ने उत्तर प्रदेश के अमेठी में 5 लाख से अधिक एके-203 असॉल्ट राइफल के विनिर्माण की योजना को मंजूरी दे दी है। न्यूज एजेंसी पीटीआई ने रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी है। सूत्रों ने कहा कि उत्तर प्रदेश भारत का रक्षा विनिर्माण केंद्र बनने के मार्ग पर है। एक सूत्र ने कहा, यह रक्षा अधिग्रहण में खरीद (वैश्विक) से मेक इन इंडिया तक के सफर में लगातार होते बड़े परिवर्तन को दर्शाता है। यह प्रयास रूस के साथ साझेदारी में किया जाएगा और यह रक्षा क्षेत्र में दोनों देशों के बीच गहरी होती साझेदारी को दर्शाता है।

कोयला घोटाला : हरियाणा की कंपनी पर चला ईडी का चाबुक

227 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त

नई दिल्ली (ए.)। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोयला ब्लॉक आवंटन में अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले की जांच के सिलसिले में हरियाणा की एक कंपनी की 227 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। ईडी ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, ये संपत्ति हिसार, दिल्ली, नोएडा और छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्सों में स्थित जमीन के रूप में प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड, हिसार (हरियाणा) से संबंधित है। ईडी ने कहा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार विनोद दुआ

नई दिल्ली। नहीं रहे वरिष्ठ पत्रकार विनोद दुआ, 67 की उम्र में दिल्ली के अस्पताल में ली आखिरी सांस वरिष्ठ पत्रकार विनोद दुआ का निधन हो गया है। 67 की उम्र में उन्होंने दिल्ली के अपोलो अस्पताल में आखिरी सांस ली है। पारिवारिक सूत्रों ने बताया कि दोपहर करीब साढ़े चार बजे उनका निधन हुआ। दूरदर्शन और एनडीटीवी जैसे समाचार चैनलों के लिए सेवाएं दे चुके दुआ हिंदी पत्रकारिता के जाने माने चेहरा रहे। दुआ को लीवर में संक्रमण के कारण कुछ दिनों पहले परमानंद अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पिछले 5 दिनों से वह अपोलो अस्पताल के आईसीयू में भर्ती थे। दुआ अपने पीछे दो बेटियां छोड़ गए हैं। दुआ की पत्नी का इसी साल जून में कोरोना संक्रमण के कारण निधन हो गया था। दुआ भी कोरोना से लड़े थे और इसके बाद से उनका शरीर लगातार कमजोर होता गया। दुआ का अंतिम संस्कार रविवार दोपहर 12 बजे लोधी श्मशान गृह में किया जाएगा।

67 की उम्र में दिल्ली के अस्पताल में ली आखिरी सांस

नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने लाएंगे कड़े कानून : अमित शाह

नई दिल्ली (ए.)। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सरकार सीआरपीसी और आईपीसी में बदलाव करने की दिशा में काम कर रही है। इसके तहत देश की सुरक्षा के साथ खिलवाड़, नशीले पदार्थ और जाली नोटों जैसे कई अपराधों को जघन्य अपराधों की श्रेणी में लाकर इनसे निपटने के लिए कड़े प्रावधान किए जाएंगे।

हर जिले में मोबाइल फॉरेंसिक लैब

मोदी सरकार राज्य सरकारों के साथ मिलकर फॉरेंसिक साइंस के इस्तेमाल पर बल दे रही है। देश के हर जिले में मोबाइल फॉरेंसिक लैब स्थापित करने की कोशिश की जा रही है। इसके अलावा देश के हर जिले में साइबर अपराध रोकने के लिए एक टीम बनाने का भी प्रयास किया जा रहा है।

एजाज ने लिए 10 में से 10 विकेट, पर न्यूजीलैंड 62 पर ढेर

भारत का न्यूजीलैंड को करारा जवाब

मुंबई। न्यूजीलैंड के स्पिनर एजाज पटेल ने वानखेड़े के मैदान पर कमाल का प्रदर्शन किया। उन्होंने भारतीय पारी के सभी 10 विकेट हासिल करते हुए इतिहास रच दिया। वह ऐसा करने वाले क्रिकेट इतिहास के सिर्फ तीसरे गेंदबाज बने। उनसे पहले यह इंग्लैंड के जिम लेकर और अनिल कुंबले ही ऐसा कर पाए थे। लेकिन इसके बाद भारतीय बोलर्स की बारी थी।

एजाज बने विश्व के तीसरे गेंदबाज

एजाज पटेल के परिवार का एक घर अब भी मुंबई के जोगेश्वरी इलाके में है। उनकी मां ओशिवपारा के एक स्कूल में पढ़ाती थीं। खुद एजाज भी अक्सर वानखेड़े स्टेडियम आकर आईपीएल में मुंबई इंडियंस के मैच देखते थे। उन्होंने कुछ मौकों पर MI के खिलाड़ियों को गेंदबाजी भी की।

दो - टूक

चीन-पाकिस्तान को पीएम मोदी की चेतावनी कहा-

दुनिया में किसी से नहीं दबती आज की सरकार

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहले की सरकार ने हर तरफसेना को निराश करने की कसम खाई थी, लेकिन आज की सरकार दुनिया में किसी के दबाव में नहीं है। कहा कि कुछ दलों को सिर्फ एक खास तबके में ही वोट बैंक नजर आता है। शनिवार को देहरादून के परेड ग्राउंड में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने विपक्ष का नाम लिए बगैर उन पर हमले भी बोले। अपने लगभग 47 मिनट के भाषण में मोदी ने परोक्ष रूप में चीन और पाकिस्तान को भी चेताया। कहा कि आज सीमावर्ती पहाड़ी क्षेत्रों में सैकड़ों किमी नई सड़कें बनी हैं।

मौसम की विकट परिस्थितियों में इनमें तेजी से काम हुए और आतंकियों को मुहं तोड़ जवाब दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि समय के साथ हमारे देश की राजनीति में अनेक प्रकार की विकृतियां आ गई हैं। कुछ राजनीतिक दल समाज में विकृति कर किसी खास धर्म, जाति या अपने इलाके की तरफ ध्यान देते हैं। उन्हें इनमें वोट बैंक नजर आता है। इन दलों ने एक और तरीका अपनाया है और जनता को मजबूत नहीं होने देना चाहते हैं। वे चाहते हैं कि जनता हमेशा मजबूर बनी रहे। जनता को अपना मोहताज बनाओ, ताकि उनका ताज सलामत रहे।

उन दलों का यही प्रयास रहा कि जनता को अनाश्रित बना कर रखो और जनता-जनार्दन को ताकतवर नहीं बनने देना है, जैसे की लोगों को लगे कि सरकार ही उनकी माई बाप है। मोदी ने कहा कि हमने एक नया रास्ता चुना है, वह मार्ग कठिन है लेकिन देशहित में है। सबका साथ, सबका विकास ही हमारा मार्ग है। हम जो भी योजना ■ शेष पृष्ठ 6 पर

वे उत्तराखंड को निखार नहीं सकते

मोदी ने कांग्रेस पर अप्रत्यक्ष रूप से हमला साधा और कहा को जो देशभर में बिखर रहे हैं, वे उत्तराखंड को निखार नहीं सकते हैं। डबल इंजन की सरकार में उत्तराखंड में तेजी के साथ विकास हुआ। इसी विश्वास के साथ एक बार फिर देवभूमि आया हूं। उन्होंने कहा कि जब कुछ करने का जुनून होता है तो सूरत भी बदलती है और सीरत भी बदलती है। सरकार देश की जनता के सपना को पूरा करने के लिए दिन-रात मेहनत कर रही है और देश को आत्मनिर्भरता की तरफआगे बढ़ा रही है।

आश्रित नहीं, आत्मनिर्भर बनाना है

मोदी ने कहा कि हम आपको आश्रित नहीं आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं, हमारा अन्नदाता, ऊर्जा दाता भी बने, इसके लिए योजना लाए। खेत के किनारे मेढ़ पर सोलर परियोजना लगाकर बिजली पैदा करने की सुविधा दी, ताकि उसे किसी पर आश्रित न रहना पड़े। किसानों के इस प्रयास से उन्हें बिजली भी मिली और देश पर बिजली का भार नहीं आया। देशभर में उजाला योजना के तहत एलईडी बल्ब भी दिए गए। पहले घरों के बिल 300-400 रुपये तक आते थे, आज 40 से 50 रुपये तक आ रहे हैं। इससे हर घर में बिजली का बिल भी कम हुआ है। इसी तरह मोबाइल फोन और इंटरनेट सस्ता किया। गांव-गांव में कामन सर्विस सेंटर खोले हैं। इससे गांव के आदमी को भी रेलवे का रिजर्वेशन केलिए शहर नहीं जाना पड़ा।

जहरीला फल खाने से 49 स्कूल बच्चे पड़े बीमार

सिवनी। मध्य प्रदेश के सिवनी में 49 बच्चे जहरीला फल खाने से बीमार पड़ गए हैं। यह घटना एक सरकारी प्राइमरी-मिडिल स्कूल की है। अधिकारियों ने शनिवार को इस मामले की जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक यह स्कूल सिवनी जिले के बारघाट इलाके में स्थित है। बच्चों की तबियत बिगड़ने के बाद बीमार बच्चों को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद 49 को घर भेज दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि स्कूल के पास रतनजोन का पेड़ था। स्कूली बच्चों ने इसी पेड़ से फल तोड़कर खाए थे।

सेल ने अप्रैल से नवम्बर अवधि में किया सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

सिंटर प्लांट-3 ने किया श्रेष्ठ प्रदर्शन, ब्लास्ट फर्नेस-8 ने किया रिकॉर्ड उत्पादन, प्लेट मिल ने रचा नया कीर्तिमान

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के विभिन्न विभागों ने माह अप्रैल से नवम्बर अवधि में उत्पादन के नए रिकॉर्ड दर्ज कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। उत्पादन का नया कीर्तिमान दर्ज कर अपनी श्रेष्ठता सिद्ध की है। इन विभागों में शामिल हैं सिंटर प्लांट-3, ब्लास्ट फर्नेस-8, एसएमएस-3, प्लेट मिल, यूआरएम तथा बीआरएम।

संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 ने अप्रैल से नवम्बर, 2021 अवधि में 33,12,313 टन सिंटर उत्पादन का नया कीर्तिमान रचते हुए वर्ष 2019-20 के अप्रैल से नवम्बर अवधि में दर्ज किए सर्वश्रेष्ठ निष्पादन रिकॉर्ड 31,55,461 टन सिंटर को ध्वस्त किया।

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाई, ब्लास्ट फर्नेस-8 ने अप्रैल से नवम्बर, 2021 अवधि में 16,84,232 टन हॉट मेटल उत्पादन कर पिछले वर्ष 2020-21 के अप्रैल से नवम्बर अवधि में दर्ज किए सर्वश्रेष्ठ निष्पादन रिकॉर्ड 15,99,981 टन हॉट मेटल को पछाड़ कर नया कीर्तिमान रचा है।

सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाई, एसएमएस-3 ने अप्रैल से नवम्बर, 2021 अवधि में 17,31,505 टन कास्ट स्टील प्रोडक्शन कर अप्रैल से नवम्बर अवधि के लिये सर्वश्रेष्ठ उत्पादन का कीर्तिमान रचा है। एसएमएस-3 ने यह रिकॉर्ड पिछले वर्ष 2020-21 के अप्रैल से नवम्बर अवधि में 13,06,961 टन कास्ट स्टील प्रोडक्शन के अपने ही रिकॉर्ड को ध्वस्त करते हुए बनाया है। इसके साथ ही एसएमएस-3 ने कुल कास्ट स्टील उत्पादन के साथ-साथ अप्रैल से नवम्बर, 2021 अवधि में सर्वश्रेष्ठ 10,57,134 टन कास्ट बिलेट उत्पादन और 6,74,371 टन कास्ट ब्लूम उत्पादन का रिकॉर्ड भी बनाया है, जो कि पिछले वर्ष 2020-21 के अप्रैल से नवम्बर अवधि में उत्पादित 7,55,938 टन कास्ट बिलेट और 5,50,694 टन कास्ट ब्लूम उत्पादन के रिकॉर्ड से कहीं अधिक है। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की महत्वपूर्ण इकाई, प्लेट मिल ने अप्रैल से नवम्बर, 2021 अवधि में 78,462 टन बॉयलर प्लेटस् का उत्पादन कर, वर्ष 2017-18 के अप्रैल से नवम्बर अवधि में दर्ज किए सर्वश्रेष्ठ मासिक निष्पादन रिकॉर्ड 69,950 टन को ध्वस्त कर बेस्ट अप्रैल से नवम्बर का नया कीर्तिमान बनाया है। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की मॉडेक्स इकाई, यूआरएम ने अप्रैल से नवम्बर, 2021 अवधि में 4,59,770 टन फिनिश्ड रेल प्रोडक्शन कर पिछले वर्ष 2020-21 के अप्रैल से नवम्बर अवधि में 4,45,712 टन फिनिश्ड रेल प्रोडक्शन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा। यूआरएम ने अप्रैल से नवम्बर, 2021 अवधि में 4,10,523 टन प्राइम रेल प्रोडक्शन कर पिछले वर्ष 2020-21 के अप्रैल से नवम्बर अवधि में 3,99,641 टन प्राइम रेल प्रोडक्शन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए नया कीर्तिमान बनाया है। संयंत्र की अन्य मॉडेक्स इकाई बार एंड रॉड मिल ने भी अप्रैल से नवम्बर, 2021 अवधि में 4,59,132 टन उत्पादन कर नया रिकॉर्ड दर्ज किया बीआरएम ने यह रिकॉर्ड पिछले वर्ष 2020-21 के अप्रैल से नवम्बर अवधि में उत्पादित 1,97,893 टन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ते हुए बनाया है। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सभी फिनिशिंग मिलों ने मिलकर अप्रैल से नवम्बर, 2021 अवधि में कुल 24,06,298 टन फिनिश्ड स्टील प्रोडक्शन कर, वर्ष 2008-09 के अप्रैल से अक्टूबर अवधि में उत्पादित 24,00,660 टन फिनिश्ड स्टील प्रोडक्शन के अपने रिकॉर्ड को पार कर बेस्ट अप्रैल से नवम्बर का कीर्तिमान दर्ज किया है। सेल-बीएसपी ने चालु वित्त वर्ष 2021-22 के अप्रैल से नवम्बर अवधि में 30,13,451 टन कुल सेलेबल स्टील प्रोडक्शन कर वर्ष 2013-14 के अप्रैल से नवम्बर अवधि में उत्पादित 30,12,506 टन कुल सेलेबल स्टील प्रोडक्शन के रिकॉर्ड को ध्वस्त किया है।

शहर में निरन्तर नाला सफाई महाअभियान का आगाज

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। नगर पालिक निगम आयुक्त हरेश मंडावी ने शंकर नगर नाला, मालवीय नगर नाला सफाई कार्य का निरीक्षण किया,निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देश दिए कि नाले की तली से सफ ाई किया जाए जहां-जहां काली मिट्टी रहे गयी है उसे निकला जाए ताकि काली मिट्टी में पुनः झाडियाँ न उग सके उकत नाला की सफाई के दौरान नाले के समीप लगे झाड़ियों को भी बेहतर तरीके से साफ किया जाए।

नाले से निकलने वाले मिटटी और अन्य अपशिष्ट का परिवहन कार्य कराया सके इस मौके पर स्वास्थ्य अधिकारी गिरीश दीवान, जावेद अली, राजेन्द्र सर्राठे, राजू सिंह, सुरेश भारती समेत टीम उपस्थिति थे। आयुक्त रायपुर नाका बीआईटी

कालेज के पीछे स्थित तालाब पहुंचकार जायजा लिया, उन्होंने कहा उक्त तालाब में बीएसपी सेक्टर 9 अस्पताल से रियुज होने वाले पानी से बीएसपी के पाइप लाइन के माध्यम से भरा जाता है उकत तालाब में मछ्ली पालन का कार्य नगर पालिक निगम द्वारा किया जाता है। तालाब ओवर फ्लो होने पर तालाब के किनारे स्थित नाली की सफाई कराने के लिए आवश्यक निर्देश दिए, तालाब के आगे तेल्हा नाले के पास स्थित एक और तालाब का निरीक्षण किया गया जिसमें जल कुंभी की सफ ाई कराने के लिए कहा गया।

दिव्यांग होने के बाद भी संघर्ष कर बनी घर की पालनहार

दुर्ग/नवप्रदेश। आदर्श बनी सुश्री अनुराग ठाकुर गांव के बच्चों के लिए एक आदर्श बनकर उभरी है। आज उनका नाम गांव के प्रत्येक बच्चें के जुबां में है। दिव्यांग होने के बाद भी अनुराग अपने परिवार का सहयोग मनरेगा में मेट का कार्य करते हुए कर रही है। सुश्री अनुराग ठाकुर, ग्राम पंचायत चीचा, जनपद पंचायत पाटन की रहने वाली महिला है। अनुराग ठाकुर एक पैर से दिव्यांग है, उनके परिवार में दो बहन एवं एक भाई है। बचपन में ही अनुराग के पिता की मृत्यु हो गई है। अनुराग ने स्नातक तक की पढ़ाई भी की है। अनुराग ने मेट का प्रशिक्षण लेने के उपरान्त मेट का पद अपने गांव में ही ग्रहण किया। आज वो घर के कार्यों में सहयोग भी कर रही है और उसने अपनी बहन और भाई को पढ़ाई कराकर उनका विवाह भी संपन्न किया है। आज गर्व के साथ कहा जा सकता है कि वो घर की मुख्यिा है। ग्रामीण जन बताते है कि मेट बनने के पूर्व अनुराग ठाकुर की परिवारिक स्थिति अच्छी नहीं थी। शासन की महत्वपूर्ण योजना मनरेगा में चयन होने के बाद प्रशिक्षण प्राप्त कर योजना के तहत कार्य करते हुये, वो अपनी आजिविका का उपार्जन कर खुशहाल जिंदगी जी रही हैं।

कल्याण कालेज में आयोजित हुआ गुलिस्तां-ए-फन

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई नगर। कल्याण कालेज के सभागार में शुक्रवार को गुलिस्तां-ए-फन कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गीत-संगीत के साथ-साथ अपनी नृत्य कला का भी रंगारंग प्रदर्शन किया। शर्मिष्ठा घोष के द्वारा प्रस्तुत भरतनाट्यम ने दर्शकों का मन मोह लिया। वहीं सावित‍ि सावित्र, डॉलिशा, सुजाता सिंह, प्रज्ज्वल, डूमेश, सुधांशु, आरती, श्वेता, तैय्यबा, गुरुसिमरन, तामेश्वर, चन्द्रशेखर, बिनिश, तपान, पद्मिनी, राजदीप, संजय, पंकज, मनोहर, मानसी, राधिका और डिंपल ने अपनी कला के प्रदर्शन से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. सलीम अकील, सहायक प्राध्यापक (वाणिज्य) और विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. सुधीर शर्मा, सहायक प्राध्यपक (हिन्दी) उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन कल्याण कालेज के राजनीति शास्त्र विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. मणि मेखला शुक्ला के निर्देशन में किया गया। मंच संचालन निशा साहू ने किया। कालेज के अन्य प्राध्यापकगण डॉ. एनएस पटेल, डॉ. विनय शर्मा, डॉ. राजेन्द्र ठाकुर, डॉ. अनिरबन चौधरी, डॉ. कविता वर्मा, सहायक प्राध्यापक मजहर खान आदि की गरिमामयी उपस्थिति रही।

कार्यालय लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल सहकारी शक्कर कारखाना मर्यादित,पण्डरिया, जिला- कबीरधाम (छ.ग.) Email: lspsskm@gmail.com

// ई-निविदा सूचना // Contact No. 07987900070, 09907575796

ई-निविदा सूचना क्रमांक 86896, 87140, 88227, 88228, 88230, 88231 दिनांक 04/12/2021

2500 टी.सी.डी. शक्कर कारखाना पण्डरिया मर्यादित में निविदा सूचना क्रमांक 86896 (मोलासिस विक्रय), 87140 (शक्कर एस-30 विक्रय), 88227 (जे.सी.बी.), 88228 (क्वाड बॉडी ट्यूब क्लीनिंग कार्य), 88230 (केन्टीन संचालन कार्य) एवं 88231 (मेन्युफेक्चरिंग/ इंजीनियरिंग सामग्री क्रय/ कार्य एवं पेन्टिंग कार्य), हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। ई-निविदा हेतु इच्छुक फर्मों/ निविदाकार द्वारा भाग लेने के लिए ई-टेण्डर के वेबसाईट में जाकर अलग-अलग ई-निविदा हेतु फार्म राशि 1311/- रु. (1000/-रु.+ 311 रु. चिप्स के द्वारा ली जाने वाली सर्विस चार्ज) ऑनलाईन के माध्यम से जमा कर शासकीय ऑनलाईन वेबसाईट (Eprocurement Portal: http://eproc.cgstate.gov.in) में फार्म Upload किया जाना है।

निविदा की शर्तें व नियम निविदा प्रपत्र कारखाने के वेब साइट www.Lspssk.co.in में भी अवलोकन कर सकते हैं।

महाप्रबंधक (प्रशा.)

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दीनदयाल आवास योजनांतर्गत सड्डू रायपुर में स्थित भवन क्र. एलआईजी-1311, श्रीमती देवमती यादव पति श्री रमेश यादव के नाम से भाड़ाक्रय आधार पर आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन की विक्रय विलेख दिनांक 04.10.2018 पंजीकृत कराने उपरांत भवन की पूर्ण राशि जमा कर इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3862 दिनांक 08.11.2021 को नामांतरण आदेश प्राप्त कर लिया है, वर्तमान में आबंटी श्रीमती देवमती यादव पति श्री रमेश यादव निवासी- वार्ड नं. 34 गुरूगोविंद सिंह वार्ड, काली नगर, पण्डरी रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के द्वारा उक्त भवन को श्रीमती बिन्दु राय पति श्री विजय कुमार राय निवासी-एलआईजी- 1311, सेक्टर 08 हाउसिंग बोर्ड कालोनी सड्डू रायपुर तह. व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम से विक्रय करने के लिए इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत कर अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) की मांग की गई है।

अतः उक्त भवन के विक्रय के संबंध में किसी भी व्यक्ति, शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-2, रायपुर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 20211100400362

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक प्रभु दयाल देवांगन आ. चैतराम देवांगन निवासी सेक्टर-6 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 600/71 रकबा 0.0139 हें/ 1498.24 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 1.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 20211100400363

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक कमलेश कुमार आ. विश्राम सिंह निवासी लक्ष्मी ग्रीन सिटी रिसाली द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 600/61 रकबा 0.0116 हें/ 1253.03 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 1.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका अस्मिता शर्मा पति त्रिलोकीनाथ शर्मा निवासी ब्रम्हपुरी नगर रायपुर तह. रायपुर द्वारा ग्राम सांकरा प.ह.नं.8 तह. पाटन की भूमि खसरा नं. 113/32, 170/14, 171/12, 172/13, 173/12, 178/12, 174/14 कुल रकबा 0.009 जो कि राजस्व अभिलेख में त्रिलोकीनाथ के नाम दर्ज है। खातेदार त्रिलोकीनाथ की मृत्यु दिनांक 10/01/21 को हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम फौती दर्ज किए जाने आवेदन किया है उक्त प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 14.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र-202110210150000६/अ-21/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम झीट प.ह.नं. 17 तह.पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक पुसउ पिता कोंदा अन्य निवासी ग्राम झीट द्वारा ग्राम झीट प.ह.नं. 17 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थिति भूमि स्वामी हक में दर्ज शासकीय पट्टे से प्राप्त भूमि खसरा नं. 584 रकबा 0.40 हे. को ईश्वरी सिंगौर पति सुरेश सिंगौर को विक्रय किए जाने अनुमति बाबत् कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत आवेदन जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त होने पर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक पुसउ पिता कोंदा अन्य प्रस्तुत आवेदन पर उपरोक्तानुसार भूमि विक्रय की अनुमति प्रदान किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत सुनवाई तिथि 23.12.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 3.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, पाटन (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र-2021102101500008/अ-21/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम झीट प.ह.नं. 17 तह.पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका कुमारी बाई पति स्व. ईतवारी अन्य निवासी ग्राम झीट द्वारा ग्राम झीट प.ह.नं. 17 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थिति भूमि स्वामी हक में दर्ज शासकीय पट्टे से प्राप्त भूमि खसरा नं. 1631 रकबा 0.42 हे. को ईश्वरी सिंगौर पति सुरेश सिंगौर को विक्रय किए जाने अनुमति बाबत् कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत आवेदन जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त होने पर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक पुसउ पिता कोंदा अन्य प्रस्तुत आवेदन पर उपरोक्तानुसार भूमि विक्रय की अनुमति प्रदान किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत सुनवाई तिथि 23.12.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 3.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, पाटन (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र-2021102101500008/अ-21/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम झीट प.ह.नं. 17 तह.पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदिका जानकी पति स्व. किसन अन्य निवासी ग्राम झीट द्वारा ग्राम झीट प.ह.नं. 17 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थिति भूमि स्वामी हक में दर्ज शासकीय पट्टे से प्राप्त भूमि खसरा नं. 586/1 रकबा 0.16 हे. को ईश्वरी सिंगौर पति सुरेश सिंगौर को विक्रय किए जाने अनुमति बाबत् कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत आवेदन जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त होने पर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक पुसउ पिता कोंदा अन्य प्रस्तुत आवेदन पर उपरोक्तानुसार भूमि विक्रय की अनुमति प्रदान किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत सुनवाई तिथि 23.12.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 3.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, पाटन (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र-2021102101500010/अ-21/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं ग्राम झीट प.ह.नं. 17 तह.पाटन जिला दुर्ग के आम जनता को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है कि आवेदक भीखम पिता बुधेलाल निवासी ग्राम झीट द्वारा ग्राम झीट प.ह.नं. 17 तह. पाटन जिला दुर्ग स्थिति भूमि स्वामी हक में दर्ज शासकीय पट्टे से प्राप्त भूमि खसरा नं. 583 रकबा 00.38 हे. को ईश्वरी सिंगौर पति सुरेश सिंगौर को विक्रय किए जाने अनुमति बाबत् कलेक्टर महोदय को प्रस्तुत आवेदन जांच प्रतिवेदन हेतु प्राप्त होने पर प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आवेदक पुसउ पिता कोंदा अन्य प्रस्तुत आवेदन पर उपरोक्तानुसार भूमि विक्रय की अनुमति प्रदान किए जाने की कार्यवाही में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत सुनवाई तिथि 23.12.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 3.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, पाटन (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

मा.क्र.//अ-06/ वर्ष 2020 -21

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका शम्भु शरण सिंह पिता/पति देवेन्द्र सिंह निवासी कोसा नगर भिलाई के द्वारा अपने हक की क्रयशुदा भूमि ग्राम जुनवानी प.ह.नं. 53 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 1222/61 रकबा 0.010 वर्गफीट भूमि को दानपत्र के आधार पर दानकर्ता धर्मशीला देवी पिता देवेन्द्र सिंह के नाम से पृथक कर आवेदक का नाम पटवारी अभिलेख में दर्ज करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 15.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 26.11.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रूमित कुमार साहू पिता राजेन्द्र कुमार साहू निवासी ग्राम माकन नं. 20 बी सड़क 37 से. 4 भिलाई तह. व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 64/3 रकबा 1500 वर्गफीट भूमि को विक्रेता किशोर कुमार श्रीवास्तव पिता ए.पी. श्रीवास्तव निवासी ग्राम मैत्रीकुंज रिसाली से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 29.11.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 17.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 1.12.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202112101000009/202112101000009
विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

कोहका प.ह.न. 00019 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - श्रीमती तबस्सुम बानो / अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती तबस्सुम बानो पति अब्दुल हमीद पता उल्लास नगर वार्ड 7 भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.न 19 रा.नि.म कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.न 2150/80 रकबा 0.010 हे. 600 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता श्रीमती दीपा घोष पति अब्दुल भास्कर घोष से क्रय किया गया है कि नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 15.12.2021 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 01.12.2021 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202112101000017/202112101000017
विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

खेदामारा प.ह.न. 00016 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - श्रीमती शबनम सिद्धिकी / अनावेदक पक्षकार

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती शबनम सिद्धिकी पिता/पति/विभाग नियाज अहमद पता केम्प-2 भिलाई द्वारा ग्राम खेदामारा प.ह.न 16 रा.नि.म जामुल तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि ख.न 202/2 रकबा 2208 वर्गफीट भूमि श्रीमती शबनम सिद्धिकी पिता/पति/विभाग नियाज अहमद पता केम्प-2 भिलाई के नाम पर दर्ज है। उक्त भूमि की ऋणपुस्तिका कही गुम हो जाने के कारण डुप्लीकेट ऋणपुस्तिका प्राप्त किए जाने भूबाबात आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त भूमि का नामांतरण किए जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 15.12.2021 तक या उसकेपूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02.12.2021 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांक: 202111101600043/202111101600043
विषयः अ-6 सन्- 2020-2021

मामले की श्रेणी-राजस्व

चरोदा प.ह.न. 00057 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार - माहन लाल / अनावेदक पक्षकार- रामसहाय शर्मा

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मोहन लाल पिता बाबूमल जैयसिगानी निवासी- बी.एम.वाय चरोदा तह. पाटन. जिला दुर्ग छ.ग. के द्वारा मौजा ग्राम चरोदा प.ह.न 57 रा.नि.म चरोदा तह. पाटन जिला दुर्ग में स्थित भूमि ख.नं. 537/4 का टुकड़ा रकबा 0.04 डिसमिल भूमि को विक्रेता रामसहाय शर्मा पिता वेदमल शर्मा के द्वारा पंजीकृत बयनामा दिनांक 26/02/1973 को क्रय कर निष्पादित किया गया था। उक्त क्रय शुदा भूमि को आवेदक द्वारा अपने नाम पर नामांतरण किए जाने बाबत् आवेदन दिया गया है।

जिसके संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 09.12.2021 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा । यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.11.2021 को जारी किया जाता है।

अति. तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नजूल जांच अधिकारी दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र- 202109103800036//अ-20(3)/ वर्ष 2020 -21

आवेदक जयराज ताम्रकार आ. स्व. पिताम्बर लाल ताम्रकार निवासी तमेरपारा दुर्ग द्वारा इस आशय का आवेदन प्रस्तुत किया गया है कि दुर्ग स्थित भूमि नजूल भूमि शीट क्रं. 44 बीप्लाट नं. 88 रकबा 180 वर्गमीटर भूमि धारक कृष्णकुमार/पितांबर नि. मातीपारा दुर्ग के नाम पर नजूल अभिलेख में दर्ज है। धारक की मृत्यु दिनांक 04/05/2009 को हो चुकी है, मृत्यु प्रमाण पत्र संलग्न है। मृतक धारक द्वारा अपने जीवन काल मे प्रश्नाधीन भूखण्ड का दिनांक 30/10/2008 को आवेदक के पक्ष में उपंजीकृत वसीयतनाम निष्पादित किया है। आवेदक द्वारा उक्त वसीयतनामा के आधार पर धारक का नाम विलोपित कर स्वयं के नाम पर नामान्तरण किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है, जिसका प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को आपत्तिया दावा हो प्रकरण की सुनवाई 27/12/21 या इसके पूर्व इस न्यायालय में स्वतः उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.11.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नजूल जांच अधिकारी, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल तितुरडीह, तहसील व जिला-दुर्ग

-:: आम सूचना ::-

विषय :-सीमांकन बाबत।

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार दुर्ग के आदेश क्र. अ/12 आदेश दिनांक 18/11/2021 के आदेशानुसार आवेदक श्री दलजीत सिंह आ. बलवीर सिंह निवासी दुर्ग ग्राम कातुलबोर्ड प.ह.नं. 20 रा.नि.मं. तितरडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 34/5 रकबा 0.045 हे.का सीमांकन दिनांक 17/12/21 को पूर्वान्ह/अपरान्ह 11 से 5 बजे स्थल पर किया जाना है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति उक्त खसरा नंबर की भूमि पर प्रत्यक्ष हित रखते हो तो अपने स्वत्व अर्जन के दस्तावेज नक्शा, खसरा, लेआउट तथा रजिस्ट्री की प्रतिलिपी सहित मौके पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति पेश कर सकते है। तत्पश्चात आपत्ति मान्य हीं होगी।

दिनांक 3.12.2021

मुहर — राजस्व निरीक्षक, तितुरडीह दुर्ग

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सिकोला , तहसील व जिला-दुर्ग

-:: आम सूचना ::-

सीमांकन बाबत

उपरोक्त आदेश के परिपालन में ग्राम सिकोला प.ह.नं.- 8 रा.नि.मं- सिकोला के भूमिस्वामी/आवेदक श्री कृष्ण कुमार देवांगन आ./ध.प. करनलाल देवांगन भूमि ग्राम सिकोला में स्थित सिमांकन त्रुटि सुधार हेतु आवेदित भूमि खसरा नं. 31/16, 31/15 रकबा 0.0200/ 0.0080 हे. का स्थल सीमांकन त्रुटि सुधार मेरे द्वारा किया जावेगा। चूंकि उक्त खसरा नं. से आपकी भूमि भी लगी हुई है या अपके द्वारा बेची गई है। अतः आप अपने समस्त दस्तावेजों (पंजीयन लेआउट वगै.) के साथ मौके पर दिनांक 10/12/21 को 12:30 बजे उपस्थित रहे।

मुहर — राजस्व निरीक्षक, सिकोला

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती श्रीमती तुलसी साहू पति स्व. गैंदलाल साहू आयु 56 वर्ष निवासी हाउस नं. 263 वार्ड-11 शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.) है। मेरे पति स्व. गैंदलाल साहू के बी.एस.पी के (सर्विस रिकार्ड) में मेरा नाम तुलसी पति स्व. गैंदलाल साहू दर्ज है जो कि लिपिकीय त्रुटि है। मेरे आधार कार्ड एवं अन्य दस्तावेज में मेरा नाम तुलसी साहू पति स्व. गैंदलाल साहू है जो कि सत्य एवं सही है। उक्त शपथपत्र तुलसी के स्थान पर तुलसी साहू गजट में प्रकाशन करने के समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

मुहर — शपथकर्ती, तुलसी साहू

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ती प्रेरणा साहू पिता स्व. गैंदलाल साहू आयु 22 वर्ष निवासी हाउस नं. 263 वार्ड-11 शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.) है। मेरे पिता स्व. गैंदलाल साहू के बी.एस.पी के (सर्विस रिकार्ड) में मेरा नाम प्रेरणा पिता स्व. गैंदलाल साहू दर्ज है जो कि लिपिकीय त्रुटि है। मेरे शालेय प्रमाण पत्र एवं आधार कार्ड में मेरा नाम प्रेरणा साहू पिता स्व. गैंदलाल साहू है जो कि सत्य एवं सही है। उक्त शपथपत्र प्रेरणा के स्थान पर प्रेरणा साहू गजट में प्रकाशन करने के समर्थन में यह शपथपत्र प्रस्तुत है।

मुहर — शपथकर्ती, प्रेरणा साहू

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका तन्द्र साहा पिता/पति शंभूनाथ साहा निवासी ग्राम गजानंद नगर दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कुतलबोर्ड तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1325/18 रकबा 0.020 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार शंभूनाथ की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका कौशि कुकरेजा पति स्व. जेठामल कुकरेजा निवासी ग्राम कंवर नगर सिंधी कालोनी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1372/89 रकबा 0.012 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार जेठामल की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र.//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक नगर पालिक निगम दुर्ग अधिकृत अधिकारी प्रकाश चंद थावानी पिता डब्लू. जी. थावानी निवासी ग्राम नगर पालिक निगम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 419/1 का टुकड़ा रकबा 0.325 हे. भूमि को विक्रेता गोलछा ई. प्रा. लि. डायरेक्टर श्रीमती उषा गोलछा पति संतोष गोलछा निवासी ग्राम मालवीय नगर दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 27.11.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 13.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: श्रीमती जमुनाबाई पति सव. व्यासनारायण नागवंशी एवं अन्य — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 20211100400182

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका श्रीमती जमुनाबाई पति सव. व्यासनारायण नागवंशी एवं अन्य निवासी एच पाकेट 32/सी मरौदा सेक्टर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुनर्निर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	864/4	0.011 हें 1140 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट — पक्षकार का नाम: जगत सिंह सिंहारे आ. स्व. घनश्याम सिहारे — ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 20211100400181

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक श्री जगत सिंह सिंहारे आ. स्व. घनश्याम सिहारे निवासी ब्लॉक नं. 6/बी सड़क नं. 24 सेक्टर-4 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुनर्निर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम रिसाली प.ह.न. 22 तह. व जिला दुर्ग	864/7	0.010 हें 1140 वर्गफीट	आवासीय

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/ आपत्ति हो तो प्रकरण उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उद्घोषणा आज दिनांक 17.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 20211100400361

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक राजेन्द्र कुमार शर्मा आ. स्व. एम.डी.शर्मा निवासी सेक्टर-4 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम धनोरा प.ह.न. 39 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 600/72 रकबा 0.0148 हें/ 1571.50 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 1.12.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

पूर्व राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की 137वीं जयंती, विस अध्यक्ष ने दी श्रद्धांजलि

■ शीतकालीन सत्र पर स्पीकर ने दिया ये जवाब

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष डॉ.चरणदास महंत ने भारत के शुक्रवार को प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की जयंती के अवसर पर विधान सभा परिसर स्थित सेन्ट्रल हॉल में प्रतिष्ठापित उनके तैलचित्र पर आज श्रद्धासुमन अर्पित कर उन्हें याद किया। इस अवसर पर विधायक सत्यनारायण शर्मा, विधान सभा के प्रमुख सचिव चन्द्र शेखर गंगराड़े, विधान सभा सचिव दिनेश शर्मा एवं विधान सभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेन्द्र प्रसाद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष ने डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि डॉ. राजेन्द्र प्रसाद देश में प्रथम राष्ट्रपति एवं भारतीय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। वे सादा जीवन उच्च विचार के पोषक तथा त्याग की प्रतिमूर्ति थे। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने असहयोग आंदोलन, नमक सत्याग्रह और भारत छोडो आंदोलन में भाग लिया। उन्होने भारत के संविधान के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। स्वतंत्रता संग्राम एवं देश के प्रति योगदान के कारण डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को भारत के सर्वोच्च सम्मान ''भारत रत्न'' से सम्मानित किया गया । उन्होने कहा कि-हम सब उनके बताये मार्ग का अनुसरण करें यही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

शीत सत्र में अब तक लगे 750 प्रश्न

छत्तीसगढ़ विधानसभा का शीतकालीन सत्र 13 दिसंबर से 17 दिसंबर तक चलेगा। इस दौरान कोरोना के दोनों डोज लेने वालों को ही प्रवेश दिया जायेगा। अब तक विधायकों की ओर से 750 से अधिक प्रश्न लगाये गए हैं। इसके अलावा ध्यानाकर्षण और स्थगन प्रस्ताव आने की संभावना है।

स्पीकर डॉ.चरणदास महंत शुक्रवार को डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जयंती अवसर पर मीडिया से चर्चा के दौरान कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र में अब तक लगाए गए प्रश्नों की संख्या पर्याप्त है। लोकतंत्र हमारा परम उद्देश्य है, इसलिए पूरी कोशिश रहेगी कि छत्तीसगढ़ के हित, उन्नति और विकास के लिए जितने विधायक अपनी-अपनी बात रखेंगे इसके लिए उन्हें पर्याप्त समय दिया जाएगा।

देर आये-दुरुस्त आये : डॉ.महंत

पांच दिवसीय सत्र पर स्पीकर डॉ. महंत की माने तो कोरोना संकट के कारण कई दिक्कते आ रही है। लोकसभा भी कई कारणों से नहीं चल पा रहा है। मंडी संसोधन बिल पर राज्यपाल से हुई चर्चा पर बोलने से दरकिनार कर दिया। वहीं लोकसभा और राज्यसभा में तीन कृषि बिल की वापसी पर उन्होंने कहा की देश के किसानों के सामने प्रधानमंत्री झुके और उनसे माफी मांगी, उसके लिए हम पीएम को बधाई देते हैं।

बीरगांव में कांग्रेस ने भरा आखरी दिन नामांकन, महापौर पर लगाया आरोप

रायपुर/नवप्रदेश। बीरगांव नगरीय निकाय के लिए शुक्रवार, 3 दिसंबर को नामांकन का आखिरी दिन था। इस दौरान प्रदेश की सत्ताधारी दल कांग्रेस ने अपने 40 उम्मीदवारों का एक साथ नामांकन दाखिल करवाया। ढोल-नगाड़ों के साथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं का हुजूम बीरगांव की सड़कों पर दिखाई दिया। जन सैलाब को देखते हुए कांग्रेस ने जीत का ताल भी ठोक दिया। रायपुर ग्रामीण के विधायक सत्यनारायण शर्मा और पूर्व जिला अध्यक्ष पंकज शर्मा के नेतृत्व में कांग्रेस ने बड़ी रैली निकाली। जिसमे कार्यकर्ताओं के साथ सभी प्रत्याशी अपने अपने समर्थकों के साथ नजर आये। इस दौरान लोगों में चुनाव को लेकर खासा उत्साह भी देखने मिला। कांग्रेस नेता पंकज शर्मा ने दवा करते हुए कहा इस बार के चुनाव में 40 में से 35 पार्षद जीत हासिल करेंगे और महापौर भी कांग्रेस का ही बनेगा। उन्होंने कहा राज्य सरकार ने तीन सालों में जो प्रदेश में विकास की बयार ले है उसे लेकर मतदाताओं के बीच पार्षद प्रत्याशी के साथ कांग्रेस के सभी कार्यकर्ता जायेंगे और निगम में महापौर बने ये प्रयास किया जायेगा।पंकज की माने तो बीरगांव में महापौर से जनता त्रस्त थी। काम के नाम पर केवल गुमराह किया जाता रहा। अब मतदाताओं ने निकाय की सत्ता भी कांग्रेस को सपने का मूड बना लिया है। स्थानीय सत्ता मिलते ही कांग्रेस राज्य सरकार की योजनाओं को यहाँ भी क्रियान्वित करेगी जिससे बीरगांव भी रायपुर की तरह स्मार्ट सिटी की कगार पर पहुंचेगा।

न्यूज गैलरी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज नई दिल्ली में केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण से सौजन्य मुलाक़ात की।

मुख्यमंत्री बघेल ने भारतीय नौसेना दिवस पर दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने भारतीय नौसेना दिवस पर जल सीमाओं के प्रहरी, साहस, शौर्य और निष्ठा के प्रतीक भारतीय नौसैनिकों और उनके परिवारों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। श्री बघेल ने कहा है कि भारतीय नौसैनिकों के अदम्य साहस और पराक्रम ने हमेशा हर भारतीय को गौरवान्वित किया है। समुद्री सीमा की रक्षा के साथ नौसैनिकों ने प्राकृतिक आपदाओं और विपरीत परिस्थितियों में आगे बढ़कर देश सेवा की है। पूरा देश एक स्वर में सभी भारतीय नौसैनिकों की राष्ट्रसेवा का अभिनंदन करता है।

एक ही परिवार के 6 लोग कोरोना संक्रमित, विदेश से 1 आए 2 यात्री भी पॉजिटिव

रायपुर/नवप्रदेश। कोरोना के नए वेरिएंट के दहशत के बीच विदेश से आने वाले यात्रियों की लापरवाही की वजह से एक बार फिर कोरोना संक्रमण बढ़ने का खतरा मंडराने लगा है। वहीं यात्रियों के जांच में पॉजिटिव की संख्या बढ़ गई है। जिसे लेकर स्वास्थ्य विभाग लगातार निगरानी कर रहा है। जानकारी के अनुसार राजनांदगांव में एक ही परिवार के 6 लोग संक्रमित पाए गए हैं। सभी लोग हाल ही में यात्रा कर लौटे है। इसके साथ ही यूएस से लौटे दो यात्री भी पॉजिटिव पाए गए हैं। कोरोना के नए वेरिएंट को ध्यान में रखते हुए विदेश से लौटे 53 यात्रियों के सैंपल भुवनेश्वर भेजे गए हैं। पॉजिटिव मिलने के बाद अब स्वास्थ्य विभाग अब कांटेक्ट ट्रेसिंग और सैंपल की संख्या बढ़ाई है। दूसरी ओर कई यात्रियों ने विदेश से लौटने के बाद अपना मोबाइल नंबर बंद कर दिया है। स्वास्थ्य अमला उनकी ट्रेसिंग करने में जुटा हुआ है।

जवाद तूफान के असर से मौसम में बदलाव, कुछ जिलों में बारिश के आसार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मौसम में जवाद तूफान के असर से जबरदस्त बदलाव हुआ है। जिसके असर से बारिश के आसार है। जवाद तूफान के कारण शुक्रवार से बादल छाए हुए हैं। जिसके चलते तापमान में बढ़ोतरी हुई है। वहीं कुछ घंटों बाद प्रदेश के कई इलाकों में में बारिश की संभावना है। मौसम विभाग की माने तो 3 दिसंबर से ही प्रदेश की हवा में नमी बढ़ गई है। सुकमा और जशपुर में बादल छाए रहे। वहीं रविवार तक मौसम में किसी तरह के कोई बदलाव के आसार नहीं है। बादल होने के कारण पूरे प्रदेश के तापमान में बदलाव के आसार। रात के तापमान में विशेष परिवर्तन के आसार है।

सूने मकान का ताला तोड़कर 50 हजार रुपये नगदी व सामान चोरी

रायपुर/नवप्रदेश। सूने मकान का ताला तोड़कर 50 हजार रुपये नगदी एवं अन्य सामान चोरी कर लेने की रिपोर्ट डीडीनगर थाने में दर्ज कराई गई है। मिली जानकारी के मुताबिक साकेत विहार, कालोनी न्यू चंगोराभाठा रायपुर निवासी सतीश कुमार श्रीवास 34 वर्ष ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि प्रार्थी 2 दिसंबर को अपने मकान में ताला बंद कर परिवार सहित दुर्ग गया हुआ था,दूसरे दिन वापस आया तब मकान का कुंडी टुटा हुआ था। अंदर जाकर देखने पर कमरे में सारा सामान बिखरा पड़ा था। सभी कमरे में रखा आलमारी खुला हुआ था तथा उसके अंदर रखे सामान व नगदी 50 हजार रुपये नही था। किसी अज्ञात चोर ने मकान का ताला तोड़कर नगदी रुपये एवं सामान चोरी कर लिया है। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफधारा 380,457 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

कुर्की और नीलामी कर निवेशकों को राशि वापस करने का सिलसिला जारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश के परिपालन में राजनांदगांव जिले में चिटफंड कंपनियों के विरूद्ध जिला प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। निवेशकों के साथ धोखाधड़ी करने वाली कंपनियों की संपत्ति को चिन्हित करने के साथ ही कुर्की और नीलामी का सिलसिला लगातार जारी है। चिटफंड कंपनियों की संपत्ति की नीलामी से प्राप्त होने वाली राशि निवेशकों को लौटाई जा रही है। आज तीन दिसम्बर को जिला प्रशासन राजनांदगांव द्वारा चिटफंड कंपनी याल्स्को ग्रुप की मटिया स्थित भूमि की नीलामी 33 लाख 92 हजार रूपए में नीलामी की गई। यह राशि शीघ्र ही कंपनी के निवेशकों को वापस लौटाई जाएगी। जिला प्रशासन द्वारा प्राप्त जानकारी के आज याल्स्को रियल स्टेट एण्ड एग्रो फार्मिंग लिमिटेड चिटफण्ड कंपनी की डोंगरगांव विकासखण्ड स्थित ग्राम मटिया में कुर्क की गई खसरा नंबर 302/5 रकबा 0.150 हेक्टेयर भूमि की नीलामी की गई।

महापौर एजाज ग्लब्स पहनकर खुद उतरे सफाई मैदान में

■ दिया स्वच्छता का संदेश

रायपुर/नवप्रदेश। महापौर एजाज ढेबर शनिवार को राजधानी को साफसुथरा रखने खुद ही मैदान में उतर गए। उन्होंने हाथों में गल्बस और एप्रेन पहनकर कचरा गाड़ी चलाकर घर-घर जाकर सुखा-गीला कचरा को उठाया। एजाज ढेबर ऐसा करके वे सफाई मित्रों का हौसला बढ़ाया। उनके इस काम की प्रशंसा हर कोई कर रहा है।

इस दौरान उनके साथ नगर निगम के एल्डरमेन शमसुल हसन नम्मू भाई सहित निगम के स्वास्थ्य अधिकारी विजय पाण्डेय, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर तृप्ति पाणीग्रही, जोन 4 के जोन कार्यपालन अभियन्ता लोकेश चंद्रवंशी, जोन स्वच्छता निरीक्षक वीरेंद्र चंद्राकर सहित संबंधित निगम अधिकारी, कर्मचारी, सफाई मित्र कामगारगण भी उपस्थित थे।

शहर रायपुर के प्रथम नागरिक महापौर एजाज ढेबर ने आज नगर पालिक निगम रायपुर के मौलाना अब्दुल रुफ वार्ड क्रमांक 46 के तहत आने वाले नेहरू नगर, मालवीय रोड, राजीव आवास योजना आवासीय परिसर लाल गंगा परिसर के पीछे, हनुमान नगर बस्ती सहित आने वाले विभिन्न मोहल्लों में जा-जाकर कचरा कलेक्शन किया। उन्होंने इस दौरान सफाईकर्मियों वाला ड्रेस एवं हाथों में ग्लब्स पहन रखा था। ढेबर ने सभी घरों से कचरा लेकर स्वयं ही कचरा गाड़ी में डाला और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि कोई भी काम छोटा-बड़ा नहीं होता है।

एजाज ने सफाई वाहन स्वयं चलाकर घर-घर पहुंचकर वार्ड के रहवासियों से डस्टबिन हाथ में लेकर निगम के सफाई वाहन में सूखा एवं गीला कचरे को अलग-अलग करके डाला। नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाने अभियान चलाकर समस्त लोगों को स्वच्छता का सकारात्मक सन्देश दिया। महापौर ने नागरिकों से घर एवं दुकान का कचरा प्रतिदिन नियमित रूप से निगम के सफाई मित्रों को पृथक-पृथक डस्टबिन में सूखा एवं गीला कचरा डालने की अपील की।

उन्होंने कहा कि कचरा किसी भी हालत में सड़क, नाली, तालाब में नहीं डाले, इससे अपने ही मोहल्ले के लोग बीमार पड़ सकते हैं। उन्होंने राजधानी रायपुर नगर पालिक को स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में देश में प्रथम स्थान दिलवाने में सहभागिता के लिए आह्वान किया। महापौर गली-मोहल्लों के दुकानदारों से भी अपील की कि वे कचरे को डस्टबिन में ऊपर न डालकर प्रापर अंदर डाले।

उन्होंने कहा सही ढंग से कचरा फेंके जिससे सड़कों पर कचरा पड़ा न रहे। मेयर एजाज ढेबर ने कहा सभी सफाई मित्रों को वशेषकर कोरोना संक्रमण काल के दौरान स्वच्छ रखने देवदूत जैसा कार्य किया है, उनका सम्मान करें। महापौर ने लोगों से पॉलीथिन कचरा को सड़क, नाली, तालाब आदि में ना डालकर अलग से निगम सफाई मित्रों को देकर पर्यावरण संरक्षण के कार्य में सहभागिता दर्ज करवाने का अनुरोध किया।

पुलिस जवानों को आवास आवंटन का काम पूरी गंभीरता और पारदर्शिता के साथ करें : सीएम बघेल

■ मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने डीजीपी को दिए निर्देश

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पुलिस जवानों को शासकीय आवास आवंटन का काम पूरी पारदर्शिता पर गंभीरता के साथ करने के निर्देश पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा को दिए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जवानों को आवास आवंटन का काम उपलब्धता के आधार पर प्राथमिकता के साथ किया जाए और काम में पूरी पारदर्शिता रखी जाए। उन्होंने डीजीपी सहित पुलिस महानिरीक्षक और पुलिस अधीक्षकों को इस कार्य को पूरी गंभीरता से करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि पुलिस के जवान 24 घण्टे जनता की सेवा में लगे रहते हैं, उनकी समस्याओं का निराकरण जहां तक सम्भव हो सके तत्परता से किया जाना चाहिए, ताकि जवानों की भावनाएं आहत न हों और उनका मनोबल बना रहे।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि डीजीपी स्वयं आवास संबंधी मामलों की समीक्षा करें और प्राथमिकता के आधार पर निराकरण करें। प्रत्येक जिले में एसपी भी अपने जिलाबल के जवानों को आवास आवंटन के मामलों का प्राथमिकता से निराकरण करें और इसकी सतत समीक्षा करें।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल पुलिस जवानों की समस्याओं के निराकरण के लिए शुरू से ही बेहद संवेदनशील हैं । अपराधों पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस जवानों की ड्यूटी बेहद अनुशासन और तनावपूर्ण रहती है। पुलिस जवानों का मानसिक तनाव कम हो और वे नवीन ऊर्जा के साथ कार्य कर सकें इसके लिये राज्य शासन द्वारा कई सालों से पुलिसकर्मियों की साप्ताहिक अवकाश की मांग को पूरा किया गया है। इस क्रम में विगत तीन वर्षों में पुलिसकर्मियों के कल्याण हेतु विभिन्न योजनायें शुरू की गई हैं। पुलिस परिवार के करीब 72 हजार जवानों एवं उनके परिजनों के लिए विभिन्न कल्याणकारी कार्यक्रम प्रारंभ किये गये हैं।

छत्तीसगढ़ सरकार नक्सल हिंसा में शहीदों और उनके परिजनों के प्रति पूरी संवेदनशील है। शासन द्वारा नक्सल हिंसा में शहीद जवानों के आश्रित परिजनों को दी जाने वाली एक्सग्रेसिया राशि 3 लाख रुपए से बढ़ाकर 20 लाख रूपये कर दी गयी है।

नरवा विकास योजना

अचानकमार टाईगर रिजर्व के वन्यप्राणियों के रहवास सुधार में काफी मददगार

■ कैम्पा मद में 21 करोड़ रूपए की राशि से 16 हजार 675 भू-जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं का हो रहा निर्माण

रायपुर/नवप्रदेश। नरवा विकास योजनाः अचानकमार टाईगर रिजर्व के वन्यप्राणियों के रहवास सुधार में काफी मददगार, अचानकमार टाईगर रिजर्व में नरवा विकास योजना के तहत भू-जल संरक्षण संबंधी संरचनाओं का निर्माण वन्यप्राणियों के रहवास सुधार आदि में काफी मद्दगार साबित हो रहा है। मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की मंशा के अनुरूप वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री श्री मोहम्मद अकबर के कुशल मार्गदर्शन में वहां टाईगर रिजर्व में विगत दो वर्षों में 16 हजार 675 विभिन्न संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर है। इनमें से अब तक 13 हजार 424 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। इनके निर्माण के लिए कैम्पा की वार्षिक कार्ययोजना 2019-20 तथा 2020-21 के अंतर्गत 21 करोड़ रूपए से अधिक की राशि स्वीकृत है।

डेम का निर्माण किया जा रहा है

इस संबंध में प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख श्री राकेश चतुर्वेदी ने बताया कि अचानकमार टाईगर रिजर्व लोरमी (बिलासपुर) में वर्ष 2019-20 के तहत दियाबार नाला, मनियारी नाला, जैनघाट नाला, रक्षाछाक नाला तथा सतबहिनया नाला और बेंदरी नाला में 9 करोड़ 72 लाख रूपए की स्वीकृत राशि से 6 हजार 678 संरचनाओं का निर्माण प्रगति पर है। इनमें से अब तक 5 हजार 850 संरचनाओं का निर्माण पूर्ण कर लिया गया है। इसके तहत 5 हजार 104 लूज बोल्डर चेक डेम, 1155 ब्रशवुड चेक डेम, 125 गेबियन संरचना, 25 कन्टूर ट्रेंच तथा 8 स्टॉप डेम का निर्माण किया जा रहा है।

इसी तरह वर्ष 2020-21 के भाग-एक के तहत चिरकापहाड़ नाला, कन्हैया नाला, गोई नाला, छोटे ठोड़ापानी नाला, बाघदुध नाला तथा सूखा नाला और चकदा नाला में 8 करोड़ 70 लाख रूपए की स्वीकृत राशि से 7 हजार 35 संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है।

धान खरीदी की चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने वरिष्ठ अधिकारी लगातार कर रहे हैं उपार्जन केंद्रों का दौरा

रायपुर/नवप्रदेश। धान खरीदी की चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने वरिष्ठ अधिकारी लगातार कर रहे हैं उपार्जन केंद्रों का दौरा प्रदेश में किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की चाक-चौबंद व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए राज्य सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारी भी लगातार उपार्जन केंद्रों का दौरा कर रहे हैं। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा और तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग तथा बेमेतरा जिले की प्रभारी सचिव सुश्री रीता शांडिल्य ने बेमेतरा के कई खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों और समिति प्रबंधकों से चर्चा कर व्यवस्था का फीडबैक भी लिया।

कठिया धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया

खाद्य विभाग के सचिव टोपेश्वर वर्मा ने बेमेतरा के कठिया धान उपार्जन केन्द्र का निरीक्षण किया। उन्होंने इस दौरान वहां धान बेचने पहुंचे किसानों से चर्चा की। श्री वर्मा ने स्थानीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि धान बेचने आ रहे किसानों को किसी तरह की कोई परेशानी न हो, इसका पूरा ध्यान रखें। बेमेतरा जिला की प्रभारी सचिव सुश्री रीता शांडिल्य ने लेंजवारा (सरदा), कठिया, जेवरा, कुसमी, सरदा, बीजाभाठ एवं हसदा धान खरीदी केंद्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने किसानों से चर्चा कर उनके द्वारा उपार्जन केंद्र में लाए गए धान की मात्रा, धान के उत्पादन और समर्थन मूल्य के बारे में पूछा। उन्होंने खरीदी केंद्रों में मानव संसाधन, आर्द्रतामापी यंत्र, तौल बाट, पेयजल और विद्युत व्यवस्था की भी जानकारी ली।

कबीरधाम जिले के कलेक्टर रमेश कुमार शर्मा ने सहसपुर लोहारा विकासखण्ड में खुले चार नए धान खरीदी केन्द्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने छिरहाबांधा, मोतीपुर, गौरमाटी और गोरखपुर कला के नए धान खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से बातचीत कर व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने इन केंद्रों के प्रभारियों से कहा कि किसानों की मांग पर नए खरीदे केंद्र खोले गए हैं। यहां धान बेचने आने वाले किसानों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराएं। धान बेचने में किसानों की सहुलियत के लिए कबीरधाम जिले में इस साल आठ नए धान खरीदी केंद्र खोले गए हैं।

सियासत — **प्रदेश के भाजपा नेता उसना और बारदाने पर केंद्र के छत्तीसगढ़ विरोधी रवैये का समर्थन कर रहे हैं**

भाजपा की अड़ंगेबाजी के बावजूद धान खरीदी प्रगति पर : कांग्रेस

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के तमाम दुष्प्रचार और केंद्र की भाजपा सरकार के असहयोग और अडंगेबाजी के बावजूद छत्तीसगढ़ में धान खरीदी प्रगति पर है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि प्रदेश भर के 2463 खरीदी केंद्रों में धान खरीदी चालू है अभी तक लगभग 146000 किसानों ने अपना धान बेच दिया है तथा आज तक लगभग 397000 मीट्रिक टन धान की खरीदी भी हो चुकी है। प्रदेश के किसी भी धान खरीदी केंद्र में बारदाने की कमी नहीं है तथा किसानों को शीघ्र भुगतान की भी व्यवस्था की गयी है। इस वर्ष मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर धान उपार्जन केंद्रों से धान परिवहन के डी.ओ. भी कटने शुरू हो गये है ताकि खरीदी केंद्रों पर धान जाम होने की स्थिति न बन पाये।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी धान खरीदी के मामले में केवल झूठी बयानबाजी कर भ्रम फैलाने का काम कर रही तथा छत्तीसगढ़ के भाजपा के नेता अपनी केंद्र सरकार से बोलकर छत्तीसगढ़ की धान खरीदी में बाधा पहुंचाने का काम भी कर रहे है। आखिर क्या कारण है कि केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ से उसना चावल नहीं ले रही है। जबकि राज्य में पैदा होने वाले कुल धान का 45 प्रतिशत उसना

किस्म का है। भाजपा की केंद्र सरकार छत्तीसगढ़ को बारदाना देने में भी असहयोग कर रही है। राज्य को धान खरीदी के लिये 5.25 लाख गठान बारदाने की आवश्यकता है। इस वर्ष केंद्र ने 2.14 लाख गठान बारदानों की स्वीकृति दी है जिसका एडवांस पैसा जमा करने के बाद भी छत्तीसगढ़ को अभी मात्र 86856 गठान बारदाने ही दिये गये है। भाजपा नेता उसना और बारदाना मामले में केंद्र से राज्य के हितों पर बात नहीं कर रहे। भाजपा नेताओं के बयानबाजी से स्पष्ट हो रहा कि केंद्र की साजिश में छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता भी शामिल है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि कांग्रेस सरकार इस वर्ष भी किसानों को न्यूनतम 2500 रू. धान की कीमत दे रही है। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से धान की फसल के लिये 9000 रू. इनपुट सब्सिडी प्रति एकड़ दी जा रही है। प्रति एकड़ 15 क्विंटल धान की खरीदी होगी, अर्थात प्रति क्विंटल 600 रू. राजीव गांधी किसान न्याय योजना में मिल रहा। धान खरीदी का मूल्य 1940+600=2540 मोटा तथा 1960+600=2560 रू. पतला धान की कीमत भूपेश सरकार दे रही जो कांग्रेस के जन घोषणा पत्र के वायदे से भी ज्यादा है तथा पूरे देश में धान की सर्वाधिक कीमत है।

डेल्टा वेरिएंट से भी 6 गुना संक्रामक ओमीक्रोन

डेल्टा से अलग हैं ओमिक्रोन के लक्षण

कोरोना वायरस के डेल्टा वैरिएंट को लेकर दुनियाभर में खौफके बीच क्या आप जानते हैं, क्या हैं इसके लक्षण विशेषज्ञों के मुताबिक, ओमिक्रोन के लक्षण पूर्व के डेल्टा वैरिएंट से अलग हैं। कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रोन ने महामारी से जूझ रही दुनिया में स्वास्थ्य को लेकर चिंता और बढ़ा दी है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (ङ्ख॥ह्र) ने इसे 'चिंताजनक' बताया है। इसे कोविड के डेल्टा वैरिएंट से भी तेजी से फैलने वाला बताया जा रहा है, जिसे ङ्ख॥ह्र ने वैश्विक स्तर पर 99 फीसदी कोविड केसों के लिए जिम्मेदार ठहराया है। कोरोना वायरस के इस वैरिएंट को लेकर दुनियाभर में पैदा हुए खौफके बीच यह जान लेना जरूरी है कि इसके लक्षण क्या हैं

बेचैनी और उल्टी की शिकायत

कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. के सुधाकर, जो खुद भी चिकित्सक हैं, ने पिछले दिनों दक्षिण अफ्रीका में काम कर रहे अपने सहपाठी डॉक्टरों से बातचीत के आधार पर कहा था कि कोविड का यह नया वैरिएंट डेल्टा जितना खतरनाक नहीं है। इसके लक्षणों को लेकर उन्होंने कहा था, इसमें लोगों को बेचैनी और उल्टी की दिक्कतें होती हैं और कभी-कभी नाड़ी की गति बढ़ जाती है, लेकिन स्वाद और गंध का अनुभव बना रहता है। उन्होंने यह भी कहा कि कोरोना वायरस के इस वैरिएंट से संक्रमित मरीजों में अस्पताल में भर्ती होने की दर कम है, क्योंकि इसकी तीव्रता गंभीर नहीं है।

डेल्टा से अलग हैं ओमिक्रोन के लक्षण

वहीं, दक्षिण अफ्रीका में कोरोना वायरस के नए वैरिएंट की चपेट में आने वाले मरीजों का इलाज करने वाले डॉक्टरों ने भी कहा है कि इसके लक्षण बहुत मामूली होते हैं और इसका इलाज घर में ही संभव है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, दक्षिण अफ्रीका मेडिकल एसोसिएशन की प्रमुख डॉ. एंजेलिक कोएट्जी ने बताया कि डेल्टा वैरिएंट से अलग हाल के समय में जिन मरीजों का भी उन्होंने इलाज किया है, उनमें गंध या स्वाद नहीं आने या ऑक्सीजन का स्तर कम होने जैसी शिकायतें नहीं पाई गई हैं। अपने अनुभवों से उन्होंने यह भी बताया कि यह वैरिएंट 40 साल इससे कम उम्र के लोगों को अपनी चपेट में ले रहा है।

सिर दर्द, बदन दर्द की शिकायतें

उन्होंने बताया कि हाल के समय में जो भी मरीज उनके पास आए, उनमें एक-दो दिनों से बहुत अधिक थकान जैसी शिकायत देखी गई। सिर दर्द, बदन दर्द जैसी शिकायतें भी ऐसे मरीजों में देखे गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पास 18 नवंबर को उन्होंने अपने क्लिनिक में सात मरीज देखे, जिनके लक्षण कोरोना वायरस के डेल्टा वैरिएंट से पीड़ति मरीजों से अलग थे। अधिकांश लोगों में वायरल बुखार के मामूली लक्षण थे, लेकिन लोगों ने बदन दर्द और सिर दर्द की शिकायतें की थीं, जिसके बाद उन्हें कुछ अलग होने का अंदेशा हुआ, क्योंकि बीते कुछ समय से यहां कोविड के केस नहीं के बराबर आ रहे थे।

विदेश से आने वाले यात्रियों के लिए केंद्र की नई गाइडलाइन्स, इस साल मई में आई थी दूसरी लहर

डेल्टा वेरिएंट की तुलना में कम घातक

इस बीच देश के प्रमुख महामारी एक्सपर्ट का कहना है कि कोरोना का नया वेरिएंट दूसरी लहर के दौरान तबाही मचाने वाले डेल्टा वेरिएंट की तुलना में कम घातक होगा। सेंटर फॉर डिजीज डायनेमिक्स, इकोनोमिक्स और पॉलिसी के निदेशक आर. लक्ष्मीनारायण ने यह बात कही है। लक्ष्मीनारायण का कहना है देश में दूसरी लहर के दौरान अस्पताल से लेकर श्मशान तक तबाही मचाने वाले डेल्टा वायरस की तुलना में नए वेरिएंट से अधिक लोगों की मौत नहीं होगी। दुनिया में कोरोना वायरस के नए वेरिएंट ओमीक्रोन का खौफदेखने को मिल रहा है। स्थिति यह है कि दक्षिण अफ्रीका में मिला यह नया वेरिएंट दुनिया के 29 देशों में फैल चुका है।

हेल्थ सिस्टम पर कम पड़ेगा दबाव

लक्ष्मीनारायण ने कहा कि ओमीक्रोन की वजह से अस्पताल में भर्ती होने और हेल्थ सिस्टम पर कम दबाव पड़ेगा। कोरोना वायरस का यह नया वेरिएंट पिछले महीने दक्षिण अफ्रीका में सामने आया था। इसके अलावा ऑस्ट्रेलिया के चीफमेडिकल ऑफिसर पॉल केली ने भी कहा है कि अभी तक इस बात का कोई संकेत नहीं है कि ओमीक्रोन अन्य स्ट्रेन की तुलना में घातक है।

ओमीक्रोन के खिलाफकारगर होगी कोवैक्सीन

एक अन्य एक्सपर्ट का कहना है कि स्वदेशी कोरोना वैक्सीन ओमीक्रोन के खिलाफ बेहतर सुरक्षा प्रदान कर सकती है। पब्लिक हेल्थ फाउंडेशन ऑफ इंडिया (पीएचएफआई) के अध्यक्ष के श्रीनाथ रेड्डी ने कहा कि यह केवल कोवैक्सिन जैसे निष्क्रिय टीके हैं जिनका अधिक व्यापक जोखिम है क्योंकि वे पूर्ण वायरस का उपयोग कर रहे हैं जिसमें कई एंटीजन हैं। उन्होंने यह समझने के लिए लैब और क्लिनिकल ट्रायल पर जोर दिया।

इस साल मई में आई थी दूसरी लहर

देश ने इस साल मई की शुरुआत में दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते कोविड के प्रकोप को देखा। इसमें डेली संक्रमण के 400,000 से अधिक नए केस सामने आए थे। इस घातक वायरस की लहर ने देश के टीकाकरण अभियान को एक्टिव कर दिया। देश में अब तक कोरोना वैक्सीन की 100 अरब से अधिक डोज दी जा चुकी है। इससे देश की आबादी में नेचुरल इम्युनिटी का लेवल काफी बढ़ गया है।

भारत में कोरोना की भयावह दूसरी लहर के लिए जिम्मेदार डेल्टा वेरिएंट से भी 6 गुना संक्रामक ओमीक्रोन के सामने आने के बाद पूरी दुनिया डरी हुई है। अबतक 23 देशों में इसके संक्रमण की पुष्टि हो चुकी है। अच्छी बात यह है कि भारत में अभी ओमीक्रोन वेरिएंट का एक भी मामला सामने नहीं आया है। लेकिन देश में कमजोर होती महामारी के बीच सरकार कोई जोखिम नहीं ले सकती। लिहाजा 15 दिसंबर से रेगुलर इंटरनेशनल फ्लाइट्स शुरू करने की योजना पर ब्रेक लग गया है। केंद्र ने इंटरनेशनल ट्रैवलर्स के लिए नए गाइडलाइंस जारी किए हैं। साथ ही कई राज्यों ने घरेलू यात्राओं के लिए भी नियमों को सख्त कर दिया है।

ओमीक्रोन वेरिएंट को लेकर चिंता के बीच केंद्र सरकार ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को निर्देश दिया है कि इंटरनेशनल फ्लाइट्स से आने वाले यात्रियों पर कड़ी नजर रखी जाए। इसके साथ ही केंद्र सरकार ने कोरोना वायरस के मद्देनजर लागू की गईं देशव्यापी पाबंदियों को 31 दिसंबर तक के लिए बढ़ा दिया है। कुछ राज्यों ने भी ओमीक्रोन के खतरे से निपटने के लिए रोकथाम के लिए कुछ नए आदेश जारी किए हैं।

तेजी से फैलता है ओमिक्रॉन वैरिएंट- दक्षिण अफ्रीका के स्वास्थ्य मंत्री जो फाहला के अनुसार, देश में ओमिक्रॉन वैरिएंट के मामले पिछले कुछ दिनों में तेजी से बढ़े हैं. पिछले कुछ सप्ताह में हर दिन इसके केवल 200 से अधिक नए मामले आते थे लेकिन शनिवार को यहां एक दिन में 3,200 से अधिक मामले सामने आए जिनमें से अधिकांश मामले गौटेंग प्रांत से थे. मामलों में अचानक से हुई इस वृद्धि को समझने के लिए, वैज्ञानिकों ने वायरस के सैंपल की स्टडी की. क्वाजुलु-नेटाल रिसर्च इनोवेशन एंड सीक्वेंसिंग प्लेटफॉर्म के निदेशक टुलियो डी ओलिवेरा के अनुसार, गौटेंग में 90% नए मामले ओमिक्रॉन वैरिएंट के थे।

विदेश से आने वाले यात्रियों के लिए केंद्र की नई गाइडलाइन्स

ऐसे यात्रियों को एयर सुविधा पोर्टल पर सेल्फडेक्लेरेशन फॉर्म सबमिट करना होगा। इसके साथ ही, यात्रा की तिथि से 72 घंटे पहले का आरटी-पीसीआर टेस्ट की नेगेटिव रिपोर्ट को पोर्टल पर अपलोड करना होगा। यात्रियों को यह डेक्लेरेशन भी जमा करना होगा कि रिपोर्ट विश्वसनीय है। इसके अलावा उन्हें आरोग्य सेतु ऐप डाउनलोड करना होगा।

थर्मल स्क्रीनिंग और सेल्फडेक्लेरेशन की कॉपी- जोखिम वाले देशों (ऐट-रिस्क कंट्रीज) से या वहां से होकर आने वाले यात्रियों के लिए अराइवल के बाद आरटी-पीसीटीर टेस्ट अनिवार्य है। टेस्ट रिपोर्ट नेगेटिव आने के बाद ही उन्हें मूवमेंट की इजाजत होगी। हालांकि, नेगेटिव रिपोर्ट के बाद भी सबसे पहले उन्हें 7 दिनों के लिए क्वारंटीन रहना होगा। आठवें दिन फिर टेस्ट होगा। अगर रिपोर्ट पॉजिटिव आई तो सैंपल को जीनोम सिक्वेंसिंग के लिए भेजा जाएगा।

बिना जोखिम वाले देशों से भी आने वाले कम से कम 2 प्रतिशत यात्रियों का रैंडम आरटी-पीसीआर टेस्ट किया जाएगा। ऐसे देशों से आने वाले यात्रियों को घर पर 14 दिनों के लिए सेल्फमॉनिटरिंग की सलाह दी गई है यानी उन्हें अगर किसी तरह के लक्षण महसूस होते हैं तो तुरंत अथॉरिटी को जानकारी दें। बंदरगाहों या लैंडपोर्ट पर आने वाले इंटरनेशनल ट्रैवलर्स के लिए भी यही नियम हैं। 5 साल से कम उम्र के बच्चों को आने या आने के बाद आरटी-पीसीआर टेस्ट से छूट दी गई है। हालांकि, अगर उनमें लक्षम मिले तो टेस्ट, ट्रीटमेंट समेत स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर को फॉलो किया जाएगा। वैज्ञानिकों का कहना है कि ओमिक्रॉन पिछले बीटा और डेल्टा वैरिएंट से आनुवांशिक रूप से अलग है लेकिन इस बात की अभी कोई जानकारी नहीं है कि ये जेनेटिक बदलाव इसे ज्यादा खतरनाक बनाते हैं या नहीं. इस बात के बारे में भी स्पष्ट तौर पर नहीं कहा जा सकता कि ये वैरिएंट बीमारी को बहुत ज्यादा गंभीर बना सकता है. इसका पता लगाने में भी वैज्ञानिकों को थोड़ा समय लग सकता है कि कोरोना के इस नए वैरिएंट पर वर्तमान वैक्सीन प्रभावी है या नहीं। ओमिक्रॉन के कुछ आनुवांशिक बदलाव चिंता बढ़ाने वाले हैं लेकिन फिर भी लोगों की सेहत को लेकर इसे कितना खतरा है, इस पर स्पष्ट जानकारी नहीं है. इससे पहले कुछ वैरिएंट जैसे कि बीटा वैरिएंट को लेकर भी वैज्ञानिकों ने चेतावनी जारी की थी लेकिन ये बहुत ज्यादा नहीं फैल पाए. प्रोफेसर पीकॉक का कहना है, 'हम ये नहीं जानते है कि नया वैरिएंट डेल्टा की तरह ही खतरनाक है या नहीं.' बता दें कि अब तक डेल्टा को ही ष्टह्रङ्कढ्ढष्ठ-19 का सबसे ज्यादा संक्रामक वैरिएंट माना गया है।

भारत मदद के लिए तैयार

विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत सरकार मेड-इन-इंडिया टीकों की आपूर्ति सहित ओमिक्रॉन वैरिएंट से निपटने में अफ्रीका में प्रभावित देशों का समर्थन करने के लिए तैयार है। आपूर्ति कोवैक्स के माध्यम से या द्विपक्षीय रूप से की जा सकती है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि इस संबंध में सरकार ने मलावी, इथियोपिया, जाम्बिया, मोजाम्बिक, गिनी और लेसोथो जैसे अफ्रीकी देशों सहित कोविशील्ड टीकों की आपूर्ति के लिए कोवैक्स द्वारा अब तक दिए गए सभी आदेशों को मंजूरी दे दी है। हमने बोत्सवाना को कोवाक्सीन की आपूर्ति को भी मंजूरी दे दी है। द्विपक्षीय रूप से या कोवैक्स के माध्यम से अनुमानित किसी भी नई आवश्यकता पर शीघ्रता से विचार किया जाएगा। भारत आवश्यक जीवन रक्षक दवाओं, परीक्षण किट, दस्ताने, पीपीई किट और वेंटिलेटर जैसे चिकित्सा उपकरणों की आपूर्ति के लिए भी तैयार है।

'शुरुआती साक्ष्यों से पता चलता है कि अन्य वैरिएंट की तुलना में इस वेरिएंट में री-इंफेक्शन का खतरा ज्यादा

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

प्रेम हो या नफरत

प्रेम हो या नफरत समय-समय पर लौटाते भी रहे,जिसने जैसा दिया क्योंकि ताली एक हाथ से नही बजती कभी जीवन मे बैलेंस बहुत जरूरी है ,बैलेंस बिगड़ना किसी एक के लिए घातक हो सकता है....स्वार्थ या ईगो जैसी चीजों का अस्तित्व ही न रह गया अब,लाइफ और बीहेवियर में फ्लकचुएशन बेहद जरूरी है,,,24 द्धह्र स्वीट रहना हर किसी के लिए पॉसिबल ही नही।

– निशा रावल

हुस्न की बात छोड़ो

हुस्न की बात छोड़ो यहां घर - द्वार बिकते हैं,जो कीमत दे दो तो यहां जीगरी यार बिकते हैं। जिसके लम्बी उम्र की दुआएं मांगा, कल बोली, खरीद लो फांसी के औजार सरे बाजार बिकते हैं।

– संजय सिंह राजपूत

खास पाती

प्राकृतिक आपदा की तरह

प्राकृतिक आपदा की तरह किसी पर आ जाती ऐसी विपदा जो कभी जन्म तो कभी किसी दुर्घटनावश खोकर अपने अंग-प्रत्यंग या फिर जीवन का संबल हो जाते विवश किसी के पास नहीं हाथ तो कोई होता पैरों को मोहताज किसी के नहीं कान तो कोई बिना आंख किसी की खामोश जुबान तो कोई अनाथ फिर भी नहीं कोई कम आत्मविश्वास हो जब भरपूर दिव्यांग को बनाकर अपनी सुपर पॉवर बन जाते असाधारण विकलांग दुनिया को देते नूतन ज्ञान भीतरी शक्तियों से बनते मजबूत नहीं समझते खुद को मजबूर ऐसे समस्त दिव्यांगों को करें सलाम इन्हें चाहिए थोड़ा प्यार थोड़ा सम्मान नहीं दे सकते अगर इतना भी तो मदद देकर न कराये हीनता का बोध कमतरी का अहसास करें इन सबकी हिम्मत को सलाम यही दिव्यांग दिवस का पैगाम ।। – सुश्री इंदु सिंह

'थोड़ा सी मिली हूँ ज़िन्दगी से

'थोड़ा सी मिली हूँ ज़िन्दगी से अधूरी से पूरी हुई जाती हूँ। नहीं चाहिए थी खामोशी साथ मिला बतियाऐ जाती हूँ। सफेद पन्नों पर लिखती रही ज़िंदगी सुंदर रंगों से अब सजाऐ जाती हूँ। कुछ कमी नहीं रखी निभाने में उन्ही रिश्तों को आजमाएं जाती हूँ। चाहत से संजोए थे सपनें नींद में भी मुस्कुराए जाती हूँ। ज़िंदगी बहुत खूबसूरत है थोड़े में बेइंतहा जिये जाती हूँ। – सीमा नागर

सुनो, न छू जाते हो तुम

सुनो, न छू जाते हो तुम कितनी बार मुझे एहसास बनकर, कौन कहता है कि तुम दूर हो मुझसे मैं दिसम्बर हूँ और तुम हो जनवरी सी रिश्ता काफी नजदीक का है पर दूरी साल भर की है! बस इतना ही फ़र्क़ है !

– राज मालपाणी

ऐसा हुआ कमाल ,चुनावी मौसम में बदली सबकी चाल,चुनावी

ऐसा हुआ कमाल ,चुनावी मौसम में। बदली सबकी चाल,चुनावी मौसम में। खींचें नेता टाँग ,मढ़ें आरोप सभी , बहुत बुरा है हाल,चुनावी मौसम में । करता रोज प्रचार,दिहाड़ी लेकर के, मँगरू मालामाल,चुनावी मौसम में । मिलते हैं कर जोड़,बड़े दिग्गज नेता, चूम रहे हैं भाल ,चुनावी मौसम में । वे प्रकटे हैं आज ,लुप्त थे जो प्राणी, फेंक रहे हैं जाल ,चुनावी मौसम में। कभी न की परवाह,जिन्होंने जनता की, बजा रहे वे गाल ,चुनावी मौसम में। जाति धर्म को भूल,शक्ति निज दिखला दो, अपने मत को डाल ,चुनावी मौसम में।

– डॉ बिपिन पाण्डेय

करने लगा हूं खुद से सादगी

करने लगा हूं खुद से वफ़ा सादगी के साथ बेशक अब बंदगी निभेगी जिंदगी के साथ तेरा ही अक्स दीखता है हर शै में नामवर होती है इब्तिदा शुरू आवारगी के साथ जिसको ना मिला तू वो रोता है पांचों वक्त कांदे में खिले हैं कमल पाकीज़गी के साथ यह किस हरम के भरम का है गीत चारसू हम बुत को गुनगुनाते हैं दीवानगी के साथ रौशन हुईं मजार तो चादर पर दाग़ था सूरज भी लहुलुहान हुआ तीरगी के साथ।

– नरेन्द्र पाण्डेय

हाथों की लकीरों को कौन बदल पाया है किस्मत के लिखे को कौन

हाथों की लकीरों को कौन बदल पाया है किस्मत के लिखे को कौन बदल पाया है मेहंदी के रंग में तलाशी हों खुशियाँ जिसने लिखा हो अजनबी होना, भाग्य कौन बदल पाया है। –डॉ अर्चना खण्डेलवाल

QUIZ TIME

1) पटना के दीदारगंज से प्राप्त चामर ग्राहिणी यक्षी की प्रतिमा किससे संबंधित है?
2) जब एक छोटे तारे में सुपरनोवा विस्फोट होता है, तो विस्फोट के पश्चात् तारे का अत्यधिक सघन कोर का अवशिष्ट भाग क्या कहलाता है?
3) जुगाली करने वाले पशुओं से किस ग्रीन हाउस गैस का निस्सरण होता है?
4) एक्सेल की वर्कशीट और चार्ट को एचटीएमएल डॉक्युमेंट पर प्रयोग किससे किया जाता है?
5) 2020 टोक्यो ओलम्पिक खेलों के कुश्ती मैचों में अम्पायरिंग करने वाले भारत के एकमात्र रेफरी का नाम बताइए?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) मौर्यकाल (2) व्हाइट ड्वार्फ (3) मीथेन (4) इंटरनेट एक्सप्लोरर (5) अशोक कुमार

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1917 - रूस में नई क्रांतिकारी सरकार का गठन तथा रूस-जर्मनी के बीच युद्ध विराम। 1943 - जापानी हवाई जहाज ने कोलकाता पर बम गिराया।1946 - भारत में होमगार्ड संगठन की स्थापना हुई। 1950 - सिक्किम भारत का संरक्षित राज्य बना। 1960 - अफ्रीकी देश घाना ने बेल्जियम के साथ राजनयिक संबंध समाप्त किये। 1971 - भारत ने बंगलादेश को एक देश के रूप में मान्यता दी। 1974 - माल्टा गणराज्य घोषित। 1990 - विवादास्पद लेखक सलमान रुश्दी दो वर्ष के अंतराल के बाद पहली बार लोगों के सामने आये। 1997 - भगवान बुद्ध की जन्मस्थली लुम्बिनी, इटली में पोम्पेली और हर्म्यूलेनियम स्थल, पाकिस्तान में शेरशाह सूरी निर्मित रोहतास का क़िला और बांग्लादेश में सुंदरवन को यूनेस्को ने विश्व धरोहर में शामिल किया। 1998 - रूस 2002 में भारतीय नौसेना को 'क्रिवाक श्रेणी' के बहुउद्देश्यीय युद्धपोत देने पर सहमत। 1999 - चेचेन्या में रूस ने अस्थायी तौर पर सेना तैनात करने की घोषणा की। भारतीय सुंदरी युक्ता मुखी 'मिस वर्ल्ड' चुनी गई। 2000 - अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रपति चुनाव में जार्ज बुश के पक्ष में फैसला दिया। 2001 - अफ़ग़ानिस्तान में हामिद करजई के नेतृत्व में अंतरिम सरकार के गठन पर चारों गुट सहमत। 2007 - अमेरिका में लड़ाकू विमान एफ़-16 मिसाइलरोधी प्रणाली से लैस किया गया। पाकिस्तान की सर्वोच्च न्यायालय ने आपातकाल तक मीडिया पर लगे प्रतिबन्धों को चुनौती देने वाली एक याचिका को खारिज किया।



सलमान ने आनंद एल राय को दिया अतरंगी रे टाइटिल

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान ने फिलमकार आनंद एल राय को फिल्म 'अतरंगी रे' का टाइटल दिया है। आनंद एल राय निर्देशित 'अतरंगी रे' में अक्षय कुमार, धनुष और सारा अली खान की मुख्य भूमिका हैं। आनंद एल राय ने बताया कि आखिर उन्हें फिल्म का टाइटल कैसे मिला। उन्होंने कहा, मैं फिल्म 'अतरंगी रे' का टाइटल लेने के लिए फिल्म असोसिएशन गया। मुझे वहां 'अतरंगी रे' टाइटल नहीं मिला। सलमान खान ने मुझे 'अतरंगी रे' टाइटल दिया। यह टाइटल सलमान ने अपने प्रॉडक्शन हाउस के एक प्रॉजेक्ट के लिए रजिस्टर किया हुआ था।

आनंद एल राय ने बताया कि सलमान ने उन्हें एक शर्त पर 'अतरंगी रे' टाइटल दिया था। सलमान ने अपने असोसिट्स से कहा था कि वह टाइटल के राइट्स आनंद एल राय को तभी दें, जब वह खुद फिल्म को निर्देशित करें, नहीं तो वह नहीं देंगे। और इस तरह आनंद एल राय को अपनी फिल्म के लिए 'अतरंगी रे' टाइटल मिल गया। 'अतरंगी रे' 24 दिसंबर को डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर रिलीज होगी।

शादी के बाद भी अपनी मां अमृता सिंह के साथ रहना चाहती है सारा

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली ख़ान का कहना है कि वह शादी के बाद भी अपनी मां अमृता सिंह के साथ रहना चाहती है। सारा अली खान अपनी मां अमृता सिंह बेहद प्यार करती है। सारा अली खान का कहना है कि उनकी मां ही उनकी बेस्ट फ्रेंड हैं वो उनके बिना नहीं रह सकतीं। सारा का कहना है कि वह शादी के बाद भी अपनी मां अमृता सिंह के साथ ही रहेंगी यदि किसी को उनसे शादी करनी है तो उसे भी उनके और अमृता के साथ ही उनके घर में रहना होगा।

सारा अली खान ने कहा, ÷मैं शादी भी उसी से करूंगी जो यहां आकर मेरे और मम्मी के साथ रहेगा। मैं उन्हें कभी नहीं छोड़ूंगा। मेरी मां मेरी तीसरी आंख हैं, इसलिए मैं उनसे कभी दूर नहीं भागूंगी।

सारा अली खान ने माधुरी दीक्षित के साथ किया डांस

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड अभिनेत्री सारा अली खान ने धकधक गर्ल माधुरी दीक्षित के साथ डांस वीडियो शेयर किया है, जिसे लोग बेहद पसंद कर रहे हैं। सारा अली खान इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'अतरंगी रे' को लेकर चर्चा में हैं। सारा ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें वह माधुरी दीक्षित के साथ डांस करते नजर आ रही है। सारा अली खान ने अपने इंस्टाग्राम पर माधुरी दीक्षित के साथ डांस करते हुए वीडियो पोस्ट किया हैं।इसके कैप्शन में सारा ने लिखा, चने के खेत में चकाचक किया। पूरी उम्र माधुरी दीक्षित मैम ने प्रेरणा दिया और अब उनके साथ डांस करके खुश हुआ मेरा जिया। आपका बहुत-बहुत धन्यवाद। वीडियो में सारा अली खान लहंगे में दिख रही है और माधुरी दीक्षित ने सलवार सूट पहना हुआ है। दोनों चकाचक सॉन्ग पर माधुरी के सुपरहिट गाने चने की खेत वाला हुक स्टेप कर रही है।

करण जौहर ने शेयर की रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की तस्वीर

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर ने अपनी आने वाली फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है।

बॉलीवुड फिल्मकार करण जौहर इन दिनों फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी बना रहे हैं। इस फिल्म में आलिया भट्ट और रणवीर सिंह मुख्य भूमिका में होंगे। रणवीर सिंह, आलिया भट्ट और करण जौहर इन दिनों दिल्ली में फिल्म रॉकी और रानी की प्रेम कहानी की शूटिंग कर रहे हैं। इसी बीच करण जौहर ने अपने इंस्टाग्राम पर रणवीर सिंह और आलिया भट्ट के नाइट आउट की तस्वीरें शेयर की हैं। फोटोज को रणवीर और आलिया बेहद स्टालिश अंदाज में दिख रहे हैं। इन तस्वीरों को इंस्टाग्राम पर शेयर कर करण जौहर ने कैप्शन लिखा, रॉकी औऱ रानी नाइट आउट पर इन तस्वीरों पर आलिया की मां सोनी राजदान ने कमेंट कर लिखा, 'आइकॉनिक' साथ ही हार्ट और फायर के इमोजी भी शेयर किए हैं।

न्यूज गैलरी

यामागुची पर रोमांचक जीत से सिंधू वर्ल्ड टूर फाइनल्स के खिताबी मुकाबले में

बाली (वार्ता)। ओलम्पिक पदक विजेता भारत की पीवी सिंधू ने जापान की अकाने यामागुची के खिलाफशनिवार को तीन गेमों में संघर्षपूर्ण और रोमांचक जीत दर्ज कर वर्ल्ड टूर फाइनल्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के खिताबी मुकाबले में जगह बना ली। सिंधू ने एक घंटे 10 मिनट तक चले रोमांचक सेमीफ़ाइनल मुकाबले में यामागुची को 21-15, 15-21, 21-19 से पराजित किया। सिंधू का फ़ाइनल में कोरिया की एएन सियंग से मुकाबला होगा जिनके खिलाफ सिंधू का 0-2 का करियर रिकॉर्ड है।

रुपया 10 पैसे टूटा

मुंबई (वार्ता)। आयातकों और बैंकरों की लिवाली के दबाव में आज अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया लगातार दूसरे दिन गिरा और 10 पैसे टूटकर 75.12 रुपये प्रति डॉलर रह गया।

इसके पिछले दिवस रुपया 12 पैसे गिरकर 75.02 रुपये प्रति डॉलर रहा था। दो दिन में रुपया 22 पैसे लुढ़क चुका है। शुरुआती कारोबार में चार पैसे मजबूत होकर 74.98 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और बिकवाली के बल पर 74.95 रुपये प्रति डॉलर पर पहुंच गया। लिवाली के दबाव में यह 75.18 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक उतर गया। अंत में पिछले दिवस के 75.02 रुपये प्रति डॉलर के मुकाबले 10 पैसे टूटकर 75.12 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया।

सोना, चांदी में गिरावट

इंदौर (वार्ता)। स्थानीय सर्राफा बाजार में सोना 100 रुपये तथा चांदी 200 रुपये सस्ती बिकी। उल्लेखनीय है कि सोना- चांदी के भाव में देर रात तक फेरबदल होता रहता है। विदेशी बाजार में सोना 1772 डॉलर तथा चांदी 2235 सेन्ट प्रति औंस बिकी। सोना 49000 रुपये प्रति 10 ग्राम। चांदी 62550 रुपये प्रति किलोग्राम। चांदी सिक्का 750 रुपये प्रति नग।

यथार्थ और यश चमके

नई दिल्ली (वार्ता)। प्रथम केके तिवारी मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल मैच में शिवाजी क्रिकेट अकादमी ने नई दिल्ली के सेंट स्टीफंस ग्राउंड में रण स्टार क्रिकेट क्लब के खिलाफ खेलते हुए 17 रन से जीत दर्ज की। यथार्थ सिंह (52 रन और 2 विकेट) को मैन ऑफद मैच का खिताब मिला।

एजाज ने रचा इतिहास, 10 विकेट झटकने वाले तीसरे गेंदबाज बने

मुंबई। न्यूज़ीलैंड के बाएं हाथ के स्पिनर एजाज पटेल टेस्ट इतिहास में एक पारी में सभी 10 विकेट लेने वाले तीसरे गेंदबाज बन गए हैं। पटेल ने भारत के खिलाफ दूसरे और अंतिम क्रिकेट टेस्ट मैच के दूसरे दिन शनिवार को 47.5 ओवर में 119 रन पर 10 विकेट लेकर यह उपलब्धि अपने नाम की। मुंबई में जन्मे एजाज ने अपने घर पर इतिहास रचा है और विदेशी जमीन पर पारी में 10 विकेट लेने वाले वह पहले गेंदबाज बने हैं। जिम लेकर ने 1956 में पहली बार करके यह कारनामा कर दिखाया था जबकि 1999 में अनिल कुंबले ने इसको दोहराया और अब 2021 में एजाज ने यह कारनामा करके दिखाया।

एजाज पटेल घर से दूर एक पारी में 10 विकेट लेने वाले पहले गेंदबाज बने हैं। लेकर (मैनचेस्टर) और कुंबले (दिल्ली), 10 विकेट लेने वाले पिछले 2 गेंदबाजों ने घरेलू मैदान पर उपलब्धि हासिल की थी। मुंबई का लड़का एक सपना लिए न्यूजीलैंड से वापस मुंबई आता है और सिनेमा की हजारों स्क्रिप्ट के बीच टेस्ट क्रिकेट में एक ऐसी स्क्रिप्ट लिखता है, जिसे आने वाले कई वर्षों तक याद रखा जाएगा। एज़ाज पटेल - इस नाम को अब लेकर और अनिल कुंबले जैसे महान गेंदबाज़ों की उस सूची में शामिल किया जाएगा, जिसमें किसी गेंदबाज़ ने टेस्ट क्रिकेट की एक पारी में 10 विकेट लिए हों। एज़ाज ने टेस्ट क्रिकेट की इस ऐतिहासिक पटकथा को अपनी अंगुलियों द्वारा 48 ओवरों में लिखा। फ़्लाइटेड और फुल लेंथ की गेंद से ललचाया था, कठोर बल्ले से खेला, गेंद बाहर की ओर निकली, बल्ले का बाहरी किनारा लगा और आसान सा कैच स्लिप में, गिल की पारी का अंत। चेतेश्वर पुजारा, आगे निकलकर लेग साइड में खेलना चाहते थे पैरों पर आती फुलर लेंथ की गेंद को, लेकिन गेंद पैरों के पास पड़ने के बाद बाहर की ओर टर्न हुई, बिल्कुल बीट हुए पुजारा और गेंद बैट-पैड को मिस करते हुए स्टंप में जाकर लगी। फुलर लेंथ की गेंद को स्ट्राइड लेकर रक्षात्मक ढंग से खेलना चाहते थे विराट कोहली, लेकिन सीधे बल्ले से खेल नहीं पाए, गेंद पैड पर लगी, अपील और अंपायर ने आउट करार दिया, कोहली ने तुरंत रिव्यू लिया क्योंकि उनके मुताबिक बल्ले का अंदरूनी किनारा लगकर गेंद पैड पर लगी है।

कच्चे तेल पर दबाव, देश में 30वें दिन टिकाव

नई दिल्ली (वार्ता)। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल पर बने दबाव के बीच आज लगातार 30 वें दिन पेट्रोल और डीजल की कीमतों में टिकाव बना रहा। दिल्ली में पेट्रोल 95.41 रुपये प्रति लीटर पर और डीजल 86.67 रुपये प्रति लीटर पर स्थिर है।

कच्चे तेल की कीमतों में तेजी आने पर भारत और अमेरिका सहित अधिकांश प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं द्वारा रणनीतिक तेल भंडार से तेल जारी करने की घोषणा की थी जिससे तेल की कीमतों पर दबाव बना था और ओमीक्रान के कारण इस पर और अधिक दबाव बन गया है। कल अमेरिका में सप्ताहांत पर कारोबार बंद होने पर लंदन ब्रेंट क्रूड 69.88 डॉलर प्रति बैरल पर और अमेरिकी क्रूड 66.22 डॉलर प्रति बैरल पर रहा।

केन्द्र सरकार द्वारा पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में क्रमशः पांच रुपये तथा 10 रुपये प्रति लीटर की कमी करने से देश में इसकी कीमतों में कमी आयी थी। इसके बाद उत्तर प्रदेश, कर्नाटक सहित देश के 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने इन दोनों उत्पादों पर मूल्य वर्धित कर (वैट) में कमी की थी। कल दिल्ली सरकार ने भी पेट्रोल पंप मालिकों के बढ़ते दबाव में पेट्रोल पर वैट में 30 फीसदी की कटौती करने की घोषणा की जिससे आज दिल्ली में पेट्रोल 8.56 रुपये प्रति लीटर सस्ता हो गया। डीजल पर वैट में कोई कमी नहीं की गयी जिसके कारण यह पिछले दिवस के स्तर पर ही है। दिल्ली एनसीआर में उत्तर प्रदेश और हरियाणा द्वारा वैट कम किये जाने से पेट्रोल और डीजल दिल्ली से सस्ता हो गया था जिसके कारण राजधानी में इसकी बिक्री पर काफी असर पर रहा था। इसके कारण डीलरों ने सरकार पर वैट कम करने का दबाव बनाया था।

घरेलू बाजार में 30 वें दिन भी पेट्रोल और डीजल के दाम में कोई बदलाव नहीं हुआ।

बीसीसीआई ने भी दक्षिण अफ्रीका दौरे की पुष्टि की

कोलकाता (वार्ता)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने पुष्टि की है कि भारतीय टीम दक्षिण अफ्रीका के दौरे पर जाएगी। हालांकि इस दौरे के कार्यक्रम में बदलाव होगा और केवल तीन टेस्ट और तीन वनडे मैच खेले जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम में मौजूद चार टी20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले भविष्य में खेले जाएंगे।

शाह ने बताया कि बीसीसीआई ने सीएसए से पुष्टि की है कि भारतीय टीम तीन टेस्ट और तीन वनडे के लिए दौरा करेगा। बाकी के चार टी20 मैच बाद में खेले जाएंगे। दक्षिण अफ़्रीका में नए कोरोना प्रकार ओमिक्रॉन के कारण इस दौरे पर संदेह के बादल थे। दक्षिण अफ्रीका में कई लोग अस्पताल में भर्ती हो रहे हैं और विशेष रूप से गॉटेंग प्रांत में जहां केपटाउन में पहले दो टेस्ट मैच खेले जाने है। नीदरलैंड की टीम सेंचुरियन में पहला वनडे खेलने के बाद तीन वनडे मैचों का अपना दौरा स्थगित करते हुए घर वापस लौट गई। यूरोपियन यूनियन के कई देशों ने अफ्रीका के दक्षिणी देशों पर यात्रा प्रतिबंध भी लगा दिए हैं।

हालांकि इंडिया ए टीम अपनी चार दिवसीय मैचों की सीरीज के लिए वहीं रुकी हुई हैं। दूसरा मैच शुक्रवार को समाप्त हुआ और तीसरा सोमवार को शुरू होने वाला है। यह देखना होगा कि बीसीसीआई और सीएसए कब चार टी20 मैचों को खेलने के लिए सहमत होते हैं क्योंकि 2022 में एक और टी20 विश्व कप खेला जाना है और दोनों टीमों के अन्य क्रिकेट कार्यक्रम निर्धारित है।

एक महीने पहले शुरू होगा पीएसएल का सांतवां सीजन

लाहौर (वार्ता)। पाकिस्तान सुपर लीग (पीएसएल)27 जनवरी 2022 से शुरू होगी, जिसका मसौदा 12 दिसंबर को होगा। मार्च-अप्रैल में ऑस्ट्रेलिया के आगामी दौरे के लिए जगह बनाने के लिए सामान्य से लगभग एक महीने पहले शुरू होने वाली लीग का फ़ाइनल 27 फ़रवरी को होगा।

पिछले दो वर्षों के विपरीत, टूर्नामेंट के लिए केवल दो स्थानों का उपयोग किया जाएगा। कराची में शुरू होने वाले आयोजन के साथ, जहां 27 जनवरी से 7 फ़रवरी तक 15 मैच खेले जाएंगे। इसके बाद सभी मैच ग़द्दाफ़ी स्टेडियम में होंगे, जिसमें फ़ाइनल भी शामिल है।

पीएसएल ने मसौदे से पहले कुछ प्लेयर के श्रेणियों को भी बदल दिया है, विशेष रूप से मोहम्मद रिज़वान, जिन्होंने पिछले साल मुल्तान सुल्तांस की कप्तानी की थी, उन्हें रजत से प्लेटिनम श्रेणी तक के ओहदा तक पहुंचा दिया गया है।

बिटमैक्स ने पेश किया क्रिप्टो उत्पाद अर्न

माहे, सेशेल्स (वार्ता)। वैश्विक क्रिप्टोक्यूरेंसी ट्रेडिंग प्लेटफॉर्म बिटमैक्स ने बिटमैक्स अर्न के लॉन्च की घोषणा की है। कंपनी ने दावा किया है कि ब्याज देने वाला यह उत्पाद सभी सार्वजनिक कमाई उत्पादों के मुकाबले उच्चतम वार्षिक प्रतिशत दर (एपीआर) प्रदान करता है। बिटमैक्स अर्न उत्पाद, एक निर्धारित अवधि के लिए फण्ड की सदस्यता लेने वाले उपयोगकर्ताओं को 14 से 100 प्रतिशत एपीआर के ब्याज भुगतान से पुरस्कृत करता है। इसके अलावा, बिटमैक्स अर्न बाजार में अपने प्रकार का एकमात्र उत्पाद है जो 100 फीसदी बीमा फंड समर्थित है। सभी भुगतानों की गारंटी उद्योग के सबसे बड़े फंडों में से एक बिटमैक्स बीमा कोष द्वारा दी जाती है। बिटमैक्स अर्न पर उपलब्ध पहली क्रिप्टोक्यूरेंसी टेथर है। बिटमैक्स के ग्राहक, जो 7 दिसंबर 2021 से पहले सदस्यता लेते हैं वे प्रति उपयोगकर्ता यूएसडीटी 1000 तक के जमा राशि पर टेथर पर 100 फीसदी एपीआर तक और यूएसडीटी एक लाख तक के जमा राशि पर 14 फीसदी एपीआर तक कमाने के अर्ली बर्ड ऑफर का फायदा उठा सकते हैं। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अलेक्जेंडर हॉप्टनर ने कहा, ÷बिटमैक्स अर्न से कोई भी आसानी से दो अंकों का रिटर्न उत्पन्न प्राप्त कर सकता है।

एशियाई युवा पैरा खेलों 2021 में भारत ने पहले दिन जीते छह पदक

बहरीन (वार्ता)। एशियाई युवा पैरा खेलों 2021 में भारत ने शानदार शुरुआत की है। बहरीन में हो रही प्रतियोगिता के पहले दिन शनिवार को भारत ने छह पदक (एक स्वर्ण, दो रजत और तीन कांस्य) जीते हैं।

खेलो इंडिया एथलीट अनन्या बंसल ने अंडर-20 महिला शॉट पुट (एफ20 श्रेणी) में 7.05 मीटर के सर्वश्रेष्ठ थ्रो के साथ रजत पदक के साथ पदक तालिका में भारत का खाता खोला, जबकि कशिश लाकड़ा ने महिला क्लब थ्रो एफ51 श्रेणी में चल रही प्रतियोगिता में पहला स्वर्ण पदक जीता। वहीं पुरुषों की भाला फेंक (एफ54 श्रेणी) स्पर्धा में लक्षित और पुरुषों की शॉटपुट स्पर्धा में संजय रेड्डी नीलम ने कांस्य पदक जीता।

दिन के अंत तक भारत ने दो और पदक अपने खाते में जोड़े। पुरुषों के शॉट पुट एफ46 वर्ग में विकास भाटीवाल ने रजत, जबकि 400 मीटर टी-46 वर्ग में बेनेट बीजू जॉर्ज ने कांस्य पदक जीता।

नई स्कीम

प्रीमियम का भुगतान केवल 7 या 10 वर्षों के लिए करें

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने लांच किया नया इनकम

नव प्रदेश संवाददाता

मुंबई। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस ने आज एक नया नॉन-पार्टिसिपेटिंग बचत उत्पाद 'आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड इनकम फॉर टुमॉरो (लॉन्ग टर्म)' लांच किया। यह उत्पाद ग्राहकों को या तो नियमित रूप से गारंटीकृत कर-मुक्त 'आय' या '110 प्रतिशत प्रीमियम रिटर्न के साथ आय' हासिल करने का विकल्प प्रदान करता है। ये दोनों प्लान विकल्प 30 साल तक की आय प्रदान करते हैं। इस उत्पाद के तहत दिया जाने वाला जीवन बीमा आय अवधि सहित पॉलिसी की पूरी अवधि के लिए जारी रहता है, जिससे प्रियजनों को वित्तीय सुरक्षा मिलती है। ग्राहकों के पास 7 या 10 वर्षों की प्रीमियम भुगतान अवधि का चयन करने की सुविधा है और वे अपनी आवश्यकताओं के आधार पर 15, 20, 25 या 30 वर्षों की अवधि के लिए आय प्राप्त करने का विकल्प चुन सकते हैं। यह बहुमुखी बचत योजना ग्राहकों को उनके वित्तीय लक्ष्यों जैसे कि बच्चे की उच्च शिक्षा, सेवानिवृत्ति योजना आदि को पूरा करने के लिहाज से सपोर्ट करने के लिए स्थिर आय का एक वैकल्पिक स्रोत बनाने में मदद करती है। इस तरह यह प्लान ग्राहकों को मन की शांति प्रदान करता है। यह ग्राहकों को भविष्य में आमदनी को लेकर होने वाले उतार-चढ़ाव और अनिश्चितता को एक बड़ी हद तक समाप्त करने में भी सक्षम बनाता है।

इस प्लान में 'सेव द डेट' फीचर भी है, जो ग्राहकों को आय शुरू करने के लिए कोई एक ऐसी तारीख चुनने की सुविधा प्रदान करता है जो शादी की सालगिरह और पति या पत्नी के जन्मदिन जैसी विशेष तिथियों के साथ मेल खा सकती है। इससे उन्हें विशेष महत्व की तिथियों पर आय प्राप्त करने में मदद मिलती है।

आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के चीफ डिस्ट्रीब्यूशन ऑफिसर अमित पालटा ने कहा, ''महामारी के बाद की दुनिया में वित्तीय नियोजन की अहमियत पहले से अधिक हो गई है और लोग भी इसके महत्व को समझने लगे हैं। वर्तमान दौर में लोग भविष्य में होने वाली आमदनी के लिए अभी से प्रयास करने लगे हैं या फिर वे स्थिर आमदनी का एक पूरक स्रोत विकसित करने का प्रयास करते हैं। इस जरूरत को समझते हुए, हमने आईसीआईसीआई प्रू गारंटीड इनकम फॉर टुमॉरो (दीर्घकालिक) लांच किया है। चूंकि ग्राहकों को हासिल होने वाली आय की सटीक राशि पता है, इस तरह यह उन्हें एक मजबूत वित्तीय बचत योजना विकसित करने में सक्षम बनाता है। नए जमाने के डिजिटलाइजेशन समाधानों के साथ हमारे ग्राहक-केंद्रित दृष्टिकोण के माध्यम से लोग एक सुरक्षित और वस्तुतः कागज रहित तरीके से इस प्रोडक्ट को हासिल कर सकते हैं।''

जमकर बिक रहे इस कंपनी के इलेक्ट्रिक स्कूटर्स, सिर्फ 46,640 रु. का सबसे सस्ता मॉडल

नई दिल्ली। भारत में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की डिमांड तेजी से बढ़ रही है। हीरो से लेकर टीवीएस, बजाज के अलावा कई नई कंपनियां भी बाजार में उतर चुकी हैं। हालांकि Hero Electric देश की सबसे ज्यादा इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बेचने वाली कंपनी बन गई है। JMK research findings की ताजा रिपोर्ट के मुताबिक, हीरो इलेक्ट्रिक इस समय भारतीय ईवी बाजार में सबसे पसंदीदा ब्रांड है। इस मौके पर हीरो इलेक्ट्रिक ने एक नया कैंपेन - 'भारत की नंबर 1 ईवी कंपनी' लॉन्च किया है।

हीरो इलेक्ट्रिक के मैनेजिंग डायरेक्टर नवीन मुंजाल ने कहा, ÷हम हीरो को भारत के नंबर 1 इलेक्ट्रिक दोपहिया ब्रांड बनाने के लिए ग्राहकों को धन्यवाद देते हैं। हमें खुशी है कि उपभोक्ता जागरूक हो रहे हैं और ईको फ्रेंडली विकल्प चुन रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों में इलेक्ट्रिक वाहनों की मांग में वृद्धि हुई है जिससे हमें भारत का सबसे बड़ा ईवी ब्रांड बने रहने में मदद मिली है।

बता दें कि हीरो इलेक्ट्रिक देशभर में करीब 8 इलेक्ट्रिक स्कूटर्स की बिक्री करती है। कंपनी का सबसे सस्ता इलेक्ट्रिक स्कूटर Hero Electric Flash LX (VRLA) है, जिसकी कीमत 46,640 रुपये (एक्स-शोरूम, दिल्ली) है। दो कलर ऑप्शन में आने वाला यह स्कूटर फुल चार्ज होकर 50 किमी. तक चल सकता है। स्कूटर की टॉप स्पीड 25 किमी. प्रति घंटा की है, जबकि इसे फुल चार्ज होने में 8 से 10 घंटे का समय लगता है।

स्कूल के छात्रों को यातायात नियमों की दी जानकारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक डी. श्रवण के निर्देशन में एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (यातायात) गजेन्द्र सिंह के मार्गदर्शन में रक्षित निरीक्षक अमित सिंह यातायात टीम सउनि शेषनारायण देवांगन, आरक्षक उगेश कुर्रे द्वारा स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल के प्राचार्य एवं शिक्षकगण की उपस्थिति में छात्र, छात्राओं को प्रोजेक्टर के माध्यम से यातायात नियमों एवं संकेतो की विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई जिसमें बच्चों ने यातायात नियमों के जानकारी को गंभीरता से देखे एवं सुना। प्राचार्य द्वारा इसकी प्रशंसा की यह जानकारी समय-सयम पर छात्र/छात्राओं को अनिवार्य रूप से दिया जाना आवश्यक है। साथ ही स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल, राजनांदगॉव के छात्र, छात्राओं को यह जानकारी घर में व अपने आसपास के आम लोगों को बताने और यातायात नियमों के प्रति प्रत्येक नागरिक को जागरूक करने के लिए समझाईश दी गई। वहीं मोटर सायकल चलाते समय हमेशा हेलमेट पहने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट बांधे, बिना लायसेंस वाहन न चलाये, दोपहिया वाहन में दो से अधिक न बैठे, वाहन चलाते समय मोबाईल का इस्तमाल नहीं करें यातायात नियमों का हमेशा पालन करें। समझाईश दी गई।

खो-खो में लेवाई, कबड्डी में बेन्द्री विजेता

भाटापारा/नवप्रदेश। खेल एवं युवा कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन के द्वारा विकासखंड स्तरीय युवा महोत्सव का आयोजन एक से तीन दिसम्बर को शासकीय गजानन्द अग्रवाल महाविद्यालय के मैदान में और मॉडर्न इंग्लिश स्कूल तरेंगा रोड भाटापारा में चल रहा है जिसमें द्वितीय दिवस पुरुष वर्ग खो-खो एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 350 प्रतिभागी शामिल रहे। खो-खो पुरुष वर्ग में प्रथम लेवई एवं द्वितीय कोदवा टीम रही। कबड्डी पुरुष में प्रथम ग्राम बेन्द्री और द्वितीय मयूर स्कूल रहा। मैच में निर्णायक के रूप में एसआर फुटान, बीएल साव वरिष्ठ खेल शिक्षक, डॉ जितेंद्र मिश्रा, राशिद खान, सोनचंद ध्रुव, मुरित ध्रुव, भोलाराम ध्रुव, भेष ध्रुव, फिरोज टंडन, तरुण सेन, चंद्रकांत बागड़े, सागर वर्मा खेल शिक्षक के रूप में अपनी महत्वपूर्ण जिम्मेदारी निभाई।

मोबाइल शॉप व एक सूने मकान में चोरी का प्रयास

डोंगरगढ़/नवप्रदेश। रेलवे चौक स्थित एक मोबाइल शॉप में एवं पुरानी बिजली आफिस के बाजू एक घर में अज्ञात चोरों द्वारा चोरी का प्रयास करने का मामला सामने आया है। हालांकि दोनों जगह चोरों को सफलता हासिल तो नहीं हुई किन्तु बग्गा मोबाइल वर्ल्ड में चोरों ने उपर की छत काटकर दुकान को अंदर से पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। वहीं पुरानी बिजली आफिस के पास यशवंत टीटी के सूने मकान में चोरों को कुछ नहीं मिलने के कारण उनके द्वारा आग लगाने से घर में रखा लाखों का सामान जलकर खाक हो गया। एक ही रात में दो जगह हुई इस चोरी के मामले सामने आने के बाद फिर एक बार डोंगरगढ़ में बाहर के चोरों द्वारा सक्रिय होने की जानकारी सामने आयी है। वही पुलिस गश्त की लापरवाही भी उजागर हुई है। मोबाइल वर्ल्ड राजू बग्गा की दुकान में अज्ञात चोरो ने पीछे से सीढ़ी लगाकर छत के टीना को काट तो लिया वहीं छत में लगे लोहा में लगे ग्रिल को तोड़ने में सफल नहीं होने के बाद उन्होंने दुकान में लगी सजावट की वस्तुओं को तोड़फोड़ कर लाखों का नुकसान पहुंचाया है। इधर यंशवंत टीटी के घर में आगजनी की घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस को एक युवक का एन्ड्राइड मोबाइल फोन भी मिला है, जिसमें उसका फोटो भी है, मोबाइल के नंबर के आधार पर पुलिस पूरे मामले को छानबीन में ली है। माना जा रहा है कि दोनों जगह की चोरी में एक ही गैंग का हाथ है, मौके पर पहुंचे एसडीओपी केके पटेल ने चोरों को जल्द ही पकड़े जाने का दावा किया है।

विधायक ने दी नवीन धान खरीदी केन्द्र की सौगात

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा के अथक प्रयास से बेमेतरा विधानसभा अंतर्गत ब्लाक बेरला के ग्राम कुम्ही (खर्रा) में नवीन धान उपार्जन खरीदी केन्द्र की स्वीकृति प्राप्त हुआ। ग्राम कुम्ही एवं खर्रा के लगभग 950 किसानों को मिलेगा सीधा लाभ लगभग 35 हजार क्विंटल धान की खरीदी होगी। नवीन धान खरीदी केन्द्र की स्वीकृति होने पर ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त किया।

दिव्यांगों को किया गया सम्मान

खरोरा/नवप्रदेश। नगर पंचायत द्वारा अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस पर नगर के दिव्यांगजनों का साल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष अनिल सोनी, सीएमओ रविन्द्र शुक्ला सहित पार्षद भरत कुंभकार, पार्षद तोरण ठाकुर, पार्षद कपिल नशीने, पंचराम यादव, इंजीनियर पुष्कर चन्द्राकर, गोपी साहू, नेहरू निर्मलकर की उपस्थिति में दिव्यांगों को तिलक लगाकर साल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।

प्राथमिक शाला केशला में माता उन्मुखीकरण का आयोजन

खरोरा/नवप्रदेश। प्राथमिक शाला केशला में माता उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ शाला प्रबंधन एवं विकास समिति के उपाध्यक्ष शांति देवांगन, ललिता देवांगन, रजनी देवांगन के द्वारा मां सरस्वती के पूजा अर्चना कर किया गया। अंगना म शिक्षा कार्यक्रम के प्रशिक्षक धनिता शर्मा और प्रभारी गणेश्वरी नवरंगे ने उपस्थित माताओं को अंगना म शिक्षा के 12 बिन्दुओं पर गतिविधि कराते हुए पुनः चर्चा किया गया। कोविड 19, मिडलाइन आकलन, साबुन बैंक की स्थापना पर चर्चा किया गया। शैक्षणिक संगोष्ठी के उपरांत उपस्थित माताओं के बीच कुर्सी दौड़, कंचा दौड़, रस्सी खींच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कुर्सी दौड़ में प्रथम रजनी देवांगन, अंजू सेन द्वितीय, कंचा दौड़ में प्रियंका बंजारे प्रथम, मनीषा गेंडरे द्वितीय, दूसरे ग्रुप में लक्ष्मी धीवर प्रथम, दुर्गेश्वरी यादव द्वितीय, रस्सी खींच में संतोषी प्रथम रही। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में बैंक ऑफ बड़ौदा के शाखा प्रबंधक सुश्री पूजा शर्मा का आगमन हुआ। शाखा प्रबंधक ने सुकन्या समृद्धि योजना, अटल पेंशन, पीपीएफ, जीवन ज्योति, सुरक्षा बीमा के बारे में जानकारी दी।

निधन - डॉ ढालेंद्र साहू

खरोरा/नवप्रदेश। ग्राम चरौदा निवासी डॉ ढालेंद्र साहू 66 वर्ष का निधन शुक्रवार को हो गया। जिनका अंतिम संस्कार उनके गृह ग्राम चरौदा के मुक्तिधाम में किया गया। बड़ी संख्या में गणमान्य नागरिकों ने उपस्थित होकर श्रद्धांजलि अर्पित की। वे नरेंद्र साहू, सतीश साहू व जोंधरा स्वस्थ्य केंद्र मे पदस्थ नेत्र सहायक चिकित्सक डॉ हेम कुमार साहू के पिता थे।

आयुक्त ने लिया शहर के आंतरिक क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का जायजा

■ **दुकान के बाहर सड़क में समान नहीं रखने व कचरा नहीं फेंकने दुकानदारों को दी समझाइश**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर निगम आयुक्त डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने सफाई व्यवस्था निरीक्षण की कड़ी में रामदरबार मंदिर के पास के साथ साथ शहर के आंतरिक क्षेत्रों में सफाई व्यवस्था का जायजा लेकर प्रतिदिन नाली साफ करने, कचरा उठाने व निर्धारित समय तक सफाई कार्य कराने प्र.स्वास्थ्य अधिकारी अजय यादव को निर्देश दिये। साथ ही दुकानदारों को दुकान का समान बाहर न रखने, साफ सफाई रखने समझाईस दी। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी रामदरबार मंदिर के पास सफाई व्यवस्था के निरीक्षण के दौरान कहा कि उक्त क्षेत्र जीई रोड होने के साथ-साथ रहवासी क्षेत्र भी है। जिसे ध्यान में रखते हुये प्रतिदिन नाली के अलावा संपूर्ण क्षेत्र में प्रतिदिन सफाई करें। मंदिर के आसपास कचरा एकत्रित न होने दे। इसी कड़ी में उन्होंने शहर के अंतरिक क्षेत्र फल मार्केट, गोल बाजार, गुडाखू लाईन, जयस्तंभ चौक, मानव मंदिर चौक, सिनेमा लाईन आजाद चौक, गांधी चौक में साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और निर्धारित समय तक प्रति दिन सफाई करने गलियों व सड़कों से कचरा उठाने के निर्देश प्र.स्वास्थ्य अधिकारी को दिये। उन्होंने कहा कि शहर का मध्य क्षेत्र होने के साथ साथ व्यस्तम क्षेत्र है, जिसे ध्यान में रखते हुए साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखा जाये। समय से पहले काम छोड़ कर जाने वाले एवं अनुपस्थित कर्मचारी पर कार्यवाही करें। आयुक्त डॉ. चतुर्वेदी ने सिनेमा लाईन, गुडाखू लाईन के व्यापारियों को समझाईस देते हुये कहा कि आप अपनी दुकान का समान निधारित स्थल पर रखे, सफेद पट्टीका तक न रखे, सफेद पट्टीका के अंदर पार्किंग के लिये छोड़ दे, जिससे दुर्घटना से बचा जा सके। इसके अलावा दुकान का कचरा बाहर न फैके डोर टू डोर कचरा संग्रहण गाडी में ही डाले। मानव मंदिर के संचालक को बाजू के रिक्त जगह में पार्किंग करने के निर्देश दिये।

धान खरीदी केंद्रों में निगरानी के लिए कांग्रेस ने जिला व ब्लॉक स्तर पर 541 लोगों की जारी की सूची

■ **धान खरीदी मे नोडल अधिकारी कर्तव्यों का उवित निर्वहन करें - विजय**

कवर्धा/नवप्रदेश। खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 के अंतर्गत जिले के सहकारी समितियों द्वारा पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी किया जाना है जिसमें भूपेश सरकार की इच्छा अनुरूप कार्यो का क्रियान्वयन प्रशासनिक अमलों एवं किसानों के मध्य कांग्रेस के निष्ठावान कार्यकर्ता सहयोग कर समस्याओं का निराकरण कराने के लिए जिला किसान कांग्रेस द्वारा किसान सहयोग समिति जिला स्तर एवं समिति स्तर पर किया गया है। किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्ष विजय वैष्णव ने कुल 101 समितियों मे 541 सदस्यों सहित किसान सहयोग समिति का गठन किया गया है, वे किसानों की समस्या को उचित निराकरण कराने प्रशासन एवं किसानों के मध्य सेतु का काम करेंगे। विजय वैष्णव ने कहा कि प्रशासनिक अमला में नोडल अधिकारियों से विशेष अपेक्षा है। नोडल ड्यूटी में कोचियों/बिचैलियों/दलालों पर निगरानी, अवैध धान खरीदी पर निगरानी, टोकन जारी करने एवं प्रतिदिन 5 प्रतिशत टोकन का सत्यापन पटवारियों से कराना खरीदी पश्चात शेष टोकन को निरस्त करना, ऋण पुस्तिका में टोकन का मिलान अनिवार्य रूप से करना उपार्जन केन्द्रों में बिजली, पानी, इंटरनेट कनेक्टिविटी, कर्मचारियों की व्यवस्था, स्टेकिंग उचित मापदंड के अनुरूप कराए, उपार्जित धान के भुगतान हेतु आवश्यक राशि, बारदाने एवं परिवहन, प्रतिदिन खरीदी उपरांत केन्द्र मे बारदाने उपलब्धता एवं परिवहन की स्थिति की जानकारी तथा उच्च अधिकारियों, शासन प्रशासन सें प्राप्त निर्देशों के अनुसार दायित्वों का निर्वहन करने के लिए निर्देशित किया है।

ससुर निकला बहू का हत्यारा, हत्या कर लाश को फांसी के फंदे पर लटकाया

कवर्धा/नवप्रदेश। पारिवारिक विवाद के चलते ससुर ने अपनी ही बहू की हत्या कर दी और कानून से बचने के लिए उसकी लाश को फांसी का फंदा बनाकर पेड़ में टांग दिया। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उसकी चालाकी काम नहीं आयी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। मामला कवर्धा जिले के पांडातराई थाना का है।

बता दें कि पांडातराई थाना क्षेत्र के ग्राम अंधियारी खुर्द में एक महिला का शव नीम के पेड़ में फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला। ग्रामीणों की सूचना पर पांडातराई पुलिस मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई कर लाश पीएम के लिए अस्पताल भिजवाया। विवेचना के दौरान पीएम रिपोर्ट में सस्पेक्टेड मौत होना पाया गया। जिस पर थाना प्रभारी पांडातराई सुशील मलिक के द्वारा संदेह के आधार पर मृतिका के ससुर से पूछताछ करने पर हत्या करना स्वीकार किया गया तथा पारिवारिक विवाद के चलते हत्या कर शव को नीम के पेड़ में फांसी के फंदे पर लटका कर पुलिस एवं ग्रामीणों को गुमराह करने की कोशिश करना बताया। पूछताछ में आरोपी दशरथ चंद्रवंशी (75 वर्ष) निवासी साकिन अंधियारी खुर्द के खिलाफ धारा 201 व 302 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

बगारझोला में बैगा जनजाति क्रीड़ा महोत्सव सम्पन्न

गंडई/नवप्रदेश। विशेष केंद्रीय सहायता मद (बैगा प्रकोष्ठ) के अंतर्गत विशेष जनजातीय बैगा सांस्कृतिक कार्यक्रम ग्राम पंचायत चोभर विकास खण्ड छूइखदान में मुख्य कार्यपालन अधिकारी छूइखदान के प्रयोजन में जनसेवा हस्तशिल्प कला संस्था बोरतलाब डोंगरगढ़ द्वारा आयोजित व भरपूर सहयोग ग्राम पंचायत चोभर के संयुक्त तत्वाधान में सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा के दिशा निर्देशानुसार अति पिछड़ा आदिवासी बैगा ग्रामों में जनचौपाल के माध्यम से जनपद स्तर के सभी विभागों के द्वारा स्टाल लगाकर आदिवासियों के उत्थान के लिये उनकी संस्कृति संसार को विलुप्त होने से बचाये रखने बैगा पारम्परिक वेष भूषा में बैगा पारम्परिक सांस्कृतिक कार्यक्रम का एक दिवसीय आयोजन ग्राम पंचायत चोभर के आश्रित ग्राम बगार झोला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जिपं सदस्य ममता पाल, रमेश साहू अध्यक्ष ब्लाक कांग्रेस गंडई, चन्द्रभूषण यदु जिला महामंत्री, वरिष्ठ पत्रकार दिलीप शुक्ला, जपं सीईओ छुईखदान प्रकाश चंद्र तारम, पंचायत इंस्पेक्टर मोहित ध्रुव, जनपद पंचायत छुईखदान के सभी उपस्थित अतिथियों का सम्मान किया गया।

हिन्दू शौर्य जागरण संकल्प महासभा के प्रचार के लिए महिलाओं ने निकाली स्कूटी रैली

कवर्धा/नवप्रदेश। विश्व हिन्दू परिषद के आव्हान पर स्थानीय करपात्री स्टेडियम में 6 दिसम्बर को कवर्धा में आयोजित होने वाले हिन्दू शौर्य जागरण संकल्प महासभा के प्रचार प्रसार में महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। कवर्धा के मातृशक्ति की भी उपस्थिति रहे इसके लिए शनिवार को महिलाओं ने स्कूटी रैली का आयोजन किया।

रैली की शुरुवात महामाया मंदिर से की गयी जो राजमहल चौक, बूढ़ा महादेव मंदिर, यूनियन चौक, ऋषभदेव चौक, दर्रीपारा, नवीन बाजार, गुरुनानक चौक, मेन मार्केट, एकता चौक होते हुए संघ कार्यालय विवेकानंद वाचनालय में रैली का समापन किया गया। इस दौरान भगवा ध्वज लिए महिलाओं ने भगवा पगड़ी और भगवा परिधानों में जय श्री राम व कवर्धा चलो के नारे के साथ 6 दिसम्बर हिन्दू शौर्य जागरण संकल्प महासभा में शामिल होने के लिए जन मानस से अपील की। रैली के समापन के अवसर पर स्वामी परमात्मा नंद ने मातृशक्ति की उपस्थिति 06 दिसम्बर को अधिक हो इस आशय से उद्बोधन दिया।

कार्यक्रम की सफलता व प्रचार प्रसार के लिए पहुंचे अनेक संत लगातार नुक्कड़ सभाओं को संबोधन कर जन जागृति के दिशा में कार्य कर रहे।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

केंद्र के साथ बात करने...

खिलाफ मामले वापस नहीं लिए जाते वे वापस नहीं जाएंगे। आज सरकार को एक स्पष्ट संकेत दिया गया है कि जब तक कि किसानों के खिलाफसभी मामले वापस नहीं लिए जाते हम आंदोलन वापस नहीं लेने वाले हैं।

प्रदर्शनकारी किसान सरकार से एमएसपी गारंटी कानून की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि यह मांग पूरी हुए बिना किसान पीछे हटने वाले नहीं हैं। प्रदर्शनकारियों में राजस्थान, हरियाणा और पंजाब के किसान शामिल हैं।

किसान नेताओं ने शुक्रवार को कहा था कि केंद्र को एमएसपी पर बनी कमेटी के लिए पांच नाम भेजने का निर्णय बैठक में किया जाएगा क्योंकि सरकार से उन्हें कोई औपचारिक संदेश प्राप्त नहीं हुआ है।

केंद्र सरकार ने सोमवार को संसद में तीनों विवादास्पद कृषि कानूनों को वापस लेने के लिए विधेयक पारित किया था। संयुक्त किसान मोर्चे की आज की बैठक में किसान आंदोलन के दौरान उत्पन्न स्थितियों- किसानों की मौत, किसानों पर मुकदमे वापस लेने और लखीमपुर खीरी की घटना पर भी विस्तार से चर्चा हुई।

राकेश टिकैत को मिलेगा ...

विवादित कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा की थी। हालांकि किसान आंदोलन अब भी समाप्त नहीं हुआ है। राकेश टिकैत और प्रदर्शनकारी किसान आंदोलन के दौरान मारे गए 700 से अधिक किसानों के परिवारों को मुआवजा देने तथा फसल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (स्र्स्क) की कानूनी गारंटी दिए जाने की मांग कर रहे हैं।

गौरतलब है कि केंद्र के तीन नए कृषि कानूनों को लेकर गतिरोध बना हुआ था। कानूनों को रद्द किए जाने के बावजूद किसान एमएसपी जैसे कई मुद्दों को लेकर सरकार के साथ आर-पार की लड़ाई का ऐलान कर चुके हैं। इसके लिए दिल्ली की सीमाओं पर किसानों का आंदोलन अब भी जारी है। किसानों ने सरकार से जल्द उनकी मांगें मानने की अपील की है।

टल गया खतरा! चक्रवात ...

और इसके बाद यह उत्तर की तरफ ओडिशा के तट की तरफ गहरे दबाव के क्षेत्र के रूप में पुरी के पास जा सकता है। बुलेटिन में कहा गया कि इसके बाद 'जवाद' के और कमजोर होने और उत्तर-पूर्वोत्तर की तरफ ओडिशा से पश्चिम बंगाल के तट की ओर बढ़ने के आसार हैं। भुवनेश्वर के मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी यू एस दास ने कहा, ÷यह समुद्र में कमजोर पड़ने के बाद गहरे दबाव के रूप में पुरी के तट से टकरा सकता है।

विशेष राहत आयुक्त पी के जेना ने शुक्रवार को बताया था कि चक्रवात बंगाल की खाड़ी से जाने से पहले पुरी जिले के आसपास टकरा सकता है। उन्होंने शनिवार को ट्वीट किया, ÷एक छोटी सी अच्छी खबर है। चक्रवात के पुरी तट पर पहुंचने तक वह कमजोर पड़ सकता है। मौसम विभाग के ताजा बुलेटिन में यह जानकारी सामने आई है।÷

कोयला घोटाला : हरियाणा ...

प्रकाश इंडस्ट्रीज लिमिटेड और कंपनी के अन्य अधिकारियों ने गलतबयानी की और तथ्यों को छुपाया जिसमें कोयला ब्लॉक आवंटन प्रक्रिया के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए झूठी उत्पादन क्षमता और वित्तीय स्थिति प्रस्तुत करना और 2003 में छत्तीसगढ़ में छोटिया कोयला ब्लॉक को धोखाधड़ी से प्राप्त करना शामिल है।

दुनिया में किसी से ...

लाएं हैं, उनमें कोई भेदभाव नहीं है और सभी के लिए योजनाएं लाएं हैं। हमने वोट बैंक की राजनीति को कभी आधार नहीं बनाया। सिर्फ सेवा व समपर्ण को को आधार बनाया। कहा कि जब हमारा देश मजबूत होगा तो हर परिवार भी मजबूत होगा।

INDIAN BANK

शुद्धिपत्र – मांग सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि दिनांक 03.12.2021 को नवप्रदेश, रायपुर संस्करण में प्रकाशित मांग सूचना- मैसर्स पुष्पक पुस्तकालय के मांग सूचना मे भूलवश लिमिट- 20,00,000/- हो गया था, जिसे अब लिमिट- 50,00,000/- के सही रुप मे पढ़ा जाये। अब उन्हें सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जा रहा है। बाकी सभी नियम एवं शर्तें यथावत रहेंगी।

हस्ताक्षरित
प्राधिकृत अधिकारी

कार्यालय कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, खण्ड-बेमेतरा (छ.ग.)
Phone No. 07824-222118 email : eebem-phe-cg@nic.in

// संशोधन सूचना //

इस कार्यालय का ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना क्रमांक 212, 215, 217/त.शा./ का.अ./ दिनांक 18.11.2021 (सिस्टम नं. 87225, 87228, 87230) को आमंत्रित किया गया था। उक्त निविदा को अपरिहार्य कारण से निरस्त किया जाता है।
(पूर्व जी. क्रमांक- 65280)

जी-65576/7

कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड
बेमेतरा (छ.ग.)

OFFICE OF THE SUPERINTENDING ENGINEER
PBULIC WORKS DEPARTMENT, E/M CIRCLE, RAIPUR (C.G.)
e-Procurement Tender Notice

Online tenders are invited on behelf of Governor of Chhattisgarh from contractors, Registered contractor class in "D" & above C.G. P.W.D. For Form "A" (Percentage Rate Tender) in new Registration sysrem (nuified Registration system) for the following work :-

NIT No.	Name of work	Probable amount of cotract	Last date of bid submission
73/SE E/M/2021-22 (1 Call) System Tender No. 87811	Line Shifting and Height raising and shifting of LT Line, 11 KV Line, 11 KV DP Line, Transformer and 33 Line at Village Dewada to Funda Nala Under Block- Patan, Distt. Durg (C.G.) (Part-I) KAWARDHA	Rs. 63.39 Lacs	21.12.2021

Note :-
The tender documents can be downloaded from the web portal http://eproc.cgstate.gov.in. Only those contractors/ bidders, interested in bidding shall pay the tender document cost online.

G-65568/5

Superintending Engineer
P.W.D. E/M Circle Raipur (C.G.)

विकास का वादा- मजबूत इरादा
आपकी थी चाह, हमने बनाई राह
Credible Chhattisgarh विश्वसनीय छत्तीसगढ़
गढ़बो नवा छत्तीसगढ़

केनरा बैंक Canara Bank — रायपुर मुख्य शाखा-II, रायपुर (छ.ग.)

अचल संपत्ति के लिए कब्जे का नोटिस परिशिष्ट IV नियम 8(1)

क्र. सं.	ऋणी/शाखा का नाम	कब्जाधीन सम्पत्ति का विवरण	मांग सूचना राशि	मांग सूचना तिथि / कब्जा सूचना तिथि
1.	श्रीमती अफसाना बेगम पति- शफीक खान एवं श्री शफीक खान पिता- शेर खान मुख्य शाखा-II, रायपुर	मकान नं. 813, खाता नं. 1130, भाग-1, खसरा नं. 302/1 प.ह.नं. 104/58, वार्ड नं. 66, पंडित सुंदर लाल शर्मा वार्ड, मौजा- डंगनिया, सुंदर नगर, रायपुर छत्तीसगढ़, क्षेत्रफल- 1540 वर्गफीट में स्थित आवासीय मकान। चौहद्दी- दक्षिण की ओर- देवांगन का मकान, उत्तर की ओर- विक्रेता का मकान, पश्चिम की ओर- गरिमा का मकान, पूर्व की ओर- सड़क।	₹ 26,64,288.70/- ब्याज एवं उस पर लागू शुल्क के साथ।	12.11.2020 / 02.12.2021

दिनांक : 04.12.2021, स्थान: रायपुर (छ.ग.) — प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना, नवा रायपुर
पांचवा तल, व्यवसायिक परिसर (दक्षिण-पूर्व कार्नर), सेक्टर-27, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
E-mail id : 1. cmzone2@yahoo.com 2.eozone3cghb@gmail.com

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीचे दर्शाये गये आबंटियों को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा आबंटित भूखँड/ भवन को फ्री-होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस आम सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के अंदर कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज के साथ अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में कार्यालयीन दिवस में प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात कोई भी आपत्ति स्वीकार नहीं होगी।

क्र.	आबंटी का नाम	पिता/पति का नाम	आयु	कालोनी का नाम	भू-खण्ड/भवन क्रमांक
1	2	3	4	5	6
1	श्रीमती कृष्णा लेखवानी	श्री एस.सी. लेखवानी	57	सेक्टर-27 नवा रायपुर अटल नगर	पी2ए-629
2	श्रीमती स्नेहलता हुमने	श्री डॉ. अमन हुमने	50	- तदैव -	पी2ए-286
3	श्रीमती पूनम शर्मा एवं श्री ऋषि उपमन्यु	श्री ऋषि उपमन्यु/ श्री एच.बी. शर्मा	42 47	- तदैव-	पी3ए-727

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र राजधानी परियोजना
नवा रायपुर अटल नगर जिला-रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

कमला कॉलेज में 22 दिवसीय वेल्यू एडेड कोर्स का समापन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय, राजनांदगांव के क्रीड़ा विभाग एवं आईक्यूएसी के तत्वाधान में 22 दिवसीय (32 घंटा) वेल्यू एडेड कोर्स मुख्य अतिथि इरफान उल रहिम खान, पुलिस अधीधक, पुलिस ट्रेनिंग स्कूल राजनांदगांव के आतिथ्य में संपन्न हुआ। उक्त प्रशिक्षण सेन्साई मुरली भारद्वाज के मार्गदर्शन में नेहा यादव, करण साहू एवं इशब सिंह द्वारा संपन्न कराया गया। डॉ. नीता एस. नायर क्रीड़ाधिकारी शासकीय कमलादेवी राठी स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय राजनांदगांव कार्यक्रम की शुरूआत में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुमन सिंह बघेल ने कार्यक्रम को बहुत उपयोगी बताया एवं कहा कि इससे छात्राएं आत्मरक्षा करने में सक्षम होंगी एवं उनमें आत्म विश्वास की भावना बढ़ेगी। मुख्य अतिथि इरफान उल रहिम खान ने छात्राओं को अपने जीवन में लक्ष्य निर्धारित कर उसमें डटे रहने को कहा। साथ ही अपने आप को शारीरिक एवं मानसिक रूप से सशक्त बनाने के लिए इस तरह के खेल गतिविधियों में निरंतर भाग लेने हेतु प्रेरित किया। महाविद्यालय की क्रीड़ाधिकारी ने मुख्य अतिथि का परिचय कराते हुए बताया कि वे राष्ट्रीय स्तर के निशानेबाजी के खिलाड़ी रह चुके है। साथ ही फुटबॉल एवं हॉकी में विश्व विद्यालय का प्रतिनिधित्व किया है एवं एनसीसी कैटेड भी रह चुके है। डॉ. नीता एस नायर ने इस वेल्यू एडेड कोर्स के उद्देश्य बारे में बताया एवं जानकारी दी की, इसमें 110 छात्राओं ने भाग लिया।

प्रतिदिन प्रातः 9 से 10.30 बजे तक इसका प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रही एक छात्रा माला, बीएससी द्वितीय वर्ष ने इस कार्यक्रम को बहुत उपयोगी बताया एवं इस तरह के कार्यक्रम को निरंतर आयोजित करने हेतु प्राचार्य से अनुरोध किया। प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे रमन साहू ने सभी छात्राओं को खेल गतिविधियों में भाग लेने हेतु प्रोत्साहित किया एवं कहा कि स्टॉफ के लिए योगा में भी इस तरह के प्रशिक्षण की व्यवस्था की जाए। छात्राओं द्वारा कराते के आत्मरक्षा हेतु सिखाए गए विभिन्न तकनीकों का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के अंत में प्राचार्य द्वारा मुख्य अतिथि इरफान उल रहिम खान को स्मृति चिन्ह भेंट कर मुख्य प्रशिक्षक मुरली भारद्वाज को श्रीफल एवं शाल देकर सम्मानित किया। आईक्यूएसी प्रभारी डॉ. जयसिंग साहू ने सभी अतिथि एवं उपस्थित प्राध्यापकों एवं छात्राओं का धन्यवाद ज्ञापन किया।

केहका में अमला जुटा टीकाकरण महा अभियान में

साजा/नवप्रदेश। ब्लाक के ग्राम केहका में आज 4 दिसम्बर को शासन द्वारा चलाये जा रहे टीकाकरण महा अभियान में पूरा अमला जुटा रहा। जिसके तहत घर, कोठार, खेत, खलिहान जहां लोग मिले वहां पर जाकर लोगों को कोरोना का टीका लगाया गया। जिसके कारण आज पूर्ण रूप से 18 वर्ष से अधिक के नागरिकों को टीकाकरण पूर्ण हो गया हैं। इस अवसर पर ग्राम सरपंच हेमलता सिंहा, उप सरपंच नरेंद्र ठाकुर, सचिव कुंवर सिंह, रोजगार सहायक रजब खान, पंच पवन ठाकुर, आपरेटर चंद्रभान सेन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता राधिका सिंहा, सविता सिंहा, स्वास्थ्य कार्यकर्ता शशि कोठारी, कोटवार छबि चौहान, मितानीन प्रमिला ठाकुर, मंगतिन सिंहा, शिक्षक राधे सिंहा, राजेश सिंहा सहित ग्रामवासीगण उपस्थित रहें।

1164 बकाएदार उपभोक्ताओं से 39 लाख 28 हजार की बकाया राशि वसूली

380 बकायादारों के काटे गये बिजली कनेक्शन

राजनांदगांव/नवप्रदेश। डोंगरगढ़ एवं छुरिया क्षेत्र में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा बकायेदार उपभोक्ताओं से बकाया राजस्व वसूली के लिए निरंतर सघन अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में डोंगरगढ़ संभाग के सभी वितरण केन्द्र यथा डोंगरगढ़ षहर एवं ग्रामीण, ढ़ारा, मुसराकला, छुरिया, लालबहादुर नगर एवं सड़क चिरचारी में बकायेदार उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शनों के विच्छेदन की कार्यवाही करते हुए ऐसे 380 विद्युत कनेक्शन विच्छेदित किये गये। इस अभियान में 1164 बकायादार उपभोक्ताओं से 39 लाख 28 हजार रूपए की राशि का भुगतान भी प्राप्त किया गया। पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी द्वारा उपभोक्ताओं को निर्धारित समयावधि में बिजली बिल भुगतान के लिए स्पॉट बिलिंग के माध्यम से विद्युत देयक जारी किये जाते हैं। उसके बाद बिजली बिल के देयकों के भुगतान में विलंब होने पर कई दफा सूचना देने के बाद भी बिल नहीं पटाने वाले उपभोक्ताओं के बिजली कनेक्शन को विच्छेदित करने की कार्यवाही की जा रही है। डोंगरगढ़ संभाग के कार्यपालन अभियंता केवी मैथ्यू ने जानकारी देते हुए बताया कि डोंगरगढ़ एवं छुरिया उपसंभाग स्तर पर सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता स्तर के अधिकारियों की गठित टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुए 380 उपभोक्ताओं पर 13 लाख 13 हजार रूपए बकाया राशि के भुगतान नहीं किये जाने पर उनके विद्युत कनेक्शन काट दिए गये हैं। इस अभियान के दौरान जांच दलों द्वारा 112 उपभोक्ताओं के विद्युत कनेक्शनों जांच की गई तथा 168 नग सिंगल फेज एवं 6 नग थ्री फेज खराब/बंद मीटरों को बदलने की कार्यवाही भी की गई। कार्यपालन अभियंता मैथ्यू ने बताया कि शासकीय विभागों के लंबित बकाया राशि भुगतान के लिए विभाग प्रमुखों को नोटिस देकर मौखिक रूप से भी अवगत कराया गया है।

निषाद समाज के पदाधिकारियों की शपथ ग्रहण में पहुंचे मंत्री डहरिया

आरंग/नवप्रदेश। प्रदेश के नगरीय प्रशासन, विकास एवं श्रम मंत्री डॉ. शिव डहरिया नगरीय निकाय चुनाव के चलते अपने प्रभार वाले जिला कोरिया- सरगुजा प्रवास में थे तथा उसी समय स्वयं के निर्वाचन क्षेत्र आरंग में छत्तीसगढ़ निषाद समाज आरंग परिक्षेत्र के नवनिर्वाचित पदाधिकारीयों का शपथ ग्रहण एवं सम्मान समारोह का भी कार्यक्रम निषाद समाज के द्वारा रखा गया था। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि डॉ. शिवकुमार डहरिया को भी सम्मिलित होना था, किन्तु कोरिया-सरगुजा से आरंग (बेनीडीह) की दूरी अधिक होने के कारण निषाद समाज के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में सम्मिलित होना मुश्किल हो रहा था। तब मंत्री ने मुख्यमंत्री से चर्चा कर हेलीकॉप्टर की व्यवस्था कर निषाद समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को शपथ दिलाने व ग्रामवासियों का उत्साह बढ़ाने कोरिया- सरगुजा से आरंग के ग्राम बेनीडीह पहुंच गये। मंत्री को हेलीकॉप्टर से अपने गांव में उतरते देख गांव वाले खुशी से झुमने लगे तथा पटाखे फोड़कर राऊत नाचा के माध्यम से मंत्री का स्वागत वंदन किया।

21 नग मवेशियों को कत्लखना ले जा रहे वाहन जब्त

राजनांदगांव/नवप्रदेश। डोंगरगढ़ चौकी प्रभारी उप निरीक्षक दिनेश यादव के नेतृत्व में हमराह स्टाफ के 3 दिसंबर को रात्रि में मुखबीर से सूचना मिली कि ग्राम बढ़ईटोला कि ओर से वाहन टाटा 1412 सीआर एक्स क्रमांक सीजी 08-एएच 3670 से अवैध रूप से मवेशी भरकर कत्लखाना महाराष्ट्र ले जा रहा है कि सूचना पर ग्राम बिजनापुर पक्की रोड में स्टाफ के साथ नाकाबंदी कर उक्त वाहन को पकड़ा गया। चालक अंधेरा का फायदा उठाकर फरार हो गया 21 नग मवेशियों को कत्लखना ले जाते वाहन टाटा 1412 सीआर एक्स. क्रमांक सीजी 08-एएच 3670 को पकड़कर जप्ती की कार्यवाही किया गया है।

एनएसयूआई ने किया कैंपस चलो अभियान का पोस्टर का विमोचन

राजनंदगांव/नवप्रदेश। एनएसयूआई ने कैंपस चलो अभियान के तहत शहर के शासकीय शिवनाथ महाविद्यालय एवं शासकीय कमला महाविद्यालय में कैंपस चलो कार्यक्रम का पोस्टर विमोचन किया। मुख्य रूप से कैंपस चलो कार्यक्रम के प्रभारी पलाश लिमेश मौजूद रहे। एनएसयूआई कैंपस चलो कार्यक्रम के प्रभारी पलाश लिमेश ने छात्र-छात्राओं के बीच जाकर उनसे संवाद किया की समस्याओं को जानना चाहा एवं उनके सुझाव को लेकर महाविद्यालय के प्राचार्य से अवगत कराकर उनका निराकरण कराया। एनएसयूआई जिला अध्यक्ष विप्लव शर्मा ने कहा कि एनएसयूआई राजनीति की प्रथम सीढ़ी है और विश्व का सबसे बड़ा छात्र संगठन है जो हमेशा छात्रों के हित में कार्य करता रहता है और शासन के द्वारा छात्रों के लिए चलाई जा रही योजना के बारे में जानकारी दी। एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष राजा यादव ने कहा कि कार्यक्रम प्रभारी पलाश लिमेश ने महापौर हेमा देशमुख से भेंट की एवं कांग्रेस के पदाधिकारियों से भी मुलाकात की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से एनएसयूआई प्रभारी पलाश लिमेश, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष विप्लव शर्मा, जिला उपाध्यक्ष राजा यादव, जिला उपाध्यक्ष अमर झा, शुभम शुक्ला, प्रांजल शुक्ला, सुनील राय, उमेश साहू, आदित्य वैष्णव, कुशल रजक, रिमझिम श्रीवास्तव, प्रिया खत्री, नेहा वैष्णव, मुस्कान खरे, हर्ष मोहबिया, आभा साहू, आदित्य वैष्णव, शुभम प्रजापति, यमन संडे, यस, टिकेश दशहरे, चमन मणिकपुरी, उज्जवल साहू, चेतन साहू, अंकुश साहू, सौरभ बघेल, आदित्य वैष्णव, दानिश खान, थानेश साहू, सुरेंद्र दास, आशीष रजक, संतोष वर्मा, कशिश देवांगन, जयंत वर्मा, सतीश साहू एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

साजा में दिखा टीकाकरण महाअभियान का जोर

साजा/नवप्रदेश। नगर पंचायत साजा में 4 दिसम्बर को शासन द्वारा चलाये जा रहे टीकाकरण महा अभियान में वार्ड क्रमांक 01 के डाकवर यादव को कोविड़-19 टीकाकरण का पहला डोज लगाया गया। वार्ड क्रमांक 01 आज पूर्ण रूप से 18 वर्ष से अधिक के नागरिकों को टीकाकरण पूर्ण हो गया हैं। इस अवसर पर नगर पंचायत साजा अध्यक्ष शालिनी जायसवाल, विधायक प्रतिनिधि मनोज जायसवाल, नर्स रीना साहू, मितानिन सुनीता यादव, रूखमणी वर्मा, राजू ध्रुव, सुरेश वर्मा, संजू यादव, टुब्लू राम सिन्हा उपस्थित रहें।

एकता कप टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला मुख्यालय के हृदय स्थल बेसिक स्कूल मैदान पर शुक्रवार को टेनिस बाल क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ हुआ। स्व. राजरानी छाबड़ा की स्मृति में एकता क्रिकेट क्लब बेमेतरा द्वारा आयोजित। शुभारंभ अवसर पर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला साहू, पार्षद रश्मि मिश्रा, पार्षद रानी सेन, अजित छाबड़ा विद्यालय प्रतिनिधि शा. बालक उ.मा. विद्यालय ने बल्लेबाजी करते प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। नपा अध्यक्ष ने कहा कि जिले के इस एतिहासिक मैदान में शुरू से ही क्रिकेट का रोमांच हमारे नगर में क्रिकेट प्रेमियों को देखने को मिलता रहा है और आगे भी यह रोमांच बरकार रहेगा। धन्यवाद देना चाहती हूं आयोजन समिति को जिन्होंने 20 वर्षो से बेसिक मैदान को इस तरह के आयोजन करके सुशोभित रखा है। ऐसा आयोजन मैदान व शहर का गौरव है। बिना भेदभाव के हमें खेल खेलना चाहिए, चाहे वह कोई सा भी खेल हो। आयोजन समिति व सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाये देते उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्लब अध्यक्ष नन्नू रजक ने बताया कि प्रतियोगिता में पहला इनाम 40 हजार व दूसरा 20 हजार रखा गया है। इस प्रतियोगिता का यह लगातार 20वां वर्ष है। शुक्रवार को उद्घाटन मुकाबला शहर के दो टीम समीर 11 व पाटकर 11 के बीच हुआ। पहले मुकाबले में पाटकर 11 ने निर्धारित 8 ओवरों में 131 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करते समीर 11 ने 45 रन ही बना पाई। इस तरह पहले मुकाबले में पाटकर इलेवन विजयी रही।

AXIS BANK

एक्सिस बैंक लिमिटेड – असेस्ट सेल्स सेंटर, द्वितीय तल, चावला चेम्बर्स, न्यू बस स्टैण्ड के सामने, जीवन बीमा मार्ग पण्डरी, रायपुर-492004

डिमांड नोटिस

नियंत्रण कार्यालय : एक्सिस हाऊस, बाम्बे डाईंग कम्पाउण्ड, पांडुरंग बुधकर मार्ग, वर्ली, मुम्बई-400025

एतद् द्वारा एक नोटिस दिया गया है कि निम्नलिखित उधारकर्ताओं ने बैंक से प्राप्त ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज का भुगतान करने में चूक की है और कहा है कि सुविधाएं गैर-निष्पादित संपत्ति बन गई है। वित्तीय आस्तियों के प्रतिभूतिकरण व पुर्ननिर्माण और सुरक्षा ब्याज अधिनियम 2002 के प्रवर्तन की धारा 13 (2) के तहत नोटिस जारी किया गया था। हालांकि उनके ज्ञात पतों का उपयोग नहीं किया गया है इसलिए इसके बारे में सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है।

शाखा : एक्सिस बैंक लिमिटेड, असेस्ट सेल्स सेंटर, द्वितीय तल, चावला चेम्बर्स, न्यू बस स्टैण्ड के सामने, जीवन बीमा मार्ग पण्डरी, रायपुर-492004

क्र.	उधारकर्ता एवं सह उधारकर्ता का नाम व पता	जिस संपत्ति पर ऋण लिया गया उसका पता	नोटिस जारी होने की तिथि	बकाया शेष (दावा) रु. में	ऋण वितरण रु. में
1	**आवेदक** 1 **श्री हिरेश सिंह परिहार** नं. एम 2181 कबीर नगर कंचनजंगा काम्पलेक्स के सामने रायपुर 492001 2 **श्रीमती रिकी परिहार** पति हिरेश सिंह परिहार नं. एम 2181 कबीर नगर कंचनजंगा काम्पलेक्स के सामने रायपुर 492001	भूमि एवं भवन के समस्त भाग एमआईजी-II-81, फेस-1, ख.नं. 613/29, प.ह.नं. 107 मौजा ग्राम- सनडोंगरी (कबीर नगर) कबीरनगर रा.नि.मं. रायपुर-1 रामकृष्ण परमहंस वार्ड-02 जिला-रायपुर (छ.ग.) **सीमाएं :-** उत्तर-एमआईजी-II-82, दक्षिण-एमआईजी-II-80 पूर्व- रोड, पश्चिम- एमआईजी-II- मकान	17.11.2021	रु. 18,80,127.00	रु. 18,90,000.00
2	**आवेदक** 1 **लखविंदर सिंह** पिता अवतार सिंह एलआईजी 223 वीर सावरकर हीरापुर एमपीएचबी कालोनी, रायपुर 492001 2 **सुखविंदर कौर** एलआईजी 223 वीर सावरकर हीरापुर एमपीएचबी कालोनी, रायपुर 492001	भूमि एवं भवन के समस्त भाग म.नं. एलआईजी-II/223 स्ला.-2, ख.नं. 238/1, 482/1, 579/2, 482/4, 475, 481 और 482/7, रकबा 55.65 (599 वर्गफीट) निर्माण एरिया ग्राउंड फ्लोर 450 वर्गफीट, स्थित मौजा-हीरापुर सी.पी. नं. 103, वार्ड नं. -1 वीर सावरकर नगर रायपुर तहसील+ जिला-रायपुर (छ.ग.) **सीमाएं :-** उत्तर- एलआईजी-1 प्लाट, दक्षिण- रोड पूर्व- एलआईजी 12/272, पश्चिम- एलआईडी 12/24	17.11.2021	रु. 1,867,536.00	रु. 11,04,045.00
3	**आवेदक/उधारकर्ता** 1 **श्री मनीष चंदानी** पिता संतोष चंदानी पवन कुटीर, नुपूर जिम के पास सेक्टर-1 शंकर नगर, रायपुर- 492001 2 **श्री संतोष चंदानी** पिता केशोमल चंदानी पवन कुटीर, नुपूर जिम के पास सेक्टर-1 शंकर नगर, रायपुर- 492001 **आवेदक/उधारकर्ता** 3 **विश्वास चंदानी** पिता संतोष चंदानी पवन कुटीर, नुपूर जिम के पास सेक्टर-1 शंकर नगर, रायपुर- 492001 4 **श्रीमती मीना चंदानी** पवन कुटीर, नुपूर जिम के पास सेक्टर-1 शंकर नगर, रायपुर- 492001	भूमि का ख.नं. 325/2, क्षेत्रफल 1525 वर्गफीट प.ह.नं. 13 रा.नि.मं. रायपुर-1, महर्षि वाल्मिकी वार्ड-28, मौजा-तेलीबांधा अवंति विहार, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) **सीमाएं :-** उत्तर- मीना देवी चंदानी का मकान, दक्षिण- नवीन मोटवानी का घर, पूर्व- रोड पश्चिम- लता आहूजा का मकान	17.11.2021	रु. 64,88,535.00	रु. 46,69,000.00 और रु. 46,69,180.00
4	**आवेदक** 1 श्री देवज्योति ज्योतिषी पिता संतोष कुमार ज्योतिषी फ्लैट नं. बी 303 खुशी रेसीडेंसी मैग्नेटो मॉल के पास तेलीबांधा तहसील, रायपुर-494001 **सह आवेदक** 2 श्री कृष्ण ज्योतिषी पति श्री देवज्योति ज्योतिषी फ्लैट नं. बी 303 खुशी रेसीडेंसी मैग्नेटो मॉल के पास तेलीबांधा तहसील, रायपुर- 494001 पता- एमआईजी बी-5/103 चित्रकोट परिसर हाउसिंग बोर्ड कालोनी कोटा, कबीर नगर रायपुर तहसील+ जिला-रायपुर (छ.ग.) 494001	फ्लैट नं. 501, ब्लाक-बी, पांचवी मंजिल खुशी रेसीडेंसी ख.नं. 577/2, प.ह.नं. 113, मौजा-तेलीबांधा महर्षि वाल्मिकी वार्ड-28, मौजा-तेलीबांधा अवंति विहार, रायपुर, जिला-रायपुर (छ.ग.) **सीमाएं :-** पूर्व-मालती का फ्लैट नं 502, पश्चिम- ओटीएस लिफ्ट, उत्तर- फ्लैट नं. 503 दक्षिण- ओटीएस लिफ्ट	07.10.2021	रु. 26,56,714.00	रु. 37,68,388.00
5	**आवेदक** 1 **देवकुमार सिंह** पिता गंगा प्रसाद सिंह एलआईजी 462 हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार रायपुर- 492015 डॉ. लालवानी मंडी गेट के बाजू पंडरीतराई रायपुर- 492001 2 **श्रीमती गीता सिंह** पति देवकुमार सिंह एलआईजी 462 हाउसिंग बोर्ड कालोनी सेजबहार रायपुर- 492015 पता देवकुमार सिंह पिता गंगा प्रसाद सिंह डॉ. लालवानी मंडी गेट के बाजू पंडरीतराई रायपुर- 492001	दीनदयाल आवास म.नं. एलआईजी-462, प.ह.नं. 119/50, रा.नि.मं. रायपुर-1, निवासी सेजबहार/दतरेंगा, डिवीजन रायपुर तहसील व जिला- रायपुर, क्षेत्रफल 83.62 वर्ग मीटर (899.75 वर्गफीट) **सीमाएं :-** उत्तर- एलआईजी 501, दक्षिण- 24.00 मीटर रोड, पूर्व- एलआईजी 461, पश्चिम- एलआईजी 463	07.10.2021	रु. 7,92,028.00	रु. 11,86,020.00
6	**आवेदक** 1 **श्री राजकुमार पाण्डेय** पिता श्री महेन्द्रनाथ पाण्डेय म.नं. 9/1154 गोंदवारा रोड बी/एच चिरकुटी मंदिर गुलाब नगर, गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.) 492001 **सह आवेदक** 2 **श्री महेन्द्रनाथ पाण्डेय** ख.नं. 376/9 पी.एच. नं. 107 गुढ़ियारी बी/एच चिरकुटी मंदिर गुलाब नगर, गुढ़ियारी रायपुर (छ.ग.) 492001	ख.नं. 376 का भाग, प.ह.नं. 107 गुढ़ियारी वार्ड-09, ठक्कर बापा वार्ड इलाका मौजा गुढ़ियारी, जिला-रायपुर (छ.ग.) पिन- 492001 **सीमाएं :-** उत्तर- विक्रेता की भूमि, दक्षिण-विक्रेता की भूमि पूर्व- रोड, पश्चिम- देवांगन की जमीन	24.04.2021	रु. 7,88,040.00	रु. 12,19,464.00
7	**आवेदक** 1 **दीपक डोंगरे** पिता स्व. धनराज डोंगरे दुर्गा चौरा के पास म.नं. 7/9 वार्ड-47 राजीव गांधी नगर, दुर्गा नाका मंच दुर्ग पिन- 491001 **सह आवेदक** 2 **वैशाली डोंगरे** पति दीपक डोंगरे दुर्गा चौरा के पास म.नं. 7/9 वार्ड-47 राजीव गांधी नगर, दुर्गा नाका मंच दुर्ग पिन- 491001 3 **दिनेश डोंगरे** पिता स्व. धनराज डोंगरे दुर्गा चौरा के पास म.नं. 7/9 वार्ड-47 राजीव गांधी नगर, दुर्गा नाका मंच दुर्ग पिन- 491001 4 **उषा डोंगरे** पति दिनेश डोंगरे दुर्गा चौरा के पास म.नं. 7/9 वार्ड-47 राजीव गांधी नगर, दुर्गा नाका मंच दुर्ग पिन- 491001 5 **धीरज डोंगरे** पिता स्व. धनराज डोंगरे दुर्गा चौरा के पास म.नं. 7/9 वार्ड-47 राजीव गांधी नगर, दुर्गा नाका मंच दुर्ग पिन- 491001 6 **स्वाति डोंगरे** पति दिनेश डोंगरे दुर्गा चौरा के पास म.नं. 7/9 वार्ड-47 राजीव गांधी नगर, दुर्गा नाका मंच दुर्ग पिन- 491001 7 **मेसर्स छाया** पत्नि श्री तुलसीराम दुर्गा चौरा के पास म.नं. 7/9 वार्ड-47 राजीव गांधी नगर, दुर्गा नाका मंच दुर्ग पिन- 491001	भूमि एवं भवन के समस्त भाग प्लाट नं. 29, ख.नं. 550/2, एरिया 1000 वर्गफुट (92.93 वर्गमीटर) मौजा-खास दुर्ग, रविनगर, वार्ड नं. -2, प.ह.नं. 24, रा.नि.मं. दुर्ग-1, तहसील व जिला- दुर्ग (छ.ग.) एक साथ सभी इमारत और उस पर संरचना, फिक्स्चर, फिटिंग और पृथ्वी से जुड़े सभी संयंत्र और मशीनरी या स्थायी रूप से वर्तमान और भविष्य दोनों में पृथ्वी से जुड़ी किसी भी चीज से जुड़ी हुई हैं। **सीमाएं :-** उत्तर- प्लाट नं. 30 और राहुल जैन और नमन जैन की जमीन, दक्षिण- प्लाट नं. 28, पूर्व- 25 फुट रोड पश्चिम- अग्रवाल की जमीन **अथवा** प्लाट नं. 29 को जोड़ने के लिए वह सब ख.नं. 850/2, मौजा- खास दुर्ग रविनगर, वार्ड नं. -2, प.ह.नं. 24, रा.नि.मं. दुर्ग-1, तहसील व जिला- दुर्ग (छ.ग.) एक साथ सभी इमारत और उस पर संरचना, फिक्स्चर, फिटिंग और पृथ्वी से जुड़े सभी संयंत्र और मशीनरी या स्थायी रूप से वर्तमान और भविष्य दोनों में पृथ्वी से जुड़ी किसी भी चीज से जुड़ी हुई हैं।	24.09.2021	रु. 2,16,514.00 और रु. 15,18,763.00	रु. 2,11,165.00 और रु. 14,88,933.00

नोटिस की प्रतिस्थापित तामिल के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। उपरोक्त उधारकर्ताओं और/सह आवेदक (जहां लागू हो) को सलाह दी जाती है कि वे इस नोटिस के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर भविष्य के ब्याज और लागू शुल्क से साथ बकाया राशि का भुगतान करें, जो वित्तीय संपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुर्ननिर्माण व सुरक्षा ब्याज अधिनियम 2002 के प्रवर्तन के अनुसार इस नोटिस की तिथि के 60 दिनों की समाप्ति के बाद लिया जाएगा। कृपया ध्यान दें उक्त अधिनियम की धारा 13(13) के तहत उप-धारा (2) संदर्भित नोटिस की प्राप्ति के बाद कोई भी उधारकर्ता सुरक्षित लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना बिक्री, पट्टे या नोटिस में संदर्भित उसकी किसी भी सुरक्षित संपत्ति के माध्यम से हस्तांतरण नहीं करेगा।

दिनांक : 05/12/2021
स्थान : रायपुर

प्राधिकृत अधिकारी
एक्सिस बैंक लिमि.

सनसाइन इन्फ्राविल्ड लिमिटेड कंपनी के दो संचालकों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

राजनांदगांव। सनसाइन इन्फ्राविल्ड लिमिटेड कंपनी के संचालक सुरेन्द्र सिंह बघेल, धरमसिंह कुशवाहा, मुकेश सिंह, बनवारी लाल बघेल, वकील सिंह, संजीव सिंह, राजवीर सिंह, सभी निवासी भिण्ड मध्यप्रदेश के जिला राजनांदगांव एवं छत्तीसगढ़ के अन्य जिले तथा अन्य प्रांतों में विभिन्न स्कीमो एफ्डी डिपॉजिट आरडी पेंशन प्लान, फिक्स डिपॉजिट लुभावने, तरीको के माध्यम से अत्यधिक लंभाश प्राप्त होने का लालच दिखाकर वर्ष 2010 से 2015 तक कंपनी का संचालन कर 27,730 निवेशकों से रकम 37,48,81,165 रूपये जिला राजनांदगांव के निवेशकों से रकम जमा कराकर कंपनी बंद कर फरार हो गये। उमेन्दचंद देवागंन निवासी ग्राम भेड़ीकला राजनांदगांव की रिपोर्ट पर कंपनी के चेयरमेन डायरेक्टरों के विरूद्ध थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव में धारा 420, 409, 34 एवं 3,4 इनामी चिंटफंड स्कीम योजना निष्क्षेपों के हितों के सरक्षण अधिनियम धारा 10 का अपराध पंजीबद्ध किया जाकर चिंटफंड कंपनियों के आरोपियों के पता तलाश के दौरान कंपनी के डायरेक्टर सुरेन्द्र सिंह बघेल पिता पुत्तु सिंह बघेल निवासी विनोद नगर वार्ड नंबर 26 गली नंबर 3 थाना सिटी कोतवाली जिला भिण्ड मध्यप्रदेश, धरम सिह कुशवाहा पिता रामरतन सिंह निवासी एमजेएस कालेज रोड भवानी पुरा वार्ड नंबर 26 थाना सिटी कोतवाली जिला भिण्ड मध्यप्रदेश का पतातलाश करते रहे।

आगामी दो माह तक धारा 144 लागू

बेमेतरा/नवप्रदेश। जिला मजिस्ट्रेट विलास भोसकर संदीपान ने एक आदेश जारी कर संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में शांति, विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखने हेतु आगामी दो माह तक धारा 144 लागू किया गया है। उपरोक्तानुसार छत्तीसगढ़ राज्य अंतर्गत जिला बेमेतरा के संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि में विभिन्न विभाग यथा-खाद्य शाखा, आदिवासी विकास विभाग, कृषि विभाग, आबकारी विभाग, खनिज विभाग आदि संचालित है जहां दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं महिलाओं का आवागमन रहता है। संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में जुलूस, धरना एवं प्रदर्शन होने से दिव्यांगजन, वृद्धजन एवं महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है तथा शासकीय कार्य प्रभावित होता है। अतएव संयुक्त जिला कार्यालय परिसर के 100 मीटर की परिधि के आसपास शांति, विधि व्यवस्था एवं सुरक्षा बनाए रखना आवश्यक है, ताकि शासकीय कार्य सुगमता से सम्पन्न कराया जा सके। यह संवेदनशील क्षेत्र है अतः यह आवश्यक है कि उपरोक्त क्षेत्र के आसपास लोक शांति बनाए रखने हेतु प्रतिबंधात्मक आदेश प्रसारित कर जुलूस, धरना, सभा एवं प्रदर्शन आदि आयोजन को रोका जाना आवश्यक है। पर्याप्त साक्ष्यों के आधार पर स्थिति की गंभीरता को देखते हुए इस आदेश से प्रभावित होने वाले व्यक्तियों को सूचना की तामीली एवं सूने जाने हेतु पर्याप्त समय न होने के कारण एकपक्षीय रूप से यह आदेश पारित किया जा रहा है।

छग की लोक संस्कृति को मिला दिल्ली में पुरस्कार

गंडई-पंडरिया/नवप्रदेश। भारत सरकार संस्कृति मंत्रालय की संस्कृति विषयक मौलिक हिन्दी पुस्तक लेखन पुरस्कार योजना के अंतर्गत साहित्यकारों से प्रविष्टियाँ आमंत्रित की गई थीं जिसमें वर्ष 2020 के लिए छत्तीसगढ़ के सुपरिचित साहित्यकार व संस्कृति कर्मी डॉ. पीसी लाल यादव की पुस्तक छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति को चयन समिति द्वारा मानक के अनुरूप चयनित किये जाने पर से पुरस्कृत किया गया। विगत 2 दिसंबर को केन्द्रीय ग्रन्थालय के सभागार में आयोजित एक गरिमामय समारोह में केन्द्रीय राज्य मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति के लेखक डॉ. पीसी लाल यादव को पुरस्कार राशि, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिह्न देकर पुरस्कृत किया।

टीकाकरण को लेकर जागरूकता रथ हुआ रवाना

भाटापारा/नवप्रदेश। 8 दिसंबर को आयोजित टीकाकरण अभियान को सफल बनाने के लिए कांग्रेस नेता सुनील महेश्वरी द्वारा भाटापारा कार्यालय से जागरूकता रथ रवाना किया गया। जागरूकता रथ को लवीना पांडे एसडीएम भाटापारा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष विनोद अग्रवाल, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सुनील गुप्ता एवं जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष गौरी भृगु ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर श्री माहेश्वरी ने कहा कि शत प्रतिशत टीकाकरण का लक्ष्य लेकर जिला प्रशासन ने जो अभियान चलाया है उसमें सभी जनप्रतिनिधियों , पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों को बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। जिले में 8 दिसंबर को 1 लाख टीकाकरण का लक्ष्य है जिसे हमें पार करना है। 8 दिसम्बर को हम सभी अपने अपने वार्ड , अपने अपने ग्राम में पूरा दिन समय देकर हर घर दस्तक देना है। हमें टीकाकरण करने वाले टीम का सहयोग करना है तथा टीका लगाने के लिए प्रेरित एवं जागरूक करना है। टीकाकरण के लिए रवाना किए गए जागरूकता रथ ब्लॉक के सभी ग्रामों एवं शहर के सभी वार्डों तक पहुंच कर प्रचार प्रसार करेगी।

स्व सहायता समूह को मोहरा बना कर ठेकेदार को सौंप दिया काम

■ **कर्ज में योजना पर वाहवाही बटोर रहे अधिकारी**

कोंडागांव/नवप्रदेश। उड़ान विहान के तहत जिले में कई महिला स्व सहायता समूह संचालित कराए जा रहे। वहीं शासन के कुछ बड़े प्रोजेक्ट में कार्य कर रही स्व सहायता समूह अधिकारियों के गलत नीति के चलते अब कर्ज में डूब रही है, लेकिन अधिकारी अपनी गलतियों को छिपा कर्ज में डूब रही समूहों को भी सफलत बता वाहवाही लूटने में लगे हैं। रूर्बन मिशन के तहत कुकाडगारकापाल में अंडा उत्पादन हेतु सेटअप लगाया गया है। उक्त तीन सेट पर 5200 मुर्गियां पाली जा रही हैं। स्व सहायता समूहों को आगे कर एक पोल्ट्री फार्म को काम दे दिया गया था जिसकी देखरेख और मुर्गियों को दवा देने का पूरा काम 98 लाख में रूर्बन मिशन ने कोटेशन के आधार पर कृष्णा पोल्ट्री फॉर्म से करवाया जा रहा है जबकि यह काम समूह को देना था।

समूह की महिलाएं मजदूर बनी

जिस समूह को अधिकारी उक्त पोल्ट्री फार्म को सफल बता रहे है वो 24 हजार महीने के घाटे में चल रही है। उक्त पोल्ट्री से 3000 अंडे प्रति दिन उत्पादित किया जा रहा है। पोल्ट्री को 10 महिलाओं की 03 समूह जिनमें जय मां दंतेश्वरी, जय माँ बमलेश्वरी और जय मां शीतला स्व सहायता समूह के तहत 32 महिलाएं सम्हालती हैं। वहीं उक्त कार्य के बदले प्रतिदिन कार्य के बदले रोजी 200 के हिसाब से प्रतिदिन 6400 रुपए समूह की महिलाओं को विहान उड़ान के माध्यम से दिया जा रहा है।

ठेकेदार को लाभ पहुंचाने लाखों का सेटअप बर्बाद

अधिकारी समूह की सफलता का गुणगान करते नहीं थकते व केवल ठेकेदार को लाभ पहुंचाने के लिए लाखों का सेटअप बर्बाद कर दिया गया। अब समूहों की महिलाओं ने मुर्गियों के लिये ठेकेदार व अधिकारियों द्वारा दाना भी कम देने का आरोप लगाया है। उक्त पोल्ट्री फार्म में 2 दिनों पूर्व 75 मुर्गियां भी मृत पाई गई थी जिस पर मामले की जांच जारी है। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के डीडीएम विनय सिंह ने जानकारी लेने पर बताया की उक्त कार्य उड़ान को मिला है उड़ान के माध्यम से ही समूह की महिलाओं को मजदूरी भुगतान 200 कि दर से किया जा रहा है। ठेकेदार को पोल्ट्री फॉर्म सेटअप व वैक्सीनेशन, दाना मुहैया का अनुबंध किया गया है जो कार्य ठेकेदार के माध्यम से करवाया जा रहा है।

24 लाख की घाटे में चल रही महिलाएं

मुर्गी दाना का खपत 6 क्विंटल प्रतिदिन है। मुर्गी दाना की कीमत प्रति किलो 28 रुपए के मान से 16800 प्रतिदिन खर्च है। वहीं अंडे के ट्रांसपोटिंग के लिए 1 गाड़ी का हजार के मान से 2 गाड़ी का 2000 खर्च किया जा रहा है। कुल खर्च को जोड़ दिया जाए तो 25,200 प्रतिदिन का खर्च है। वहीं आवक की बात करें तो उक्त पोल्ट्री से 3000 अंडों उत्पादित किये जा रहे है जिनको 6 रुपए की दर से महिला बाल विकास की आंगनबाड़ियों को दिया जा रहा है जिसका कुल आवक 18000 रुपये प्रतिदिन की आवक है। खर्च समूहों का प्रति दिन 25200 व आवक18000 है जिसके चलते उक्त स्वसहायता समूहों के माध्यम से संचालित पोल्ट्री फार्म अनुमानित 7200 रुपए प्रतिदिन के नुकसान में है। उक्त पोल्ट्री फार्म लगभग अनुमानित 25 लाख 92 हजार रुपए के घाटे में समूह जा चुकी होगी।

छत्तीसगढ़ में मुआवजा माफिया का राज सीएम सचिवालय से भी जुड़े हैं तार : भाजपा

प्रशासनिक अधिकारियों पर गंभीर आरोप, महज अभनपुर तहसील में ही करोड़ों की बंदरबाट

■ **राज्यपाल को दस्तावेजों के साथ ज्ञापन की तैयारी, केन्द्रीय परिवहन मंत्री से भी शिकायत की बात**

रायपुर (नवप्रदेश)। छत्तीसगढ़ में मुआवजा माफिया सुनियोजित तरीके से काम कर रहा है। भारतमाला परियोजना में मुआवजे के नाम पर

प्रशासनिक अधिकारी करोड़ों की बंदरबांट कर रहे हैं। यह बिना किसी राजनैतिक संरक्षण के संभव नहीं है। अकेले अभनपुर तहसील में ही 330 करोड़ का घोटाला संभावित है। ऐसे में इस परियोजना में प्रदेश के दस जिलों में बहुत बड़े मुआवजा घोटाले से इनकार नहीं किया जा सकता है। इस आशय के गंभीर आरोप पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू ने शनिवार दोपहर एकात्म परिसर में आयोजित एक प्रेसवार्ता में लगाए।

साहू ने कहा कि इस मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी जल्द ही प्रमाणिक दस्तावेजों के साथ राज्यपाल को ज्ञापन सौंपेगी। साथ ही केन्द्रीय परिवहन मंत्री नितिन गड़करी से भी मुलाकात कर उन्हें इसकी जानकारी दी जाएगी। इसके साथ ही पूर्व कृषि मंत्री ने इस पूरे मामले में सीएम सचिवालय की भूमिका पर भी सवाल खड़े करते हुए कहा इस मामले को लेकर वे न केवल प्रदेश के मुख्य सचिव अपितु राजस्व मंत्री को भी ज्ञापन दे चुके हैं। बावजूद इसके मुआवजा माफिया के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई है। इसके विपरीत यह खेल बदस्तूर जारी है। ऐसा

बिना किसी राजनैतिक संरक्षण के संभव नहीं है। इस स्थिति में केन्द्र सरकार के पैसों में करोड़ों के मुआवजा घोटाले की जांच किसी केन्द्रीय जांच एजेंसी से होनी चाहिए।

उन्होंने बताया कि भारतमाला सड़क निर्माण और रायपुर- विशाखापत्तनम कॉरिडोर निर्माण के लिए भू-अर्जन और मुआवजा वितरण में नियमों को ताक पर रखकर पुरानी तारीखों पर ही जमीन का बटांकन एवं नामांतरण की कार्यवाही की गई है। इस तरह कुछ चिन्हित हितग्राहियों को अधिक मुआवजा दिलवाया गया। इसे इस तरह से समझ सकते हैं कि नियमों की पेचीदगी का लाभ उठाते हुए 18 गुना तक मुआवजा बढ़ाया गया। उस पर भी हितग्राही को एक निश्चित रकम देने के बाद शेष रकम प्रशासनिक अधिकारियों ने नीचे से ऊपर तक बांट दी। इस कृत्य को अंजाम देने के लिए दूसरे जिलों में बैंक खाते खुलवाए गए। इस तरह के प्रयासों से प्रभावित एक दो नहीं 20 से अधिक किसान व लोग उनके संपर्क में हैं। हैरत की बात यह भी है कि घांस भूमि का भी मुआवजा बांट दिया गया। दस्तावेजों को सार्वजनिक करने के सवाल पर चंद्रशेखर साहू ने कहा कि राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने के बाद ही यह सार्वजनिक किए जाएंगे। इससे पहले ऐसा करने से संबंधित मामला प्रभावित हो सकता है।

भाजपा नेता गौरीशंकर श्रीवास ने बताया कि अकेले अभनपुर तहसील में ही लगभग 600 करोड़ राशि वितरित किया गया है। मुआवजा वितरण हितग्राहियों से बिना कमीशन नहीं किया जा रहा है। ऐसे में जमीन की हेराफेरी एवं रिकार्ड को परिवर्तित कर जनता एवं केन्द्र सरकार के लगभग 1 हजार करोड़ से अधिक का घोटाला संभावित है। भविष्य में रायपुर जिला सहित अन्य जिलों में ऐसे प्रकरण पाये जा सकते है। विदित हो कि केन्द्र सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना के तहत 2 हजार करोड़ से भी अधिक राशि मुआवजा के लिए स्वीकृत की गई। है।

घोटाले की बात भाजपा का दिमागी फितूर - कांग्रेस

रायपुर। भारतीय जनता पार्टी के नेता पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू द्वारा भारत माला परियोजना के तहत दुर्ग, रायपुर बाईपास और रायपुर विशाखापट्नम नेशनल हाईवे के भूअर्जन के मामले में घोटाले के आरोपो को प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने मनगढ़ंत और झूठा बताते हुये कहा कि इन दोंनो सड़क परियोजनाओं की स्वीकृति तत्कालीन भाजपा की रमन सरकार के समय हुआ था। इसका प्रारंभिक प्रकाशन भी 2018 में हुआ था। उस समय भी भाजपा की रमन सरकार थी। प्रारंभिक प्रकाशन के पश्चात भूस्वामी के नाम तथा भूमि के स्टेटस में किसी भी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया गया। किसी के परिवारिक बंटवारे फौती आदि की स्थिति को छोड़कर। मुआवजा प्रकरण में भाजपा नेता जो आरोप लगा रहे है। उसमें तनिक भी सच्चाई है तो इस गड़बड़ी और घोटाले के लिये जवाबदार भाजपा की रमन सरकार है। कांग्रेस सरकार ने उन्हीं 1600 प्रभावितो की जमीनों का अधिग्रहण किया। जिनका प्रारंभिक सर्वे और प्रकाशन रमन सरकार ने किया था। कांग्रेस सरकार ने भूअधिग्रहण कानून 2013 के तहत प्रभावितो को मुआवजा वर्तमान बाजार दर के चार गुना निर्धारित कर भुगतान करवाया। किसानों को पूरी कीमत क्यों मिली भाजपा को यही पीड़ा है। अभी तक 358 करोड़ का मुआवजा बांटा गया है। भाजपा को 358 करोड़ में 1000 करोड़ का घोटाला दिख रहा है।

बाहरी की नियुक्ति, स्थानीय की उपेक्षा कब तक छले जाएंगे स्थानीय बेरोजगार!

कांकेर/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग अपने नए-नए कारनामों के कारण सुर्खियों में रहता है। तत्कालीन भाजपा सरकार के समय अतिथि शिक्षक की भर्ती कर स्थानीय बेरोजगारों की नियुक्ति की गई थी। शासन के निर्देशानुसार अतिथि शिक्षक भर्ती में स्थानीय को लिए जाने का स्पष्ट निर्देश था। समय का चक्र ही कहे कि अधिकांश अतिथि शिक्षकों को बाहर कर दिया गया है। अतिथि शिक्षक लगातार शिक्षा विभाग के चक्कर काटकर वापसी की गुहार लगा रहे। अभी हाल ही में जिला शिक्षा विभाग के नव नियुक्त कप्तान ने नियमों को ताक में रखकर बालोद जिले कि एक महिला अतिथि शिक्षक की नियुक्ति कर दी है। जबकि पुराने अतिथि शिक्षक वापसी को लेकर शिक्षा विभाग के दफ्तर के चक्कर पर चक्कर लगाकर न्याय की गुहार लगा रहे। जब बाहरी जिले की भर्ती व पात्रता नहीं रखने वालों की नियुक्ति किए जाने से स्थानीय बेरोजगारों की उपेक्षा साफ देखी जा सकती है। जबकि जिले के शिक्षक अपनी नियुक्ति को लेकर अफसरों की बांट जोहते नजर आ रहे।

स्थानीय की उपेक्षा सवालों के घेरे में

हर मां बाप का सपना होता है कि अपने बच्चों को पढ़ा लिखाकर सरकारी नौकरी कराए। इधर पढ़े लिखे बेरोजगार युवकों को नौकरी के नाम पर महज छला जा रहा है। बालोद जिले की महिला किरण तिवारी का अंग्रेजी विषय मे जिला शिक्षा विभाग के नवनियुक्त अधिकारी आरपी मिरे ने नियमों के विपरीत उनकी पदस्थापना कोयलीबेड़ा ब्लॉक में कर दी गई है। इस नियुक्ति से एक तरफपूर्व अतिथि शिक्षक नियुक्ति की बांट जोह रहे और अपनी नियुक्ति को लेकर अफसरों के दफ्तर के चक्कर काटने मजबूर दिखाई दे रहे है।

पनप रहा आक्रोश

बता दे कि जिले के स्थानीय अतिथि शिक्षक अपनी नियुक्ति को लेकर भटक रहे है। इधर बाहरी जिले से अतिथि शिक्षक की भर्ती लेकर नियमों की धज्जियां उड़ाकर स्थानीय बेरोजगारों के साथ छलावा किया जा रहा है। इस प्रकार बाहरी जिले की वह भी बिना पात्रता के शिक्षा विभाग में भर्ती के बाद स्थानीय अतिथि शिक्षकों में जमकर आक्रोश पनप रहा है।

जेल की दीवार फांदकर दुष्कर्म का आरोपित फरार

पहले भी भाग चुके हैं कैदी

देवरी जेल से भागने की यह दूसरी घटना है। इसके पहले वर्ष 2019 में इसी जेल से चार कैदी फरार हो गए थे जिनमें तीन कैदियों को पकड़ने में सफलता मिली थी। चौथा कैदी आज तक पुलिस गिरफ्त से बाहर है। पिछली घटनाओं से सबक लेकर प्रशासन व्यवस्था दुरूस्त करता तो घटना की पुनरावृत्ति नहीं होती। घटना के समय ड्यूटी में तैनात सुरक्षा प्रहरियों से कितनी बड़ी चूक कैसे हुई यह जांच का विषय है। लेकिन जेल से कैदियों का भागने का सिलसिला थम नहीं रहा है जो कि प्रशासन के लिए सवालिया निशान लगा रहा है और संशाधनों के आभाव में जिला जेल में घटनाओं की पुनरावृत्ति हो रही है।

मुंगेली/नवप्रदेश। जिला उप जेल से दुष्कर्म के मामले में बंद आरोपित दीवार लांघ कर फरार हो गया है। इस घटना के बाद उपजेल में हड़कंप मच गया। जानकारी मिलते ही जेल प्रशासन ने इसकी शिकायत थाने में की। जिस पर फरार आरोपी को पकड़ने का प्रयास किया गया लेकिन सफलता नहीं मिल पायी। घटना जिला जेल देवरी की है जहां लोरमी खुड़िया क्षेत्र के निवासखार चौकी का निवासी 27 वर्षीय आरोपी राजेश उईके लगभग पिछले 04 माह से धारा 363, 366, 376 के तहत जिला जेल देवरी में बंद था। शुक्रवार को दिनदहाड़े लगभग 3 बजे राजेश उईके बाथरूम के रास्ते से दीवार फांदकर फरार हो गया। इसकी जानकारी जेल प्रबंधन को गणना के दौरान लगी। जिस पर फरार आरोपी की तलाश में जेल प्रबंधन के स्टॉफ निकले। हालांकि उसे पकड़ पाने में सफलता नहीं मिली। मामले की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने फरार आरोपी के खिलाफ मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है और आरोपियों को पकड़ने के लिए पतासाजी की जा रही हैं।

हिन्दू शौर्य जागरण संकल्प महासभा आयोजन के लिए प्रशासन ने दी अनुमति

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश विश्व हिन्दू परिषद के आव्हान पर स्थानीय करपात्री स्टेडियम में होने वाले हिन्दू शौर्य जागरण संकल्प महासभा के आयोजन के लिए प्रशासन ने अनुमति दे दी है। कार्यक्रम में पूरे प्रदेश भर से लोगों की आने की संभावना को देखते हुए समस्त प्रकार के व्यवस्थाओं को लेकर आयोजकों ने तैयारी शुरू कर दी है। स्थानीय करपात्री स्टेडियम में मंच निर्माण का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया है साथ ही बिलासपुर रोड, रायपुर एवं राजनांदगांव रोड से में पार्किंग की व्यवस्था शहर के अंदर पीजी कॉलेज मैदान में पार्किंग की व्यवस्था हेतु स्थान चिन्हांकित करने का काम किया गया है। सभी मार्गों में पैदल आने जाने वालों के लिए पानी व मैदान के भीतर आपात चिकित्सा की व्यवस्था पर

भी कार्य किया जा रहा। कार्यक्रम में महामंडलेश्वर स्वामी हरिहरानंद सरस्वती, आचार्य राजीव लोचन महाराज, श्री राम बालकदास महात्यागी सहित अन्य संतों का उद्बोधन होगा। कार्यक्रम में कवर्धा शहर से अधिक से अधिक लोगों की उपस्थिति हो इसके लिए नगर के सभी वार्डो में रामनाम संकीर्तन कर विश्व हिन्दू परिषद के कार्यकर्ता घर-घर जाकर आमंत्रण दे रहे जिसमें बाहर से आये अनेक संत संकीर्तन में शामिल हो रहे। पूरे जिले भर के सभी मंडलों में बाइक रैली, स्कूटी रैली, डोर टू डोर सम्पर्क कर माहौल बनाया जा रहा है। कार्यक्रम में विश्व हिंदू परिषद के प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारियों की आने की भी संभावना है।

अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

रायपुर। अंतरराष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस के उपलक्ष्य में महिलाओं के जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन ग्राम टेकरी जिला रायपुर में किया गया, जिसमें सखी वन स्टाप सेंटर में दी जाने वाली सहायक एवं कानूनी जानकारी तथा महिला हेल्प लाइन 181 एवं घरेलू हिंसा , कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, दहेज प्रताड़ना, बाल विवाह, की जानकारी दी गई, साथ ही सखी सेंटर में मिलने वाली पांच निःशुल्क सुविधाओं के बारे में जानकारी दी गई, आश्रम, परामर्श, पुलिस, विधिक सेवा निःशुल्क अधिवक्ता, चिकित्सा सुविधा की जानकारी देते हुए यह भी बताया गया, यह सभी वर्ग की महिलाओ हो सहायता दी जाती है ढ्ढ जरूरतमंदो को पांच दिन का अस्थाई आश्रेय दिया जाता है ढ्ढ इस दौरान सखी वन स्टाप सेंटर की केंद्र प्रशासक प्रीति पांडेय, एकता भादौरिया, सपोर्ट स्टाफ महेश्वरी दुबे, नगर सैनिक लीलेशवरी चंद्राकर, रूपेश देवांगन उपस्थित थे।

ठेकेदारों की आपसी प्रतिस्पर्धा में पिपरा रेत खदान आगामी आदेश तक बंद

बैकुंठपुर/नवप्रदेश। कोरिया जिले के बैकुंठपुर ब्लॉक अंतर्गत पटना क्षेत्र के ग्राम पिपरा स्थित रेत खदान को जिला खनिज विभाग ने कुछ समय के लिये बंद रखने का निर्देश संबंधित ठेकेदार को दिया है। अब आगामी आदेश तक रेत उत्खनन व रेत परिवहन नहीं होगा। बता दें कि पिपरा रेत खदान कोरिया जिले कि उन रेत खदानों में से एक थी जहां सबसे ज्यादा जन आक्रोश उपज रहा था और रेत मूल्य सहित रेत ठेकेदार व उसके गुर्गों की सबसे ज्यादा मनमानी चलती थी। इस खदान की शिकायत आम लोगों, विपक्षी दलों सहित सत्ताधारी दल के द्वारा भी लगातार की जा रही थी। फिर भी कार्यवाही नहीं हो रही थी। वहीं ठेकेदार द्वारा दूसरे व्यक्ति को संचालन पर देने की शिकायत खनिज विभाग को मिली तो तत्काल नोटिस जारी कर खदान से रेत उत्खनन व परिवहन पर प्रतिबंध लगाने का आदेश जारी कर दिया गया। खनिज विभाग द्वारा रेत खदान को बंद करने के पीछे युवक कांग्रेस द्वारा प्रस्तुत शिकायत को कारण बताया गया है। बकायदा पत्र में इस बात का भी उल्लेख किया गया है कि युवक कांग्रेस द्वारा रेत खदान में जारी मनमानी की जांच की गई और जांच में शिकायत सही पाए जाने पर ही यह कार्यवाही की गई। जबकि सूत्रों की माने तो रेत

खदान का बंद होना ठेकेदारों की आपसी प्रतिस्पर्धी की वजह से की गई। पूरे मामले में ठेकेदार के इशारे पर केवल उनके ही फायदे के लिए ऐसा आदेश जारी करने की बात कही जा रही है। पिपरा रेत खदान फिलहाल मनेन्द्रगढ़ निवासी व्यक्ति के पास मुख्यतियार आम के आधार पर थी और मुख्य लीज धारक से लेनदेन का विवाद होने पर मुख्य लीज धारक ने खदान दूसरे व्यक्ति को हस्तांतरित करने नया मुख्यतियार आम घोषित कर दिया था और ऐसे में वर्तमान में रेत खदान का संचालन कर रहे मनेन्द्रगढ़ निवासी पूर्व मुख्यतियार आम को यह बात सही नहीं लगी और उसने जिला खनिज विभाग से मिलीभगत कर युवक कांग्रेस द्वारा प्रस्तुत माह भर पहले की शिकायत जिसमें रेत मूल्यों और रेत ठेकेदार की मनमानी की शिकायत थी को आधार बनाया और युवक कांग्रेस को श्रेय देने के बहाने पूर्व रेत खदान संचालक की मनचाही इच्छा पूरी कर दी। कुल मिलाकर रेत खदान को बंद करने का निर्णय केवल रेत ठेकेदारों की आपसी लेनदेन में विवाद की वजह से लिया गया है।

दो घंटे में पकड़े गए गोदाम से बारदाना चोरी करने वाले 3 चोर

सूरजपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर के शिवप्रसादनगर में अज्ञात चोरों ने बार दाने के गोदाम का ताला तोड़कर बारदाना की चोरी कर लिया था लेकिन पुलिस व प्रशासन की मुस्तैदी के आगे चोरों की सक्रियता भी धरी की धरी रह गई लिहाजा 2 घंटों के भीतर ही पुलिस की टीम ने ग्राम सोनपुर के 3 चोरों को धर दबोचा और उनके पास से 224 बारदाना जब्त कर लिया। दरअसल आज सुबह जानकारी मिली थी कि शिवप्रसादनगर के सोनपुर स्थित बार दाने के गोदाम का ताला टूटा

हुआ है जहां से अज्ञात चोरों ने बारदाना चोरी कर ले गए थे मामले की जानकारी लगते ही सूरजपुर कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक ने चौकी प्रभारी बसदेई, एसडीएम व तहसीलदार को तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे लिहाजा पुलिस और प्रशासन के हौसले के आगे चोरों की चालांकि धरी की धरी रह गई।